सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-26 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 13 जुलाई 2025
17 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# मोदी ने सौंपे 51,000 नियुक्ति पत्र

## बोले- विकसित भारत के सिपाही बनेंगे युवा

- 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर लाए
- भारत की जनसांख्यिकी-लोकतंत्र की ताकत को मिली पहचान



### 11 वर्षों में 5 गुना से ज्यादा बढ़ा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण

मोदी ने कहा कि 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पांच गुना से अधिक बढ़ गया है और मोबाइल विनिर्माण इकाइयों की संख्या पूर्व में दो से चार की तुलना में बढ़कर 300 हो गई है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान दिखाई गई भारत की सैन्य क्षमता का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद रक्षा विनिर्माण पर गर्व से चर्चा हो रही है।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को लेकर अपनी सरकार की योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। मोदी ने 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक घर बनाना, 10 करोड़ से ज्यादा एलपीजी के नए कनेक्शन वितरित करना या घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना जैसी उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का जिक्र करते हुए कहा कि अगर रोजगार और आय के स्रोत नहीं होते तो ऐसा नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि इन गरीब लोगों का जीवन पहले बेहद कठिन था और उन्हें मौत का डर सताता था लेकिन वे अब इतने सशक्त हो गए हैं कि उन्होंने गरीबी को हरा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विनिर्माण को बढ़ावा देने पर उनकी सरकार का ध्यान रंग लाया है।

मोदी ने अपने हालिया पांच देशों के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि अब पूरी दुनिया भारत की जनसांख्यिकी और लोकतंत्र की ताकत को पहचान रही है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी पूंजी और देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। सरकार के रोजगार मेले के तहत नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। एक बयान के मुताबिक, रोजगार मेला युवाओं के सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रोजगार मेलों में अब तक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

# नस्लों पर ध्यान न देने से कसाईखाने जाते थे पशु

- सीएम योगी बोले यूपी आज दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। किसानों की समृद्धि में पशुधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अन्नदाता किसान के घर में पशुधन होगा और पशुपालक भी खेतीबाड़ी से अवश्य जुड़ा होगा। इनके संबंध को ध्यान में रखते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए उठाए गए कदम महत्वपूर्ण व सराहनीय हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला का शुभारंभ किया। साथ ही गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान तथा पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत यूपी में तीन प्रोजेक्ट (अमेठी, बरेली व मथुरा) का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि पीएम की प्रेरणा से यूपी में भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ यूपी ने लिया है। इससे यूपी आज दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में हम लोगों के सामने बहुत चुनौती थी। समय के अनुरूप पशुधन की नस्लों में सुधार नहीं हुए। इसके परिणाम स्वरूप बड़े पैमाने पर पशुधन सड़क, खेतों, कसाईखानों में जाते थे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से आस्था से खिलवाड़, किसानों के खेत में परेशानी और सड़क पर दुर्घटनाएं भी होती थीं। 2017 में निराश्रित गोआश्रय स्थल की कार्ययोजना बनाई और 2018 में उसे लागू किया। आज 14 लाख से अधिक गोवंशों की देखभाल सरकार की गोशालाओं या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पशुपालकों द्वारा की जा रही है। सीएम ने आश्वस्त किया कि पशुधन को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) मुक्त बनाकर पशुपालकों के जीवन में खुशहाली लाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में केन्द्रीय पंचायतीराज तथा मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, अरुणाचल प्रदेश के पशुपालन मंत्री गेब्रियल डी वांगसु, प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धनराशि प्राप्त करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया।

# मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज

- गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार मिशन एबॉर्ट परीक्षण सफल



### सिस्टम को परखने के लिए मॉडल तैयार

सिस्टम में दो खास तरह के इंजन काम करते हैं - लिक्विड एपोजी मोटर रॉकेट को उसकी सही कक्षा में लाने और फिर धीरे-धीरे नीचे लाने में मदद करते हैं। रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम रॉकेट की दिशा को बहुत सटीक तरीके से नियंत्रित करता है। इसरो ने बताया कि एसएमपीएस को अच्छे से परखने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया, जिसे सिस्टम डेमोंस्ट्रेशन मॉडल कहा जाता है। इस मॉडल में वह सभी हिस्से शामिल थे जो असली सिस्टम में भी होंगे।

**बंगलूरू।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि उसने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही इस सिस्टम के सभी जरूरी परीक्षण भी पूरे कर लिए गए हैं। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकंड (करीब 6 मिनट) तक एक बड़ा परीक्षण किया गया। मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े (जिसे मिशन एबॉर्ट कहा जाता है), तो यह सिस्टम सही तरीके से काम करता है या नहीं।

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिस पर काम किया जा रहा है। इसरो ने एक बयान में कहा कि हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। इसरो के मुताबिक, गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है।

# द्रौपदी मुर्मू ने देखी फिल्म तन्वी द ग्रेट राष्ट्रपति भवन में हुई स्पेशल स्क्रीनिंग

- हमारे लिये गर्व का पल : अनुपम खेर



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिये गर्व का पल है। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिंग राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। अनुपम खेर ने फिल्म तन्वी द ग्रेट का निर्देशन करने के अलावा इसमें अभिनय भी किया है।

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्पेशल स्क्रीनिंग की फोटोज शेयर कीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए गर्व का सबसे बड़ा पल था कि देश की राष्ट्रपति और भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर ने हमारी फिल्म देखी और अंत में उसकी सराहना की। यह एक सपना सच होने जैसा था। एक निर्देशक के तौर पर देश के सबसे बड़े पद से ऐसा समर्थन मिलना मेरे लिए सच में कुछ भी हो सकता है वाला पल है। बोमन ईरानी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'तन्वी द ग्रेट' की टीम के लिए एक गर्वभरा और विनम्र करने वाला लम्हा जब देश की राष्ट्रपति ने हमारी फिल्म देखी और तारीफ़ की। ये बहुत ही खास और दुर्लभ मौका था, ऐसा मौका जो याद दिलाता है कि हम ये सब क्यों करते हैं।

# विपक्ष कर रहा तेवर दिखाने की तैयारी

**संसद का मानसून सत्र**



**नई दिल्ली।** संसद के 21 जुलाई से 21 अगस्त तक मानसून सत्र को बुलाने के प्रस्ताव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे सरकार को भरपूर तेवर दिखाने के लिए तैयार हैं। राहुल गांधी पहले ही आपरेशन सिंदूर के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरेंडर बता चुके हैं। ऐसे में सदन का सत्र हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं।

संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने भी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद के मानसून सत्र की जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर बताया कि स्वतंत्रता दिवस के कारण 13 और 14 अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी। 15 अगस्त को राष्ट्र स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। मानसून सत्र के बाबत एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री का कहना है कि विपक्ष हमेशा सरकार को नीचा दिखाने का मौका ढूंढता रहता है। जनता भी इसे समझती है। इसलिए विपक्ष के नकारात्मक मंसूबे जनता के बीच में सफल नहीं हो पाते।

संसद के मानसून सत्र में सबसे ज्वलंत मुद्दा आपरेशन सिंदूर रहने वाला है। इसके लेकर विपक्ष के कई नेताओं ने सरकार को घेरने का मन बनाया है। विपक्ष के एक पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संसद की बात हम सड़क पर नहीं कर सकते, लेकिन जो जानता को और देश को जानना चाहिए, वह सवाल तो सरकार से पूछेंगे। विपक्ष का काम ही सवाल पूछना है।

### अहमदाबाद विमान हादसा बनेगा बड़ा मुद्दा

कांग्रेस पार्टी के पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे और उसकी मीडिया में आ रही जांच रिपोर्ट को कठघरे में खड़ा किया है। पूर्व मंत्री का कहना है कि यह हादसा बड़ा मुद्दा है। हमारे 260 से अधिक लोग इसमें मारे गए हैं। इसकी जांच रिपोर्ट को लेकर कई सवाल हैं। सरकार को इस हादसे के बारे में सदन को बताना होगा। संसद सत्र में ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ सरकार महाभियोग प्रस्ताव ला सकती है।

# कपिल शर्मा को अब खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने दी धमकी

- कनाडा तुम्हारा खेल का मैदान नहीं, कहा- कैफे हिन्दुत्व फैलाने की साजिश



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर फायरिंग के मामले में कनाडा पुलिस जांच कर रही है। शुरुआती जांच में खालिस्तानी समर्थक के शामिल होने की आशंका जताई गई है। इस बीच खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा वीडियो जारी किया है।

पन्नू ने वीडियो मैसेज जारी कर कहा, कनाडा तुम्हारा खेल का मैदान नहीं है। अपनी खून की कमाई वापस हिन्दुस्तान ले जाओ। उसने कपिल शर्मा पर हिन्दुत्व विचारधारा फैलाने का आरोप लगाया।

पन्नू ने कहा कि कनाडा इस तरह की सोच को अपने देश में बढ़ने नहीं देगा। उसने यह भी पूछा कि क्या कैप्स कैफे कॉमेडी का अड्डा है या हिन्दुत्व फैलाने की साजिश का हिस्सा?

कपिल शर्मा ने 4 जुलाई को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में अपना कैफे खोला था। 10 जुलाई की रात अज्ञात लोगों ने इस कैफे पर फायरिंग की। इस हमले की जिम्मेदारी हरजीत सिंह लाडी और तूफान सिंह ने ली है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े हैं। बीकेआई को कनाडा सरकार ने भी आतंकी संगठन माना है और हरजीत सिंह लाडी भारत की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की मोस्ट वांटेड लिस्ट में भी शामिल है। गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत सरकार ने 2019 में व्यक्तिगत आतंकवादी घोषित कर दिया था। उसका संगठन बीकेआई भारत में प्रतिबंधित है और बैन किया गया है। सरकार का कहना है कि बीकेआई भारत की अखंडता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है और कई उग्रवादी संगठनों से जुड़ा हुआ है और भारत में अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देता है। भारत में पन्नू के खिलाफ 104 केस दर्ज हैं, जिनमें से कई मामलों की जांच हृद्ध और संबंधित राज्यों द्वारा की जा रही है। एनआईए के अनुसार, पन्नू का मकसद भारत सरकार को अस्थिर करना है।

# न्यायिक व्यवस्था को ठीक करने की जरूरत : सीजेआई

**हैदराबाद।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर गवई ने शनिवार को भारत के न्यायिक सिस्टम में मौजूद चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, लीगल सिस्टम में कई चुनौतियां हैं, जिन्हें सही करने की बहुत आवश्यकता है।

सीजेआई गवई हैदराबाद की नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया की खामियों पर बात की। गवई ने कहा, हमारा देश और न्यायिक सिस्टम कुछ चुनौतियों का सामना कर रहा है। कई बार अदालत में ट्रायल दशकों तक चलता है। हमें ऐसे केस भी मिलते हैं जिनमें सालों जेल में बिताने के बाद शख्स निर्दोष साबित हो जाता है। हमारे देश के बेस्ट टैलेंट इस समस्या से निपटने में मदद कर सकते हैं। गवई ने अभ्यार्थियों से गुजारिश की कि वो अपने माता-पिता के पैसों की बजाए स्कॉलरशिप पर विदेश जाएं। इस खास मौके पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, सुप्रीम कोर्ट के जज पीएस नरसिम्हा आदि मौजूद रहे।






**विमान हादसा** | विशेषज्ञों ने बताया, सटीक कारण आगे की जांच में ही पता चल सकेगा

# बोइंग का ईंधन स्विच कैसे बंद हुआ? रिपोर्ट के बाद उठा सवाल



### रिपोर्ट में क्या-क्या दावे किए गए

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो की शुरुआती रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान (एआइ 171) 12 जून को जब अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने लगा तो केवल तीन सेकेंड बाद ही ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। टेकऑफ के बाद दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति बंद होते ही केवल 29 सेकेंड बाद विमान क्रैश हो गया। एएआईबी की रिपोर्ट के मुताबिक, टेकऑफ के समय ईंधन सप्लाई बंद होते ही इंजनों की पंखे की गति कम होने लगी थी। 213.4 टन वजन के साथ उड़ा विमान हवाई अड्डे की परिधि की दीवार पार करने से पहले ही नीचे आने लगा। इस समय विमान में 54,200 किलोग्राम फ्यूल था।

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में कई खुलासे हुए हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान (एआई 171) 12 जून को जब अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने लगा तो केवल तीन सेकेंड बाद ही ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई।

टेकऑफ के बाद दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति बंद होते ही केवल 29 सेकेंड बाद विमान मेघाणीनगर में क्रैश हो गया। अब ये सवाल खड़ा हो रहा है कि एयर इंडिया के बोइंग विमान का ईंधन स्विच कैसे बंद हुआ? कई विनानन विशेषज्ञों का कहना है कि यांत्रिक और विद्युत संबंधी समस्याओं के कारण भी विमान में ईंधन स्विच की स्थिति में बदलाव हो सकता है। हालांकि इसका सटीक कारण आगे की जांच में ही पता चलेगा।

भारतीय पायलट महासंघ (एफपीआई) के अध्यक्ष और एयर इंडिया के पूर्व पायलट कैप्टन सी. एस. रंधावा ने कहा कि ईंधन स्विच की स्थिति केवल मानवीय हस्तक्षेप से ही बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि ये स्विच स्प्रिंग-लोडेड होते हैं और इनमें एक लॉक लगा होता है। उन्होंने कहा कि अगर इन्हें रन स्थिति में लाना है, तो पहले इसे बाहर निकालना होगा और फिर उस स्थिति में लाना होगा। उन्होंने कहा कि ये स्विच आमतौर पर तब इस्तेमाल किए जाते हैं जब दोनों इंजनों में आग लग गई हो। प्रारंभिक रिपोर्ट से यह स्पष्ट नहीं है कि स्विच की स्थिति क्यों बदली गई? हो सकता है कि यांत्रिक और विद्युत संबंधी गड़बड़ी के कारण स्विच अपने आप बंद हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि विमान में जब ईंधन नियंत्रण स्विच को बंद करना होता है, तो उड़ान भर रहा पायलट कहता है कि ईंधन नियंत्रण स्विच बाएँ, पुष्टि करें। जिस पर को पायलट या फर्स्ट ऑफिसर इसकी पुष्टि करता है। पुष्टि के बाद कैप्टन मॉनिटरिंग स्विच को बंद कर देगा, लेकिन इस दुर्घटना में फर्स्ट ऑफिसर विमान को उड़ा रहा था और मेन पायलट मॉनिटरिंग कर रहा था। ऐसे में यह भी जांच का विषय है कि क्या नियंत्रण स्विच को लेकर यह वार्ता कैप्टन और फर्स्ट ऑफिसर के बीच हुआ था। इस रिपोर्ट से बिल्कुल भी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि ईंधन स्विच थ्रॉटल के नीचे होते हैं। दोनों इंजन में आग लगने की स्थिति में, स्वचालित थ्रॉटल स्विच बंद कर दिए जाते हैं। बाद में ईंधन नियंत्रण स्विच को बंद करके चालू कर दिया जाता है। उन्होंने कहा हालांकि मूलतः वे पुनः सक्रिय हो जाते हैं। वहीं, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि ईंधन स्विच की स्थिति में बदलाव हुआ था और सवाल यह है कि ऐसा क्यों हुआ।

# संदिग्ध हालात में हुई किशोरी की मौत

## आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

*अवधनामा संवाददाता*

लखीमपुर-खीरी ।थाना क्षेत्र के गांव पटिहन के मजरा इंदिरा आवास कॉलोनी में शुक्रवार की रात अपने कमरे में सो रही किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार वालों का कहना है कि आहट मिलने पर उसके भाई ने जब खिड़की से झांककर देखा तो एक युवक उसकी बहन का गला दबा रहा था भाई की कमरे की कुंडी बाहर से बंद करते ही युवक खिड़की तोड़कर भाग निकला। उसका मोबाइल और चप्पल कमरे में ही छूट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल, चप्पल को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है गांव इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी संतोष ने बताया कि शुक्रवार की रात परिवार के सभी लोग खाना खा पीकर अपने कमरों में सोने चले गए। उनकी पुत्री आरती (19) भी अपने कमरे में चली गई। शनिवार की तड़के करीब 3-30 बजे उनके बेटे दीपक को आरती के कमरे में किसी पुरुष के होने की आहट सुनाई दी इस पर वह उठकर कमरे के पास गया और खिड़की से झांककर देखा तो उसके नजारा देख उसके होश उड़ गए। पिता के मुताबिक कमरे में घुसे पड़ोसी गांव राजा टॉपर गजरौरा निवासी राजकुमार उर्फ राज आरती की पिटाई कर उसका का गला दबा रहा था यह देख दीपक ने शोर मचाया और कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी शोर होने पर परिजन जब तक मौके पर पहुंचते इससे पहले ही आरोपी राजकुमार उर्फ राजा कमरे की खिड़की तोड़कर भाग निकला। परिजन कुंडी खोलकर कमरे के अंदर गए और आरती को हिलाया डुलाया, लेकिन वह मृत अवस्था में मिली। आरोपी की चप्पलें और मोबाइल कमरे में पड़ा था। युवती को मृत हालत में देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर एसओ भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। युवती के परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मौके पर मिले आरोपी के मोबाइल और चप्पल को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक युवती के पिता ने आरोपी राजकुमार उर्फ राजा के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है।

## देवकी नंदन शास्त्री के एक्स पर मुख्यमंत्री के साथ ही खीरी पुलिस को ट्वीट किए गए एक वीडियो ने जिले में मचा दी हलचल

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** देवकी नंदन शास्त्री के एक्स पर मुख्यमंत्री के साथ ही खीरी पुलिस को ट्वीट किए गए एक वीडियो ने जिले में हलचल मचा दी है। वीडियो में दिख रही एक युवती उनके आश्रम पर पर अपने परिवार के ही कुछ लोगों पर खाने में गोमांस मिलाने का आरोप लगा रही है। खीरी पुलिस ने एक्स हैंडल पर ट्वीट किए गए इस वीडियो की जांच शुरू कर दी है एक्स हैंडल पर देवकीनंदन शास्त्री ने एक वीडियो शेयर किया है। जिस पर उन्होंने लिखा है कि आखिर हम किस समाज में रह रहे हैं, जहां इंसानों का मुखौटा पहनकर राक्षस घूम रहे हैं लखीमपुर की एक लड़की अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। उसे जबरन मांस खिलाया जा रहा है। यह है 2025 का भारत, जहां इंसानियत मरती जा रही है। संस्कार खत्म होते जा रहे हैं और नैतिकता का कोई मूल्य नहीं बचा। सोचिए आज हालात ऐसे हैं तो आने वाला कल कैसा होगा? उन्होंने यह टिप्पणी करते हुए युवती के आरोप लगाने वाले वीडियो को एक्स पर मुख्यमंत्री, डीजीपी, यूपी पुलिस को टैग किया है। खीरी पुलिस ने युवती का नाम-पता अज्ञात होने के कारण जिले के सभी थाना प्रभारियों को जांच कर संबंधित थाने को अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। वीडियो में देवकीनंदन शास्त्री से युवती कह रही है कि गुरु जी जब हम भक्ती करते हैं तो दुश्मन देखने लगते हैं। गोमांस खाने में मिला देते हैं। तांत्रिक विद्या करते हैं। बिलखते हुए कहती है कि वह अपने गांव को नहीं जाना चाहती है। हमने जहर भी खाया, लेकिन मौत नहीं हुई। देवकीनंदन शास्त्री ने उससे पूछा कौन लोग हैं वे। इस पर युवती ने जवाब दिया कि वह हिंदू हैं और राक्षस को पूजते हैं। वह तुलसी के पेड़ की पूजा करती थी तो उसे भी नोच डाला।

# कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*

क्ष्म्ड्ड4 क्ष्म्ह्यड्ड्ढह्य×द्बद्ध0 1

**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार, प्रभारी निरीक्षक सदर हेमंत राय सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में गुर्जर समाज अनंगपुर करेगा कूच



**सहारनपुर।** अनंगपुर (हरियाणा) में चल रहे बुलडोजर कार्यवाही प्रकरण को लेकर प्रतिहार महासंघ के सदस्यों ने कहा कि सहारनपुर से गुर्जर समाज सैकड़ों की संख्या में प्रतिहार महासंघ के नेतृत्व में आज अनंगपुर के लिए कूच करेगा।

दिल्ली रोड स्थित गुर्जर भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रतिहार महासंघ के सदस्यों ने बताया कि 800 साल पुराना गाँव अनंगपुर, जिसे राजा अनंगपाल तंवर ने बसाया था। आज भाजपा की बुलडोजर राजनीति का शिकार बन गया है। बिना नोटिस, ग्रामीणों के घर गिराना केवल अवैध कब्जा का मामला नहीं, बल्कि गुर्जर समाज की पहचान और इतिहास पर हमला है। जिला पंचायत सदस्य सुदेश प्रधान ने कहा कि जो गाँव सदियों से बसा है, उसे अचानक अवैध घोषित करना भाजपा की सोची-समझी साजिश हैं। अमित शिवपुर ने कहा कि जब गाँव बसा, तब कोई वन कानून नहीं था। अब यह कार्रवाई केवल बहाना है, असली निशाना हमारा समाज है।

जिला पंचायत सदस्य सलीम अख्तर ने कहा कि अगर अरावली में बुलडोजर चलाना है, तो रायसीना हिल्स धन्नासेठों के बड़े-बड़े मॉल्स, टावर, एनक्लेव अपार्टमेंटस क्यो बचे हैं उनको किसका सरंक्षण प्राप्त है। प्रवेश गुर्जर ने कहा कि यह केवल ज़मीन का नहीं, हमारे समाज की राजनीतिक और सांस्कृतिक हिस्सेदारी को मिटाने का प्रयास है। अब समाज चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर से गुर्जर समाज सैकड़ों की संख्या में प्रतिहार महासंघ के नेतृत्व में अनंगपुर के लिए कूच करेगा। वार्ता में जिला पंचायत सदस्य सुदेश प्रधान, अमित शिवपुर, जिला पंचायत सदस्य सलीम अख्तर, प्रवेश गुर्जर समेत प्रतिहार महासंघ के कई सदस्य मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का महापर्वः महापौर



**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा कुतुबशेर तिराहे पर आज एक कांवड़ यात्रा व्यवस्था कैंप का शुभारंभ किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरी व कांवड़ संचालक सेवा संघ के अध्यक्ष संजय फुटेला ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर निगम द्वारा एक स्वच्छता रैली भी निकाली गयी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पार्षदों, शिविर संचालकों व अतिथियों को पौधे भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का महापर्व है। यह पर्व हमें एक दूसरे की संस्कृति और संस्कारों से भी अवगत कराता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ शिविरों एवं कांवडियों को पथ प्रकाश, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल तथा शौचालय आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निगम अधिकारी-कर्मचारी रात दिन जुटे है। हमारा प्रयास है कि कांवड़ यात्रा में किसी भी कांवड़ श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि निगम ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए एक नयी पहल की है। निगम नित नये आयाम स्थापित कर रहा है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने कहा कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर सहारनपुर से गुजरने वाले कांवड़िए हमारी धरोहर है, हमारा कर्तव्य है कि उनकी सेवा-सुश्रूषा का ध्यान रखें। अपर नगरायुक्त/नोडल अधिकारी कांवड़ यात्रा मृत्युंजय ने कहा कि निगम द्वारा शुरु किया गया यह कैंप पूरी कांवड़ यात्रा तक क्रियाशील रहेगा। कांवड़ श्रद्धालु अपनी शिकायत के अलावा यहां फीडबैक भी दे सकते हैं। निगम की सभी कांवड़ सेवाओं के संचालन में कैंप की अहम भूमिका रहेगी। इस अवसर पर निगम द्वारा एक स्वच्छता रैली भी निकाली गयी। रैली को महापौर डॉ. अजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस के वार्डन, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के वालंटियर्स व निगम के कर्मचारियों के अलावा स्वच्छता का संदेश देते निगम के वाहन तथा फॉगिंग करती गाड़ियां भी शामिल रही। कार्यक्रम में निगम के सभी अधिकारी तथा उपसभापति मुकेश गक्खड़ सहित अनेक पार्षद मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

## कांवड़ व्यवस्था विवरण पत्रिका का लोकार्पण

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा पूरी कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ मार्ग व कांवड़ शिविरों के लिए शौचालय, साफ-सफाई, प्रकाश-पेयजल व बेरिकेटिंग आदि व्यवस्थाओं के सम्बंध में एक विवरण पुस्तिका भी नगर निगम द्वारा प्रकाशित की गयी है। पुस्तिका का संपादन साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आजम द्वारा किया गया है। पुस्तिका का लोकार्पण कांवड़ व्यवस्था कैंप कार्यक्रम में किया गया। पुस्तिका में कांवड़ रुट पर की गयी बेरिकेटिंग व शौचालय का विवरण तथा पानी निकासी आदि व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों- कर्मचारियों के नंबर, क्विक रेसपांस टीमों की डिटेल के अलावा व्यवस्थाओं को समझाने के लिए विभिन्न मैप दिए गए है। इसके साथ ही कांवड़ रुट की तैयारियों पर चित्र वीथिका भी दी गयी है। महापौर डॉ. अजय कुमार तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने इसे निगम की अच्छी पहल बताया।

## कनपटी पर तमंचा सटा स्वयं को गोली मारी, मौत

**सहारनपुर।** थाना गंगोह क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गांधीनगर में एक व्यक्ति ने अपनी कनपटी पर तमंचा सटाकर स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में परिवार के लोग उसे गंगोह सीएचसी लेकर आये, लेकिन चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख हॉयर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। जहां उसकी रास्त में ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ग्राम गांधीनगर में सिक्ख डेरे पर रहने वाले 55 वर्षीय कुलविन्द्र ने रात्रि लगभग दस बजे स्वयं को गोली मार ली। गोली लगने से कुलविन्द्र के सिर का मांस बाहर आ गया।

परिजन उसे लहुलुहान हालत में गंगोह सीएचसी लेकर गए। जहां से डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मगर हायर सेंटर ले जाते समय कुलविंदर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तमंचा भी बरामद कर लिया।

## डीआईजी का ठूठीबारी थाने व इंडो-नेपाल सीमा का औचक निरीक्षण

■ कार्यालय, महिला/साइबर हेल्प डेस्क, मालखाना समेत बॉर्डर के खुले रास्तों का लिया जायजा

■ साफ-सफाई, अभिलेख व्यवस्था और सीमा सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**ठूठीबारी(महराजगंज)।** शनिवार को डीआईजी डॉ. एस. चनप्पा ने इंडो नेपाल सीमा के थाना ठूठीबारी का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उनके साथ एसपी सोमेन्द्र मीना भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क एवं मालखाना का गहन निरीक्षण किया। डीआईजी ने अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा पुलिस कर्मियों की उपस्थिति और कार्य प्रणाली की जांच की।

उन्होंने प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्रा को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख को सुव्यवस्थित रखें, हेल्प डेस्क पर आने वाले सभी फरियादी की समस्याओं का संवेदन शीलता के साथ समाधान हो तथा परिसर की स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए।

इसके पश्चात डीआईजी ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा का भी निरीक्षण किया। बॉर्डर पर स्थित खुले रास्तों, पगडंडियों और नो मैंस लैंड क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने तैनात एसएसबी और पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, सतर्कता बढ़ाने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

डीआईजी ने कहा कि सीमावर्ती थाना होने के कारण ठूठीबारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना के साथ किया कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ



**सहारनपुर।** शिव सेवा कांवड़ संघ के तत्वाधान में कांवड़ियों की सेवार्थ लगाये गये कांवड़ सेवा शिविर का आज मंत्रोच्चारण व विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

देहरादून रोड स्थित सड़क दूधली पर लगाये गये कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद गिरि महाराज ने मंत्रोचारण व विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ कराया। कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने रिबन काटकर किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद गिरि महाराज, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पण्डित प्रगीत कौशिक, व्यापारी नेता राधेश्याम नारंग ने कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन करने पर शिव सेवा कावड़ संघ के पदाधिकारियों के कार्यो की प्रशंसा की।

सेवादार संजय कर्णवाल ने बताया कि शिविर में चिकित्सा सुविधा, जलपान, विश्राम आदि की व्यवस्था की गई है। सेवादार भारत कर्णवाल ने बताया कि कांवड़ शिविर में कांवड़ियों के लिए अखण्ड भण्डारा, विश्राम तथा प्राथमिक चिकित्सा की उचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। श्रावण मास में निस्वार्थ भाव से शिवभक्तों की सेवा करने के लिए हम सब को हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस दौरान जयकारों से सारा वातावरण शिवमय बन गया।

इस अवसर पर नीरज गुप्ता, संजीव कर्णवाल (बोबी), विनय जिंदल, विनीत कर्णवाल, हेमन्त जोशी, राजकुमार नरूला, रम्मी धवन, चन्द्रमोहन अरोड़ा, भानू कर्णवाल, दीपक चौधरी, शुभम् कर्णवाल (एडवोकेट), गगन कर्णवाल, प्रवीन वर्मा, हरीश गर्ग, केशव कर्णवाल, शरद जायसवाल, मनोज कुमार, संदीप कश्यप समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्व.शिव कुमार गुप्ता की पुण्य तिथि पर देशभर से आये महामण्डलेश्वर, साधु संतों व राजनेताओं ने दी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एनआरआई अजय गुप्ता व शिवधाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शिवधाम मंदिर प्रांगण में स्व.शिव कुमार गुप्ता की 31वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, सेवा एवं भक्तिभाव के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर देशभर से आए साधु-संतों, महामंडलेश्वरों, राजनेताओं, समाज सेवियों, उद्यमियों व गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा लाल दास रोड स्थित शिवधाम मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि गुप्ता परिवार ने अपने पूर्वजों की स्मृति में सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का जो कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि पुण्य ही एक ऐसा अभिभूत है, जो सुख और समृद्धि का



मार्ग प्रशस्त करता है। गुप्ता परिवार द्वारा पितृ सेवा, ब्राह्मण सेवा व धर्म कार्यों के माध्यम से जो आदर्श प्रस्तुत किया गया है, वह समाज के लिए प्रेरणा है। संत समागम में महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि (जूना अखाड़ा), स्वामी ललितानंद (भारत माता मंदिर), पूज्य राघवेंद्र भारती, केदार पुरी, देवानंद सरस्वती, शैलेंद्र गिरी, महेश पुरी, प्रमोद कृष्णन (कलकी धाम), यमुना पुरी, ऋषिश्वरानंद (चेतन ज्योति आश्रम), हठ योगी, रविंदर पुरी (महा निर्वाणी अखाड़ा), आशुतोष जी, विष्णुदास (उचाली आश्रम), हरिहरानंद (गरीबदासी आश्रम), शिवम जी, जगजीत सिंह (निर्मल संतपुरा), सुतीक्ष्ण मुनि (जगतगुरु उदासीन आश्रम), बाला स्वामी (सीताराम धाम), दिनेश (राम निवास), दुर्गा दास (वैष्णव शक्ति पीठ), हरिचेतनानंद, गोविंद दास (बड़ा अखाड़ा), प्रमोद दास (रघुबीर भवन), प्रेम दास (प्रेमानंद आश्रम), राघवेंद्र दास (कोठारी बड़ा आश्रम), ज्योतिर्मयानंद (टपकेश्वरधाम), कृष्णानंद (चेतनानंद गिरि आश्रम), प्रहलाद दास (गुरु कृपा कुटीर), रामेन्द्र बिहारी (सीता राम आश्रम), कन्हैया दास (भजो राम आश्रम), ओम दास (पवन देव आश्रम), सीता राम दास (नरसिंह मंदिर), राम विशाल दास (गौरी शंकर आश्रम), केशवानंद (वैदिक गुरुकुल), उमेश दास (चंडी देवी मंदिर), स्वामी विवेकानंद (आनंद आश्रम), प्रमोद (रामानंद आश्रम), जमुना दास (राधे राम आश्रम), आनंद स्वामी (स्वामीनारायण आश्रम) सहित अन्य संतगण शामिल रहे। कार्यक्रम में भजन गायक संदीप शर्मा ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वर्गीय शिवकुमार गुप्ता के जीवन मूल्यों को स्मरण कर धर्म, सेवा और संस्कार की परंपरा को आगे .बढ़ाना रहा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने अफजलगढ़ ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई दी

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बूथों को मजबूत बनाने सहित बूथ कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की**



*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** नगर के मोहल्ला नायक सराय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने अफजलगढ़ ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बूथों को मजबूत बनाने सहित बूथ कमेटियों का गठन को लेकर चर्चा के साथ साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां कार्यकर्ताओं शुरू कर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। शनिवार को नगर के मोहल्ला नायक सराय में स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह व कांग्रेस वरिष्ठ नेता आरके सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को संगठन सहित बूथों को मजबूत बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया साथ ही अगर बूथ कमेटियों मजबूत बनेंगी तो चुनाव भी मजबूती के साथ जीता जाएगा। चुनाव की जीत का अहम हिस्सा बूथ कमेटी के पदाधिकारी होते हैं। कांग्रेस अफजलगढ़ ब्लाक कमेटी से शीघ्र ही बूथ कमेटी का गठन करने का आह्वान किया। कांग्रेस अफजलगढ़ ब्लाक कमेटी की पदाधिकारियों को बधाई दी। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी ने कहा कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को पूरे देश मे मज़बूती मिल रही है। जिस से आगे चल कर पार्टी को चुनाव मे सफलता मिलेंगी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के आलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आरके सिंह, कांग्रेस नेता हाजी अहसान अंसारी, मिसबाबुल हसन, प्रदीप ठाकुर, अशोक कुमार, मुमताज हुसैन, निसार अहमद अंसारी,डॉ गुलशन, मुज़फर हुसैन, डॉ मासूक,अब्दुल रहमान, शमशाद हुसैन, ज़ाहिद हुसैन युवा कांग्रेस नेता अज़ीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## नगीना में 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला



*अवधनामा संवाददाता*

**नगीना।** 20 वर्षीय एक युवक का शव आम के बाग में पेड़ से फंदे से लटका मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पुलिस इसे आत्म हत्या का मामला मान रही है बताया जा रहा है कि मृतक नशा करने का आदी था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नहटौर मार्ग स्थित नेजोवाली गांवडी निवासी रमेश का 20 वर्षीय पुत्र जागेश शुक्रवार की रात 10 बजे करीब घर खाना खाकर घर से बाहर घूमने चला गया था लेकिन पूरी रात घर वापस नहीं लौटा शनिवार की सुबह सवेरे 6 बजे करीब जागेश का शव नजदीक के आम के बाग में आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव मिलने की सूचना से उसके परिवार में कोहराम मच गया तथा परिजन बाग में एकत्र हो गये सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डा.अंजनी चतुर्वेदी व थाना प्रभारी तेजपाल सिंह पुलिस बल व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तथ्यों की जांच कर परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस के अनुसार परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक नशे का आदी था, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी चतुर्वेदी ने एक वीडियो के माध्यम से बताया कि मृतक के शरीर पर कोई भी जाहिरा चोट के निशान नहीं हैं ,उधर थाना प्रभारी तेजपाल ने बताया कि युवक द्वारा आत्म हत्या किये जाने का मामला है मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## निधन पर जताया शोक

**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश शर्मा की धर्मपत्नी अनुराधा शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और ईश्वर से यह भी प्रार्थना की कि भगवान उनके परिवार जनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, एम अकरम खां एडवोकेट, फराज हुसैन एडवोकेट, वसीम अख्तर, शारिब अंसारी एडवोकेट, रिहान जमाल अंसारी, शाही दिलशाद, फैज अंसारी, एडवोकेट, अमजद सिद्दीकी, नईमूल अख्तर, नदीम फारुकी, हिफजुर्रहमान फरीदी, वसीम अहमद, मौहम्मद दानिश आदि रहे।

# एसएसपी ने 13 उपनिरीक्षको को किया स्थानान्तरित

**सहारनपुर।** एसएसपी आशीष तिवारी ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाने को लेकर 13 उपनिरीक्षकों को स्थानान्तरित किया है।

एसएसपी आशीष तिवारी ने उपनिरीक्षक नवीन जयन्त को आइजीआरएस सैल से थाना नागल, उपनिरीक्षक संजय त्यागी को आईजीआरएस सेल से थाना बड़गांव, महिला उपनिरीक्षक पूजा शर्मा को आइजीआरएस सैल से थाना रामपुर मनिहारान, उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा को थाना मिर्जापुर से पुलिस लाइन, उपनिरीक्षक राहुल कुमार को पुलिस लाइन से थाना मिर्जापुर, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह तोमर को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी राज्जूपुर थाना देवबंद, उपनिरीक्षक संजीव कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी धलापड़ा थाना गंगोह, उपनिरीक्षक आनंद कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी गांगनौली थाना नागल, उपनिरीक्षक अमित कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मकबरा थाना देवबंद, उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार को थाना गागलहेड़ी से चौकी प्रभारी मकबरा, थाना देवंबंद स्थानान्तरित किया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक राजीव कुमार गौड़ को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कस्बा गागलहेड़ी, थाना गागलहेड़ी, उपनिरीक्षक सुनील कुमार को चौकी प्रभारी मुजफ्फराबाद थाना फ्तेहपुर से पुलिस लाइन, उपनिरीक्षक विजय सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मुजफ्फराबाद थाना फ्तेहपुर स्थानान्तरित किया गया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बदलाव अब प्रत्येक जोड़े पर मिलेगा एक लाख रुपये

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को योजना के नए दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र परिवारों की चिन्हित कर उन्हें योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप गरीब बेटियों की शादी गरिमा और सम्मान के साथ संपन्न हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब प्रति जोड़े की सहायता राशि 51 हजार रुपये से बढ़ाकर 01 लाख रुपये कर दी गई है। इस योजना का लाभ अब अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग तथा सामान्य वर्ग के वे सभी परिवार ले सकेंगे जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है। पहले यह आय सीमा दो लाख रुपये थी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित एक लाख रुपये में से 60 हजार रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (ष्ठक्चञ्ज) के माध्यम से सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजे जाएंगे, जिससे परिवार अपनी आवश्यकता अनुसार खर्च कर सकेगा। इसके अतिरिक्त 25 हजार रुपये की धनराशि विवाह की सामग्री जैसे वस्त्र, बर्तन, फर्नीचर आदि पर खर्च होगी जबकि 15 हजार रुपये विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं जैसे टेंट, भोजन आदि पर व्यय की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह समेत जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गरीबी उन्मूलन में सहकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. प्रवीण सिंह

- अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत क्रय-विक्रय सहकारी समिति में सहकारी संवाद आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन का क्रय-विक्रय सहकारी समिति जालौन में सहकारी समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सहकारी समिति परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित सहकारी संवाद कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रीय सहकारी बंधुओं से बातचीत की और सहकारिता क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

डॉ. प्रवीण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई दिशा एवं ऊर्जा मिली है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर के कुशल नेतृत्व में यह क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है।

उन्होंने बताया कि शून्य गरीबी पहल में सहकारी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नवगठित सहकारी समितियाँ महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देने के लिए कार्यरत हैं।

इस अवसर पर जिला केंद्रीय उपभोक्ता भंडार जालौन के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत ने कहा सहकारिता केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि यह सामाजिक विकास एवं सहभागिता का सशक्त माध्यम है। सभी को पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों में भी सहभागिता निभानी चाहिए।÷ क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि जालौन के अध्यक्ष राजा सिंह सेंगर ने कहा, हमारी समिति किसानों और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम समिति को अधिक पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# हजरत बिलाल व इमाम जैनुल आबेदीन की जिंदगी पर डाली रोशनी

- अजान की विशेषता व तरीका बताया गया

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाज़ार में महाना दीनी संगोष्ठी हुई। कुरआन-ए-पाक की तिलावत से आगाज हुआ। नात-ए-पाक पेश की गई। हजरत बिलाल रदियल्लाहु अन्हु व इमाम जैनुल आबेदीन रदियल्लाहु अन्हु की जिंदगी पर रोशनी डाली गई। अजान की विशेषता व तरीका बताया गया।

मुख्य वक्ता नायब काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी ने कहा कि इमाम जैनुल आबेदीन की पैदाइश 5 शाबान 38 हिजरी को मदीना शरीफ में हुई। आपके वालिद का नाम हजरत इमाम हुसैन व वालिदा का नाम हजरत शहर बानू है। आपकी इबादत, इल्म, हुस्ने अख्लाक, सब्र और सखावत मशहूर है। हजरत इमाम हुसैन के पुत्र इमाम जैनुल आबेदीन जो कर्बला के मैदान में बीमारी की हालत में मौजूद थे, उन्होंने कर्बला में तमाम शहादतों के बाद वहां से शाम तक के सफर में अपने खुतबों से हजरत इमाम हुसैन के मिशन को आगे बढ़ाया। आपकी यह आदत थी कि आप पूरी रात इबादत में गुजारते और रात में पोशीदा रहकर खुद गरीबों और जरूरतमंदों को जरुरत की चीजें पहुंचाते। हमें हजरत इमाम हुसैन व इमाम जैनुल आबेदीन के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही हमें अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए। आपकी शहादत 18 मोहर्रम 95 हिजरी में हुई। आपका मजार जन्नतुल बकी मदीना मुनव्वरा में है।

विशिष्ट वक्ता कारी मुहम्मद अनस रजवी ने कहा कि हजरत बिलाल पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के साथियों में से थे। आप इस्लाम धर्म के पहले मुअज्जिन हैं। आपका जन्म मक्का शरीफ में हुआ। आपके माता-पिता हबशा के रहने वाले थे। आप गुलाम थे और आपका शुमार इस्लाम धर्म में दाखिल होने वाले अव्वलीन सहाबा किराम में होता है। आपने तीस साल की उम्र में इस्लाम धर्म कबूल किया। आपके मालिक को जब इसका पता चला तो उसने आप पर बहुत जुल्म ढ़ाया। आपको गर्म रेत पर लिटाकर आपके ऊपर बड़ा भारी पत्थर रखा जाता था। हजरत बिलाल ने हर तकलीफ बर्दाश्त की मगर इस्लाम और दामने मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को न छोड़ा और इश्क-ए-मुस्तफा का सबूत दिया। पैगंबरे इस्लाम के हुक्म पर हजरत सैयदना अबू बक्र सिद्दीक ने भारी कीमत देकर आपको गुलामी से आजाद करवाया। हजरत बिलाल बहुत इबादतगुजार थे। जब मक्का फतह हुआ तो आपने काबा शरीफ पर अजान पुकारी। पैगंबरे इस्लाम ने आपको अपना खजांची मुकर्रर किया था। आपका इंतकाल 20 मुहर्रम 18 हिजरी को हुआ। आपका मजार दमिश्क (सीरिया) में है। अंत में दरूदो सलाम पढ़कर मुल्क में भाईचारगी की दुआ मांगी गई। संगोष्ठी में हाफिज रहमत अली निजामी, हाजी बदरुल हसन, मुख्तार अशरफी आदि मौजूद रहे।

# कम्पिल पुलिस द्वारा तीन चोरी के अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



अल्ताफ उल्लाह खान

**फर्रुखाबाद।** थाना कम्पिल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-81/2025 धारा-305/331(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 32/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह के निर्देशन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर हरिशचंदर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी कायमगंज संजय वर्मा के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या मैं फोर्स थाना कम्पिल पुलिस द्वारा विकास उर्फ गौरव चौहान , पीतम पुत्र पप्पू बाल्मीकि, सरजीत चौहान पुत्र नवाव सिंह ने मिलकर 20 तारीख की रात में कस्बा कम्पिल में जैन धर्मशाला के पास परचून की दुकान का ताला तोडकर चोरी की थी जिसमें 15000 रूपये तथा कुछ खाने पीने का सामान चोरी किया था।

# फर्रुखाबाद में बने तीन पुल जर्जर, नहीं जागे तो भुगतना होगा खामियाजा : विकास राजपूत

- 1965 से 1976 के बीच बने पुल आयु सीमा पार कर चुके, मरम्मत से परेशान जनता ने उठाई आवाज

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

**फर्रुखाबाद।** जनपद की तीन प्रमुख नदियों – काली नदी, गंगा नदी एवं रामगंगा नदी – पर बने पुराने पुल अब अपनी आयु सीमा पार कर चुके हैं और लगातार मरम्मत के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा नेता विकास राजपूत ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन को चेताया है।

उन्होंने बताया कि काली नदी (छिबरामऊ) पर बना उधरनपुर पुल का निर्माण 1965 से 1968 के बीच हुआ था। गंगा नदी पर स्थित



पांचाल घाट पुल का निर्माण 1971 से 1975 के बीच हुआ। रामगंगा नदी पर बने पुल, जो एनएच 730सी पर स्थित है, का निर्माण 1970 से 1976 के बीच हुआ था। तीनों ही पुल आज अपनी संरचनात्मक आयु पार कर चुके हैं और लगातार मरम्मत कार्य चलते रहने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

विकास राजपूत ने प्रशासन और सरकार से सवाल किया है कि क्या वड़ोदरा पुल हादसे जैसी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किया जा रहा है? उन्होंने कहा भ्रष्टाचार और लापरवाही के चलते बार-बार मरम्मत कराई जाती है, जबकि हकीकत में पुलों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है।

अब समय आ गया है कि इन पुलों का गहन तकनीकी परीक्षण कराया जाए और नए पुलों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएँ। उन्होंने शासन से अपील की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तीनों पुलों की तत्काल जाँच कराई जाए और नए पुलों के निर्माण हेतु स्वीकृति और बजट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आम नागरिकों का सफर सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके।

# एएमयू की कुलपति को केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन में पैनल की अध्यक्षता का सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की कुलपति प्रोफेसर नइमा खातून को गुजरात के केवड़िया में आयोजित केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (10-11 जुलाई ) में एक प्रमुख शैक्षणिक पैनल की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया था।

इस गरिमामयी अवसर पर माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, उच्च शिक्षा सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष, शिक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, एवं देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे। प्रो. खातून को ÷राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों की भूमिका÷ विषय पर गठित विशेषज्ञ पैनल की अध्यक्षता का विशेष अवसर मिला। इस पैनल की समन्वयक विश्वविद्यालय के रूप में एएमयू को नामित किया गया था, जो कि इस विषय पर राष्ट्रव्यापी विचार-विमर्श का नेतृत्व कर रहा है।

इस पैनल में एएमयू के साथ-साथ सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ ओडिशा, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, (बिहार), सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (तेलंगाना), और राजीव गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अरुणाचल प्रदेश) के कुलपति भी शामिल थे। प्रो. खातून ने एक शोधपत्र प्रस्तुत किया, जिसमें एमएमटीटीसी की संरचना, उनकी प्रभावशीलता, नवाचार की संभावनाएँ तथा नीति निर्माण हेतु बहुआयामी अनुशंसाएँ प्रस्तुत की गईं। शोधपत्र में एएमयू द्वारा संकलित फीडबैक, नीति दस्तावेजों और प्रशिक्षण अनुभवों को आधार बनाया गया। उन्होंने कहा कि एमएमटीटीसी को ऐसे शिक्षण केंद्रों में रूपांतरित किया जाना चाहिए जो शिक्षा नीति-समावेशी, अंतर्विषयी, नवाचारोन्मुख और डिजिटल रूप से सशक्त के अनुरूप हों।

# लोगों को डरा धमका कर सुपारी लेकर जबरन बसूली करने वाले तीन शातिर अभियुक्त किये गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** थाना मडराक पुलिस टीम व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग ग्रामीण की संयुक्त टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 146/2025 धारा 308(5),131,61(2), 351(2), 351(3), 351(4), 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. आरिफ पुत्र अब्दुल कयूम निवासी मोहल्ला जयजयराम सोरों गेट राज कोल्ड स्टोर के सामने कासगंज थाना कोतवाली कासगंज उम्र 30 बर्ष 2.बबलू कश्यप पुत्र राधेश्याम निवासी बाबा कालोनी धनीपुर थाना गॉधीपार्क अलीगढ़ उम्र 8 बर्ष 3. धर्मेन्द्र शर्मा उर्फ चीनू पुत्र स्व. जयन्ती प्रसाद शर्मा निवासी ज्वालापुरी मन्दिर वाली गली नम्बर 04 थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ को मय अवैध 03 देशी तमंचा 315 बोर व 08 कारतूस जिंदा 315 बोर, चौथ बसूली के 20,100 रुपये व घटना में प्रयुक्त एक पल्सर मोटर साइकिल सहित चिरौलिया पुल मन्दिर के पास थाना मडराक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

मुकदमा वादी राधे सैनी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी स्काई टॉवर सासानी गेट जनपद अलीगढ़ के साले पवन पुत्र प्यारे लाल से सस्ते दामों पर बिना परिवारीजनों के बताये अभियुक्त रोशन शर्मा उर्फ पप्पू पहलवान व धर्मेन्द्र उर्फ चीनू ने एक दुकान की रजिस्ट्री करा ली जिसकी शिकायत राधे सैनी ने की थी उक्त शिकायत से रोशन शर्मा व धर्मेन्द्र उर्फ चीनू रंजिश मानने लगे । इसी बात का बदला लेने के लिये रोशन शर्मा व धर्मेन्द्र ने राधे सैनी, भाइयों व उसके साथियों की हत्या करने के लिये भाड़े पर शूटर 1.आरिफ पुत्र अब्दुल कयूम, 2.बबलू कश्यप पुत्र राधेश्याम, 3. विक्रम पुत्र चन्द्रपाल को एक करोड़ रूपये की सुपारी दी । राधे सैनी की हत्या करने के उद्देश्य से सुबह प्लॉट देखने के बहाने शूटर आरिफ, बबलू व विक्रम ने मथुरा रोड सहारनपुर साइट पर बुलाया था लेकिन राधे ने एक करोड़ से ज्यादा रूपये देने की बात पर शूटरों ने तमंचे की नोक पर राधे सैनी से चौथ बसूली के 35000 /- रुपये लिये तथा शेष रुपयों को अपने जीवन दान के लिये राधे सैनी ने बाद में देने के लिये कहा था । जब शेष रुपयों के मांगने के लिये राधे सैनी से बार बार फोन पर धमकी दी गयी लेकिन राधे सैनी के द्वारा शेष नहीं दिये गये तो इसी बात का सबक सिखाने के लिये राधे के साथी वीरपाल दिवाकर पर बंबे के पास थाना हरदुआगंज में जान लेवा फायर किया गया।

# व्यापारी समाज के लिए व्यापार मंडल सदैव समर्पित है : संतोष गुप्ता

**उरई (जालौन)।** जनपद के सभी व्यापारी भाइयों के हितों के लिए सदैव संघर्ष करने वाले व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने उरई नगर के मुख्य बाज़ारो में बरसात के समय हो रहे जल भराव से परेशान दुकानदार भाइयों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर माननीय जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन उनके प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित उरई सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों को आये दिन बरसात की वजह से विकट समस्या से



जूझना पड़ रहा है।नाली ना होने के वजह से दुकानों के अंदर पानी घुस जाने पर व्यापारियों का माल खराब हो रहा है और उनको आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। बरसात की वजह से व्यापार भी नहीं चल रहा है और उसमें भी बरसात की वजह से आर्थिक नुकसान। आर्थिक संकट से जूझ रहे व्यापारियों पर कहावत चरितार्थ हुई कि कंगाली में आटा गिला। जिस पर उन्होंने जल्द स्थाई समाधान का आश्वासन दिया।उन्होंने तुरंत दूरभाष के माध्यम से नगर पालिका ई ओ से बात कर जल्द निस्तारण के लिए कहा।इस अवसर पर जिला महामंत्री व्यापार मंडल प्रदीप द्विवेदी संजीव सिपोलिया जिला कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल युवा व्यापारी नेता गौरव राठौर नगर अध्यक्ष उरई उमेश शर्मा व्यापारी संतोष सोहने सोनू शर्मा अनिल गुप्ता मोहित साहू ध्रुव शिवहरे मोहित शुक्ला एवं अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# नहर हुई बेपानी आक्रोशित किसानों ने किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** सहजनवा ब्लाक के रामपुर सरजू कैनाल में पानी नहीं छोड़े जाने को लेकर आक्रोशित किसानों ने सुखी नहर में खड़े होकर प्रदर्शन किया। और नहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कारवाई करने की मांग किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व के रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य राधेश्याम यादव ने कहा कि रामपुर सरजू कैनाल सिंचाई की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है । अगल बगल के करीब आधा दर्जन से अधिक गांव दुल्टही सिधौली बैदवली बरसिहा रामपुर चेचुआपार के किसान इस नहर का उपयोग करते थे। लेकिन वर्तमान समय में नहर बेपानी हो चुकी है। किसान धान की रोपाई करने के लिए पानी आने का इंतजार कर रहे है। समय भी बर्बाद हो रहा है। जिससे धान की पैदावार प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है। कुछ किसानों ने धान की रोपाई भी कर चुके बरसात न होने से किसानों की फसल बर्बाद हो रही हैं। किसानों ने मांग किया है कि सुखी नहर में तत्काल पानी छोड़ा जाय जिससे क्षेत्र के किसान को राहत मिल सके। इस संदर्भ में अवर अभियंता विनीत पांडेय ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है।

# सावन के दूसरे दिन जिले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**गोरखपुर।** जिले के खजनी विधानसभा के ग्राम सभा नेयपुरा में सावन मास के दुसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की आराधना किया गया। घर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर प्रार्थना पूर्ण होती है। व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। हिंदू धर्म में सावन महीना भगवान शिव को अर्पित है। मान्यता है। कि समुद्र मंथन से निकले विष को शिव ने ग्रहण कर सृष्टि की रक्षा की, इसी कारण उन्हें नीलकंठ कहा गया। इस माह में जलाभिषेक, व्रत, शिव चालीसा और महामृत्युंजय जाप का विशेष महत्व होता है। आचार्य मनोज पांडेय आचार्य निखिल पाण्डेय जजमान कृष्ण मणि पांडे उर्फ नन्हे पांडे आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# डेयरी से सुदृढ़ हो रही ग्रामीण महिलाओं की आर्थिकी

- पशुपालन और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए सतत प्रोत्साहन दे रही योगी सरकार
- गोरखपुर में गठित है श्री बाबा गोरखनाथ कृपा नामक मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर ।** प्रदेश की योगी सरकार से मिल रहे प्रोत्साहन का असर डेयरी सेक्टर में दिखने लगा है। इससे जुड़कर हजारों ग्रामीण महिलाएं अपनी आर्थिकी मजबूत कर जीवन संवार रही हैं। बुंदलेखंड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ) का गठन कराया है। महज डेढ़ साल में इसके परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक हैं। गोरखपुर मंडल की 25 हजार महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाते हुए इस एमपीओ ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 50 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है। जबकि 1445 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इनमें से एक कौशल्या को आज लखनऊ में पशुपालन से जुड़े एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला। इस एमपीओ द्वारा शेयरहोल्डर महिलाओं को क्षमता संवर्धन और नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

डेयरी क्षेत्र में बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के जरिये महिलाओं की सफल भागीदारी देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला समर्थ योजना के अंतर्गत नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से प्रदेश में पांच मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन बनाने के निर्देश दिए थे। इनमें से एक श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन का गठन 2022 में गोरखपुर में किया गया। इस एमपीओ का कार्यक्षेत्र मंडल के चार जिलों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर है। इस एमपीओ ने विगत डेढ़ साल से कार्य करना शुरू किया है और इस कम अवधि में ही चारों जिलों में 500 गांवों की 25 हजार महिलाएं शेयरहोल्डर बन चुकी हैं। वर्तमान में एमपीओ द्वारा 500 मिल्क पूलिंग पॉइंट्स के माध्यम से प्रतिदिन करीब 62 हजार लीटर दूध का संकलन किया जा रहा है। इन महिला शेयरहोल्डर्स ने अब तक 1.66 करोड़ रुपये से अधिक की इक्विटी पूंजी जुटाई है। एमपीओ से जुड़ी महिलाओं की औसत आमदनी की बात करें तो वे प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपये की आय घर बैठे प्राप्त कर रही हैं।

श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिक से अधिक पशुपालक महिलाओं को शेयरहोल्डर बनाने और दूध संग्रह बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों की मदद ली जा रही है। पूरी उम्मीद है कि मार्च 2026 तक गोरखपुर मंडल के 300 गांवों की दूध उत्पादक महिलाएं एमपीओ से जुड़ जाएंगी।

शनिवार को लखनऊ में पशुपालन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिन पशुपालकों का अनुभव सुना, उनमें श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ की लखपति दीदी, बरही निवासी कौशल्या भी शामिल रहीं। पहले उनके पास तीन गाय थीं। एमपीओ से जुड़ने के बाद अब दस गाय हैं। वह प्रतिदिन 70 लीटर दूध एमपीओ में जमा करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वह एक साल में 11.50 लाख रुपये की आय अर्जित कर चुकी हैं। सीईओ धनराज साहनी के मुताबिक एमपीओ की सदस्य महिलाओं में नेतृत्व कौशल का विकास करने के लिए प्रशिक्षण देने की भी पहल की जा रही है।

## 10 लाख से अधिक कमाने वाली 10 महिलाएं

श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ की शेयरहोल्डर बनकर पशुपालक ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ चुकी हैं। दूध उत्पादन और संग्रह के कार्य से जुड़कर वे आय अर्जित कर पारिवारिक आमदनी में इजाफा करने में सक्षम हो रही हैं। एमपीओ के सीईओ बताते हैं कि डेढ़ साल में ही 1445 हजार शेयरहोल्डर महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इन सभी ने एक लाख से अधिक का आय अर्जित किया है। दस महिलाएं तो ऐसी भी हैं जिन्होंने सालभर में 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य का दूध जमा कराया है। एमपीओ की महिला शेयरहोल्डर को कंपनी की तरफ से पशु आहार और खनिज मिश्रण, पशुओं के थनैला रोग जांच, पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान पंजीकरण की भी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा उन्हें पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर करने और अधिक दूध उत्पादन से जुड़ी जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

# उरई को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा : विधायक

- इस निर्णय को सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया

अवधनामा संवाददाता

**उरई(जालौन)।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने एक प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कि उरई नगर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह योजना आने वाले वर्षों में शहर की तस्वीर बदलने का काम करेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

विधायक वर्मा ने बताया कि विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 के दौरान उन्होंने उरई नगर को नगर निगम का दर्जा दिलाए जाने की मांग सरकार के समक्ष रखी थी। उन्होंने कहा कि इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए अब उरई को स्मार्ट सिटी के लिए चयनित किया गया है, जो पूरे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस निर्णय को जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ÷मील का पत्थर÷ बताया।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत उरई में कई बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। शहर की प्रमुख सड़कों के किनारे सुंदर फुटपाथ बनाए जाएंगे, बच्चों के लिए आधुनिक पार्क विकसित किए जाएंगे, वहीं चाक चौराहे और अन्य प्रमुख स्थानों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही, यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

विधायक वर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों को एक साफ-सुथरा, सुविधाजनक और तकनीकी रूप से उन्नत शहरी वातावरण प्रदान किया जाए। स्मार्ट सिटी योजना के तहत डिजिटल सेवाएं, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, जल आपूर्ति, सीवेज प्रबंधन और ठोस कचरा निपटान जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को आधुनिक स्वरूप में बदला जाएगा।

अवधनामा



# समग्र विकास करते हुए जनकल्याण की दिशा में किए गए हैं सार्थक प्रयासः रोली सिंह

## चार वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गिनाई उपलब्धियां

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला पंचायत के चार वर्ष पूर्ण होने पर सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने विकास की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि इन वर्षों में अयोध्या जनपद के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए आधारभूत संरचनाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण की दिशा में सार्थक प्रयास किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि महोली, सरायरासी, नारायणपुर और नरौली गांवों में चार भव्य अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया है। इन सरोवरों की परिधि को हरियाली से आच्छादित करने हेतु फलदार, छायादार, औषधीय एवं सजावटी पौधों का रोपण कराया गया है, जो आने वाले वर्षों में पर्यावरणीय संतुलन की मिसाल बनेंगे।



बताया कि बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में विगत चार वर्षों में 38 किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ, जिससे ग्रामीण अंचलों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया। 103 किलोमीटर सड़कों के लेपन कार्य द्वारा गड्ढा मुक्त सड़कों का निर्माण किया गया, जिससे आवागमन सुगम हुआ। जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने हेतु 45 किलोमीटर नाले का निर्माण, जिसकी अनुमानित लागत 38.65 करोड़ रुपए रही। 2.45 करोड़ रुपए की लागत से 6297 सोलर स्ट्रीट लाइटों के माध्यम से ग्राम्यांचलों की रातें अब जगमग हो उठी हैं। साथ ही 300 मंदिरों में प्रकाश व्यवस्था कर उन्हें दिव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। जिला पंचायत कार्यालय में सौर ऊर्जा पैनल स्थापित किया गया है, जो ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह विकास यात्रा जन सहभागिता, दूरदर्शिता और पारदर्शिता के समन्वय से संभव हो सकी है।

विधायक वेद प्रकाश ने कहा कि ÷अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे समावेशी विकास के ये प्रयास वास्तव में अभूतपूर्व है। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि अमृत सरोवरों से लेकर सोलर लाइट और सड़क निर्माण तक, हर योजना में जनहित की स्पष्ट झलक मिलती है। यह सब सुशासन और समर्पण का परिणाम है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा,ग्रामीणांचल से लेकर महानगर तक उजाला और विकास की एक समान रोशनी फैली है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, पिछले चार वर्षों में जो विकास हुआ है, वह यह दर्शाता है कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया गया है। मौके पर सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, दिवाकर सिंह सहित जिला पंचायत के अधिकारी व भाजपा नेता मौजूद रहे।

# टेढ़ी बाजार से पोस्ट ऑफिस तक चौड़ी होगी सड़क, तैयार हुई कार्ययोजना

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र अंतर्गत टेढ़ी बाजार से अशर्फी भवन होते हुए पोस्ट ऑफिस तक सड़क चौड़ीकरण की योजना तैयार कर ली गई है। लोक निर्माण विभाग ने 2.57 किमी लंबे मार्ग को 5.50 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है।इस परियोजना की अनुमानित लागत 12,408.55 लाख रुपये है। अधिशासी अभियंता एसपी भारती के अनुसार, इससे तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रामनगरी का चौतरफा विकास लगातार जारी है।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से छिन रहा गरीबों का आशियाना

## जर्जर मकान में रहने को मजबूर इंद्रावती

*अवधनामा संवाददाता*





**बीकापुर-अयोध्या।** इंद्रावती का जीवन टपकती छतों के नीचे बसी उम्मीदों जैसा है, जो हर बरसात में भीगता है, लेकिन फिर भी उम्मीद का दीपक बुझने नहीं देता।एक ओर जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्की छत देने का संकल्प सरकार ने लिया है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की संवेदनहीनता और लापरवाही की वजह से बीकापुर विकासखंड के गरीब अब भी कच्चे और जर्जर मकानों में जीवन यापन को मजबूर हैं।पातूपुर ग्राम पंचायत के बल्लीपुर गांव की रहने वाली इंद्रावती पत्नी श्याम नारायण दुबे वर्षों से आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। उनका कच्चा मकान आधा गिर चुका है। बचा हुआ हिस्सा भी किसी काम का नहीं है, जिसमें घास-फूस और सरपत डालकर किसी तरह से अपना जीवन बिता रही हैं। पति और पुत्र दोनों दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पेट पालते हैं।

बरसात के मौसम में यह परिवार दोहरी मार झेल रहा है। जर्जर मकान की छत से पानी टपकता है और घर के चारों ओर गंदगी, झाड़-झंखाड़ और कीड़े-मकोड़ों का डेरा बना रहता है। जगह-जगह से पानी भर जाने के कारण बरसात में जीना दूभर हो जाता है।पीड़िता इंद्रावती का कहना है कि पिछले कई पंचवर्षीय योजनाओं में नाम जुड़वाने का प्रयास किया गया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। अब वह निराश हो चुकी हैं और सरकार की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही हैं।

गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे ने बताया कि कई बार उन्होंने विकासखंड कार्यालय में इस गरीब परिवार का नाम भेजा, परंतु सिर्फ कागजों में प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह का कहना है कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं था। जांच कराकर पात्रता के अनुसार इंद्रावती को आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

# इटहिया शिवमन्दिर पहुंचे डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

- मंदिर तक पहुंचने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग की जानकारी ली
- महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सख्ती बरतने का दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**ठूठीबारी (महराजगंज)।** गोरखपुर जोन डीआईजी डॉक्टर एस चनप्पा ने दिन शनिवार को पंचमुखी इटहिया शिवमन्दिर पहुंचकर श्रावण मेले में सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया।



पंचमुखी इटहिया शिव मंदिर पहुंचने पर डीआईजी ने एसपी सोमेन्द्र मीणा के साथ पंचमुखी भगवान शिव को जलाभिषेक किया। उसके बाद मंदिर व मेला परिसर में पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी केबारे में जानकारी हासिल की।वहीं मेले में आने वाले महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का निर्देश दिया। उन्होंने मेले में आने वाले प्रमुख रास्तों में बैरिकेडिंग के बारे में जानने के साथ श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान ठूठीबारी प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्र ने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी का विवरण उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि पूरे परिसर की निगरानी के लिए 28 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर के साथ साथ लम्हूआ मार्ग, जमुई मार्ग, लालपुर मार्ग आदि सभी मार्गों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान पर हल्का लेखपाल अजय कसौधन, मुन्ना गिरी, सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर रामसूरत पीएचसी तीन माह से डॉक्टर विहीन, जांच सेवाएं भी ठप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद के कोछा स्थित शहीद रामसूरत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली का आलम यह है कि यहां बीते तीन माह से न तो चिकित्सक उपलब्ध हैं और न ही कोई जांच सुविधा। करीब 25 हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र के लिए यह पीएचसी ही एकमात्र सहारा है, लेकिन खुद पीएचसी ही इलाज की मोहताज है। कोछा, दयालजोत, असरेवा, सरायखरगी, शिवतर, मुमारिचनगर, डेहरियांवा, मौरांवा समेत करीब 15 गांव इसी स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े हैं। इसके बावजूद, डॉक्टर से लेकर लैब टेक्नीशियन तक की अनुपलब्धता ने ग्रामीणों को दर-दर भटकने पर मजबूर कर दिया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विनय सिंह बीते तीन माह से मातृत्व अवकाश पर हैं। वहीं, लैब टेक्नीशियन मोहम्मद सईद को सीएचसी बीकापुर से संबद्ध कर दिया



गया है, जिससे खून और अन्य आवश्यक जांचें पूरी तरह ठप हो चुकी हैं। इसके चलते मरीजों को निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

**हेल्थ एटीएम बना शोपीस, सफाई व्यवस्था भी बेहाल**

स्वास्थ्य केंद्र पर प्रशिक्षित स्टाफ का अभाव इस कदर है कि सरकार द्वारा लगाया गया हेल्थ एटीएम केवल शोपीस बनकर रह गया है। सफाईकर्मी की तैनाती न होने से अस्पताल परिसर झाड़ियों और गंदगी से पटा पड़ा है। फार्मासिस्ट दुर्गेश पांडेय ने बताया कि निजी खर्च से सफाई करवानी पड़ती है।

प्रसव सुविधा भी नहीं, प्रसूताओं को करना पड़ता है लंबा सफर

जलापूर्ति के लिए लगा मोटर अक्सर खराब रहता है। प्रसव की कोई सुविधा न होने से प्रसूताओं को कोछा, बनकट, सीएचसी बीकापुर या अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की शरण लेनी पड़ती है।

**स्थानीय प्रतिनिधियों ने उठाई आवाज**

बीडीसी अनूप पांडेय, तनवीर अहमद, विनोद कुमार शुक्ला और हरिओम तिवारी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने पीएचसी की बदहाल व्यवस्था पर चिंता जताई है और स्वास्थ्य विभाग से शीघ्र सुधार की मांग की है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शनिवार को भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शक्ति सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने राम मंदिर के पीछे लालकुर्ती मार्ग पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर शक्ति सिंह ने कहा, प्रकृति हमारी जीवनदायिनी माँ है। एक वृक्ष लगाना केवल पर्यावरण को बचाने का कार्य नहीं है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, जल और जीवन देने की जिम्मेदारी का निर्वहन है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से हम हर नागरिक को यह संदेश देना चाहते हैं कि वृक्षारोपण सिर्फ एक दिन की क्रिया नहीं, बल्कि जीवन की दैनिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, वन महोत्सव प्रदेश सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। अयोध्या जैसे पवित्र नगरी में हरित वातावरण का होना अत्यंत आवश्यक है। भाजपा कार्यकर्ता हर मोहल्ले, गांव और मंदिर परिसर में पौधरोपण कर रहे हैं, ताकि आने वाला भविष्य हरा-भरा और स्वच्छ हो।कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों की भी सहभागिता रही। सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

## ग्राम सभा गुंधौर में पीडीए के नाम पर पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने बीकापुर ब्लॉक की ग्राम सभा गुंधौर चौराहे पर एक पौधा पीडीए के नाम पर रोपित किया। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में प्रत्येक ग्राम सभा में 11 पौधों का पौधरोपण किया जाएगा।पंडित समरजीत ने कहा कि जहां-जहां पौधे लगाए जा रहे हैं, वहां पांच लोगों की पीडीए कमेटी गठित की जा रही है, जो पौधों की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी निभाएगी।भाजपा सरकार की पौधरोपण नीतियों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि बिना रखरखाव की व्यवस्था के पौधे कुछ ही दिनों में सूख जाते हैं और सरकारी विभाग कागजों में उन्हें जीवित दिखाकर बजट हड़प लेते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगा दे, तो पर्यावरण स्वतः सुरक्षित रह सकता है।उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की ओर से लगाए गए हर पौधे की समुचित देखरेख सुनिश्चित की जाएगी।कार्यक्रम में अभिषेक वर्मा, विजय यादव, शेखर कोरी, विजय निषाद, संतोष कुमार, बृजलाल कनौजिया, संतराम गौड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रावण झूला मेला व कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ झूला मेला और कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राम की पैड़ी, नागेश्वरनाथ मंदिर मार्ग, धर्मपथ, परिक्रमा मार्ग तथा मणि पर्वत क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 14 जुलाई को सावन का प्रथम सोमवार है, जिसमें अयोध्या सहित बस्ती, गोंडा आदि पड़ोसी जिलों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। ऐसे में सभी तैयारियों



**श्रावण झूला मेला तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुडे व एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर**

को समय से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।प्रमुख निर्देशों में शामिल हैं-राम की पैड़ी और नागेश्वरनाथ मार्ग की सफाई, शौचालय, स्वास्थ्य शिविर, सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति और रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश।

धर्मपथ क्षेत्र में पार्किंग स्थलों को समतल कर पानी निकासी व प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश।

परिक्रमा मार्ग (हनुमान गुफा, मानस भवन, काशीराम कॉलोनी आदि) पर सभी नालों और विद्युत पोल को ढकने व ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए साइन बोर्ड लगाने की बात कही गई।

मणि पर्वत मेला क्षेत्र में मलबा हटाने, साफ-सफाई और पार्किंग व कंट्रोल रूम की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है और प्रशासन सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने हेतु प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर, पुलिस अधीक्षक नगर, उप जिलाधिकारी सदर, सीओ सदर सहित संबंधित विभागों व कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवसः राजस्व मामलों की भरमार, निस्तारण शून्य

**हैदरगंज -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** थाना हैदरगंज में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश भूमि विवाद, पैमाइश और अवैध कब्जे से जुड़ी रहीं। हालांकि, मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।समाधान दिवस में पहुंचे तहसीलदार दिनेश कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को सभी शिकायती प्रकरणों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक के साथ-साथ लेखपाल हरिओम, जय सूर्या, अजीत वर्मा, गुलशन भारती सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। पुलिस से जुड़ी कोई भी शिकायत इस दौरान दर्ज नहीं हुई।

## तारुन थाने में भी रहा समाधान दिवस, निस्तारण नहीं

**तारुन -अयोध्या।** तारुन थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से आठ राजस्व विभाग से संबंधित, तीन पुलिस संबंधी और एक शिकायत ब्लॉक कार्यालय से जुड़ी रही।

मौके पर कोई भी शिकायत निस्तारित नहीं की जा सकी। समाधान दिवस में थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी, नायब तहसीलदार रामखेलावन सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सबसे अच्छे एखलाक वाला शबीहे रसूल होता हैः मौलाना अली



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** दीन को सबसे ज़्यादा नुकसान उस जाहिल से होता है जो ये नहीं जानता की वो जाहिल है। फ़र्शे अज़ा से बनामे हुसैन जो ज़िक्र करता है उसकी रूह पाकीज़ा होती है, ईमान और तक़वे में भी इज़ाफ़ा होता है। बे मारेफत जीने से मर जाना बेहतर है। यह बात कर्बला सिविल लाइन में सलीम काज़मी द्वारा आयोजित मजलिस बराये ईसाले सवाब आलिया बेगम अहलिया मुस्तफा हुसैन को सम्बोधित करते हुए मौलाना अली मेंहदी साहब ने कही। उन्होंने यह भी कहा किअल्लाह से राबेता चाहिये तो दरे अहलेबैत पर आना होगा। सबसे अच्छे एखलाक वाला शबीहे रसूल होता है। आखिर में करबला वालों के मसायब पेश किये जिसे सुनकर सभी रोने लगे। मजलिस से पहले डा. रज़ा मौरनवी, अजमल किंतूरी, डा.मुहिब रिज़वी, हाजी सरवर अली कर्बलाई, अयान काज़मी, रज़ा मेंहदी के आलावा अली व बाकर सल्लमहू ने भी नज़रानये अक़ीदत पेश किये। आगाज़ तिलावते कलामे इलाही से मौलाना हिलाल अब्बास साहब ने किया। अली, बाकर और शाने हैदर ने नौहा ख्वानी की सीनाजनी के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ। बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# सड़क हादसे में घायल युवक का आज इलाज के दौरान मौत, कोहराम



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार की दोपहर बांसा बड़ागांव मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के निकट आमने सामने दो बाईको मे हुई टक्कर मे गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे हनुमान मंदिर के निकट दो आपाची बाइको की आमने सामने हुई टक्कर में सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ी निवासी अंकित यादव पुत्र सुभाष व दूसरी बाईक पर सवार मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी करन पुत्र सुरेश, रंजीत पुत्र बाले व विनय मौर्य पुत्र ईश्वरदीन गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे एम्बूलैंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिन्हे ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया जिसमे 20 वर्षीय करन पुत्र सुरेशचंद्र वर्मा की रात्रि मे मृत्यु हो गयी परिजन शव को लेकर घर आ गये सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


## बेटे की मौत से बुझ गया विधवा सुभाषिनी के घर का चिराग

शुक्रवार को मार्ग दुर्घटना में करन की हुई मौत से विधवा सुभाषिनी के घर का चिराग बुझ गया मृतक करन के पिता सुरेशचंद्र वर्मा की दो वर्ष पूर्व हार्ट अटैक के चलते मृत्यु हो गयी थी तथा एक मात्र संतान होने के कारण करन की मौत से विधवा माँ के सामने जीवन यापन की चुनौती बन गयी है पेशे प्राइवेट ड्राइवर होने के कारण माँ का सहारा था लेकिन बेटे की मौत से माँ का रो रोकर बुरा हाल है।

# पीड़ित माँ ने एसपी से लगाई इंसाफ की गुहार, दबंग पिता पुत्र पर हो कार्यवाही

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** देवा शरीफ के ग्राम लोहंजर में खेत मे रोपाई कर रहे एक किसान पर दबंग पिता पुत्र ने जान लेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित की माँ मंजू देवी ने बताया कि बीते गुरुवार को मेरा पुत्र शिवम रावत पुत्र सुशील रावत अपने खेत मे धान की रोपाई कर रहा था कि तभी कृष्ण कुमार पुत्र राजकुमार अपने पुत्र मयंक के साथ आ धमके और मेरे पुत्र शिवम पर धारदार बांके से गर्दन पर हमला बोल दिया जिससे उसके गर्दन पर 9 टाके लगे। शिवम पर और हमला होता इससे पहले ही माँ मंजू देवी ने बांका छीनकर दूर फेक दिया। दबंग कृष्ण कुमार अपने पास रखे पिस्तौल से हमला करते खेत मे काम कर रहे अन्य लोग दौड़ पड़े। लोगो के प्रयास से हमारे बेटे की जान बच सकी। पीड़ित मंजू देवी ने इस घटना की जानकारी देवा पुलिस को दी।

# बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं से निपटने के लिये सभी सगठन एक मच पर आयेंगे



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जनपद के समस्त विभागों के संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री एवं सक्रिय सदस्यों की एक बैठक आज स्वर्ण जयंती सभागार, विकास भवन बाराबंकी में संपन्न हुई. बैठक में उपस्थित संगठनों के पदाधिकारियों ने एक स्वर से निर्णय लिया कि जनपद स्तर की समस्याओं से निपटने के लिए हम सभी विभागों के संगठनों को एक मंच पर आना आवश्यक है. इसी क्रम में आज कर्मचारी-शिक्षक महासंघ बाराबंकी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक मंडल में डॉ आर पी सिंह बिसेन अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, मोहम्मद मुस्तफा खान अध्यक्ष विकास भवन कर्मचारी परिषद तथा राम चरण यादव अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का चयन किया गया। संयोजक मंडल में अवनीश द्विवेदी वन विभाग, गौरव वर्मा पशुपालन, राजेश मिश्रा संग्रह अमीन, धर्मराज सिंह पंचायती राज, रमेश वर्मा अध्यक्ष फार्मेसिस्ट फेडरेशन, अभिषेक सिंह बेसिक शिक्षा विभाग, कासिम अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण, राजू धानुक पंचायती राज विभाग का चयन किया गया. कार्यालय सचिव पद पर धर्मेंद्र कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग तथा आशीष कुमार रोडवेज विभाग का चयन किया गया।

कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार पंचायती राज विभाग का चयन किया गया. आज बैठक में त्वरित क्रिया दल (क्यूआरटी) का भी गठन किया गया जिसमें फूलचंद वाहन चालक संघ, शहाब खालिद अल्पसंख्यक विभाग, आनंद चौधरी स्वास्थ्य विभाग, डॉ कमल कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग तथा राकेश कुमार पशुपालन विभाग का चयन किया गया. प्रिंट मीडिया के लिए अशोक कुमार पंचायती राज विभाग तथा सोशल मीडिया के लिए पीयूष कुमार शुक्ला लोक निर्माण विभाग का चयन किया गया।

# विधायक ने जलभराव की समस्या के समाधान के लिए किया मुआयना

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली रोड पर हो रहे जलभराव की समस्या के समाधान के लिए एन एच 28 पर रोडवेज चौराह पर स्थित क्रास नाला की सफाई करने के लिए एन एच आई के जिम्मेदारों के साथ विधायक जय प्रताप सिंह ने मौका मुआयना किया साथ ही अधिकारियों से समस्या के निस्तारण को कहा।

मौके पर मौजूद एनएचआई के ए एच ए एम ई अभिषेक भारद्वाज ने कहा कि एन एच को क्रास कर ह्यूम पाइप से बनाए गए इस नाला को मशीन से ही साफ कराया जा सकता है। बताते चले कि लगातार हुई बारिश में दो बार कोतवाली रोड पर काफी जलभराव हो गया था। जिससे दुकानों में पानी भर जाने से दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ था। बार बार हो रहे नुकसान से चिंतित दुकानदारों ने अपनी समस्या से विधायक जय प्रताप सिंह को अवगत कराया। इसके बाद कोतवाली रोड पर हो रहे जलभराव की समस्या के समाधान के लिए शुक्रवार को व्यापारियों के साथ विधायक जय प्रताप सिंह ने कोतवाली रोड पर बैठक किया और मुख्य समस्या से अवगत हुए।

व्यापारियों ने उन्हें बताया कि एन एच 28 को क्रास कर ह्यूम पाइप से जो नाला बनाया गया है उसकी सफाई एन एच बनने के बाद नहीं हुई है इसमें काफी सिल्ट जमा है जिससे बरसात का पानी नहीं निकल रहा है। तत्पश्चात उन्होंने समस्या से जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर को अवगत कराया। इसी क्रम में आज मौके पर पहुंच कर विधायक जय प्रताप सिंह ने एन एच आई के अभिषेक भारद्वाज को समस्या से अवगत कराया और निस्तारण के लिए कहा जिससे पुनः दुकानदारों को इस समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही मौके पर मौजूद नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी से नाला सफाई में अपनी टीम के साथ सहयोग करने को कहा। इस अवसर पर नरेश चंदवानी, मुन्नू शेख, अशफाक अहमद, कुबेर बारी, संजय श्रीवास्तव अकरम अली पप्पू, राजेश गुप्ता गुड्डू, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी युगल ने नए यमुना पर से लगे चलांग तलाश में जुटे गोताखोर

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र में नए यमुना पुल से प्रेमी-प्रेमिका ने हाथ पकड़कर नदी में छलांग लगा दी। बाढ़ की वजह से दोनों की बॉडी गहराई में चली गई। जल पुलिस और गोताखोर नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। नदी में जाल भी डाला गया है। मगर अभी दोनों की बॉडी नहीं मिली है। जहां दोनों ने छलांग लगाई, वहां पानी में एक बैग उतराता हुआ मिला है। इस बैग में मिले 10वीं के सर्टिफिकेट से लड़की की पहचान हो सकी है। उसका नाम ज्योति गुप्ता है। वह करछना के बगुरा लकटहा की रहने वाली है।

शनिवार की सुबह बजे यमुना पुल पर एक लड़का और लड़की पहुंचे। उन्होंने पुल पर बनी रेलिंग को लांघकर दोनों पैर नदी की तरफ करके रेलिंग पर बैठ गए। उन्हें देख कर लोग चिल्लाने लगे। लोगों ने उन्हें रोकने की भी कोशिश की। कुछ लोग उन्हें पकड़ने के लिए दौड़े। तभी लड़की और लड़का एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी में कूद गए। जब तक लोग उन तक पहुंच पाते, तब तक वह यमुना नदी की बीच धार में समा गए।

# स्कूल बस पलटी, 40 बच्चे घायल

**नशे में था बस ड्राइवर, लगाया था इयरफोन**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के मैदा ग्राम सभा में आज एक बड़ा हादसा हो गया, जब स्कूली बच्चों से भरी एक बस तेज रफ्तार थी, अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में लगभग 40 छात्र - छात्राएं सवार थे, जिनमें सभी को चोटें आई हैं। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस चालक नशे की हालत में था और इयरफोन लगाए हुए था, जिससे उसका ध्यान वाहन से भटक गया। संकरी सड़क और तेज रफ्तार के चलते बस पलट गई।दुर्घटना के लगभग एक घंटे तक विद्यालय प्रशासन घटनास्थल पर नहीं पहुंचा जिससे घायलों को तत्काल राहत नहीं मिल सकी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर विद्यालय प्रशासन समय पर पहुंचता, तो घायलों को जल्दी सहायता मिल सकती थी। बस पलटने की तेज आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर दौड़े और बिना समय गंवाए बस में फंसे बच्चों को बाहर निकालने में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता से बच्चों की जान बच सकी।

दुर्घटना के कारण पुलिस, प्रशासन भी सवालों के घेरे में है क्योंकि जहां यह हादसा हुआ है वहां से जारी पुलिस चौकी की दूरी मात्र एक किमी है। इसके बावजूद पुलिस को घटनास्थल पर पहुंचने में आधे घंटे से अधिक समय लगा, इससे पुलिस और विद्यालय प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। सभी घायल बच्चों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया। स्कूल प्रबंधतंत्र का कहना है कि मामले की जांच के बाद लापरवाह ड्राइवर को हटा दिया जाएगा।

## 15 जुलाई को मांगों को लेकर कोटेदार देंगे ज्ञापन

**प्रयागराज।** ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन प्रयागराज द्वारा 15 जुलाई को जिलाधिकारी प्रयागराज व जिला पूर्तिअधिकारी को 8 सूत्रीय मांगों और समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। इस ज्ञापन का नेतृत्व गणेश प्रसाद द्विवेदी जिला अध्यक्ष प्रयागराज द्वारा किया जाएगा।

# लाठी से सिर पर वार कर देवर ने की भाभी की हत्या

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में लाठी से सिर पर वार कर देवर ने भारी की हत्या कर दी। धान की रोपाई करने से मना करने पर देवर ने खेत में ही सिर पर लाठी से वार कर दिया। इससे वह जमीन पर गिर पड़ी। धान की रोपाई कर रहे किसान दौड़े तो आरोपी भाग गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आरोपी की खोजबीन में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उतरांव थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी रामबाबू पाल की पत्नी चंदा देवी (32) शनिवार को घर से 500 मीटर दूर खेत में धान की रोपाई कर रही थी। मौके पर पहुंचा देवर राम कैलाश चंदा देवी का हाथ पकड़कर घर खींच लाया। कुछ देर बाद चंदा देवी फिर धान की रोपाई करने पहुंच गई। पीछे से पहुंचे देवर ने लाठी से उसके सिर पर वार कर दिया। इससे वह जमीन पर गिर पड़ी। साथ में रोपाई कर रहे किसान जब दौड़े तो आरोपी भाग निकला। जब तक लोग कुछ समझ पाते चंदा देवी की मौत हो गई। शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिवार के लोगों की माने तो राम कैलाश की नीयत अपनी भाभी के प्रति ठीक नहीं थी। हर समय वह भाभी के चक्कर में पड़ा रहता था। चंदा देवी टालमटोल कर देती थी। इसी बात को लेकर कई उसने चंदा देवी को मारा पीटा भी था। मृतका के दो बेटे हैं। घटना के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

## दरबारे सफ़वी में 'ज़िक्रे शोहदाये-कर्बला' जलसा आयोजित

**प्रयागराज।** दरबारे सफ़वी शाहनूर अली गंज में शनिवार की रात 'ज़िक्रे शोहदाये-कर्बला' के पाक मौके पर एक रूहानी महफिल का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुंबई से तशरीफ़ लाए आलिमे-दीन हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ़्ती शफ़ीकुल क़ादरी हनफ़ी हैदरी साहब क़िबला ने कर्बला की दर्दनाक दास्तान बयान करते हुए इमाम हुसैन व शोहदाए कर्बला की कुर्बानियों को याद किया। उनकी तकरीर सुनकर महफिल में मौजूद अकीदतमंदों की आंखें नम हो गईं। जलसे की शुरुआत नाते पाक से हुई जिसमें इमामे हुसैन की शान में शानदार नातिया कलाम पेश किए गए। प्रमुख रूप से शहाबुद्दीन चिश्ती, सुफियान फूलपुरी, रेहान हामिद सफ़वी और जिया नियाज़ी ने अपने कलामों के ज़रिए इमामे आली-मक़ाम को खिराजे अकीदत पेश की। महफिल देर रात तक इमाम हुसैन की अज़्मत और सब्र व इसार की मिसालों से रौशन रही।

# स्कूली बच्चों के द्वारा संचारी रोग के प्रति किया गया जागरूक




अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकडेगवा के स्कूल के बच्चों के साथ स्कूल चलो अभियान को लेकर रैली निकाली गई ।

इसके साथ ही सर्व शिक्षा अभियान एवं संचारी रोग के प्रति जागरूकता अभियान के तहत गांव में बच्चों के साथ रैली भी निकली गई और अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए भी कहा गया। संचारी रोग के बारे मे भी बताया गया की अपने अगल बगल साफ सफाई रखें मच्छरों से बचें ताकि बीमारी से बच सके स्वास्थ्य खराब होने पर सरकारी अस्पताल पर दवा कराये। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि पंकज वर्मा,राजमन प्रसाद, अरशद हुसैन, अनिल मिश्रा, उर्मिला आदि लोग उपस्थित रहे।

## सछास ने की छात्रों के मुद्दों पर बड़े आंदोलन की तैयारी

**प्रयागराज।** समाजवादी छात्र सभा प्रयागराज इकाई की मासिक बैठक आज समाजवादी पार्टी कार्यालय, प्रयागराज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अजय यादव सम्राट ने की।

बैठक में इलाहाबाद विश्वविद्यालय सहित संगठित महाविद्यालयों के छात्र सभा पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी शैक्षिक सत्र के लिए संगठन की रणनीति, विस्तार, और छात्रों के हितों की रक्षा के मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5000 स्कूलों को मर्ज करने का फैसला छात्रों के भविष्य पर सीधा प्रहार है। समाजवादी छात्र सभा इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ एक संगठित और व्यापक आंदोलन की तैयारी कर रही है, जिसकी रूपरेखा इस बैठक में तय की गई। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि समाजवादी छात्र सभा छात्रों की आवाज़ को हर मंच पर मजबूती से उठाएगी।

# बारिश से बदहाल हुए ग्रामीण सम्पर्क मार्ग, पैदल चलना भी मुश्किल हुआ



**मुंशीगंज।** बारिश के मौसम में ग्रामीण सम्पर्क मार्गो की स्थिति खराब हो गई है। महमूदपुर -की गोशाला को? जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है।सड़क खराब होने के कारण भूपतिपुर के लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। पूर्व प्रधान बाबू लाल सरोज ने बताया कि विधायक जी से पिछले चार साल से सड़क को ठीक कराने का अनुरोध कर रहे हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही। दोनों सड़कें लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अन्तर्गत आती हैं।

टीकरमाफी-बालीपुर संपर्क मार्ग, राजापुर -ठेंगहा संपर्क मार्ग, कोरारी -पटकापुर नहर की पटरी संपर्क मार्ग बारिश के महीने में इन सड़कों पर रास्ता चलना मुश्किल हो रहा है। सड़क से कई गिट्टी गायब हो गई है। जगह-जगह गड्ढे बन गए बने हुए हैं। सफेद गिनती बाहर दिखाई दे रही है।

यही हाल विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक संपर्क मार्गो का है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि जो पिछले साल मरम्मत कार्य में सड़के ली गई थी उनका भी हाल बेहाल है।

# विद्यालयों को युग्मन के नाम पर बंद करना सरकार का शिक्षा विरोधी क़दम : इं इमरान लतीफ़

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ ने आज डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के महतनिया गांव का दौरा कर उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थिति का जायज़ा लिया, जिसे प्रदेश सरकार द्वारा युग्मन नीति के तहत बंद करके दूसरे गाँव में स्थानांतरित करने की योजना है। इंजीनियर इमरान लतीफ ने कहा कि विद्यालय परिसर में ग्रामीणों की आंखों में आंसू थे, अभिभावक चिंतित थे और छोटे-छोटे बच्चे अपनी किताबें थामे ये समझने की कोशिश कर रहे थे कि उनकी कक्षा अब कहाँ लगेगी।

इमरान लतीफ ने सरकार के इस फैसले को असंवेदनशील, अमानवीय और गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि गांव के बच्चों की मुस्कान छीनना, सिर्फ एक स्कूल नहीं बंद करना है यह उनके सपनों के दरवाज़े बंद करना है। सरकार के इस कदम पर सवालिया निशान लगाते हुए इमरान ने कहा कि यह स्कूल महतनिया गांव के लिए सिर्फ एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि आशा और उम्मीद की किरण है। जिस गांव में परिवहन की सुविधा न के बराबर हो, वहाँ 2-3 किलोमीटर दूर दूसरे स्कूल भेजना क्या बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं है। इमरान ने कहा कि सरकार युग्मन के नाम पर शिक्षा के अधिकार कानून (ॠ्ञश्च्,्ब्ह्र) की खुलेआम अवहेलना कर रही है। यह नीति ग्रामीण गरीबों को शिक्षा से दूर करने का षड्यंत्र है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार मानती है कि सिर्फ शहरों के बच्चों को ही पढ़ने का हक है? क्या गांव के बच्चे दोयम दर्जे के नागरिक हैं? गांव के बुजुर्गो और माताओं ने लतीफ से स्कूल बचाने की गुहार लगाई। एक माता ने आंसू भरी आंखों से कहा, ÷साहब, मेरे बेटे को पहली बार किताबें मिली थीं, अब स्कूल ही छिन गया। क्या ये न्याय है?÷

इस मौके पर इमरान लतीफ ने यह भी कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन बच्चों का बचपन लौटकर नहीं आता। हम इस स्कूल को बंद नहीं होने देंगे। चाहे हमें जिस हद तक संघर्ष करना पड़े, हम पीछे नहीं हटेंगे।

इमरान लतीफ ने आगे सरकार से अपनी मांगे बताते हुए कहा कि महतिनिया प्राथमिक विद्यालय को यथावत चालू रखा जाए, युग्मन नीति की समीक्षा कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल बंद करने की प्रक्रिया पर रोक लगे और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की राय ली जाए।

इंजीनियर इमरान लतीफ ने यह चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी नीति में बदलाव नहीं किया तो एक जोरदार जनांदोलन खड़ा किया जाएगा और जनता की आवाज़ को हर फोरम तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जलाल अहमद चौधरी, सद्दाम सिद्दीकी, रामकरण गौड़, सुभाष मिश्रा, बादशाह प्रधान, गणेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## सात मामले में तीन का निस्तारण



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली बांसी में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल सात मामले पेश हुआ और तीन प्रकरण का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव ने बताया कि समाधान दिवस में अधिकतर मामले भूमि विवाद से संबंधित था। तीन का निस्तारण मौके पर हो जाने के बाद शेष चार प्रकरण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को मौके पर रवाना किया गया। कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि शासन के मंशानुसार लोगो को त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भड़ेवरा कांड में गिरफ्तार लोगों से जेल में मिले कांग्रेस के नेता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया और कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज नैनी जेल में करछना में विगत दिनों हूए बवाल में नैनी जेल में बंद दलित और आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद तीनों नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी जेल में बंद सभी लोगों को हर संभव मदद मुहैया कराएगी और उनकी कानूनी लड़ाई में भी पूरा सहयोग करेगी।

अजय राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि करछना में जो कुछ हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस तरह से दलित और आदिवासी समुदाय के लोगों को निशाना बनाया गया है, वह अस्वीकार्य है। हम उन्हें अकेला नहीं छोड़ेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें न्याय मिले।

सांसद तनुज पुनिया ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को गंभीरता से ले रही है। उज्जवल रमण सिंह ने भी अपनी बात रखते हुए कहा, ÷कांग्रेस हमेशा से वंचितों और पीड़ितों के साथ खड़ी रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जेल में बंद इन दलित और आदिवासी भाइयों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और उन्हें जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि वे इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने करछना घटना को लेकर एकतरफा कार्रवाई की है, जिससे दलित और आदिवासी समुदाय में रोष है।

उक्त अवसर पर सर्वश्री पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, मोहम्मद असलम, इरशाद उल्ला, दिवाकर भारतीय, देवी पांडेय, अब्दुल कलाम आजाद, विनय पांडे, शादाब अहमद, प्रवीण सिंह भोले, रियाज अहमद, मोहम्मद फरहान, लल्लन पटेल ,रमेश यादव, विष्णु पांडे आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# अधिकारी क्यो है मौन, मानकविहीन इंटरलॉकिंग किया जा रहा नजरअंदाज



अवधनामा संवाददाता

**गोन्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा लगातार ग्राम पंचायतों में हो रहे कार्यो में भ्रष्टाचार को लेकर तत्काल कार्यवाही कर रही है वहीं कुछ ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिव और जिम्मेदार अधिकारियों के मिली भगत से मानकविहीन कार्य करवाया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों में यह चर्चा का विषय बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोन्डा जनपद के ब्लाक पंडरी कृपाल अन्तर्गत ग्राम खमरिया हरवंश में गौशाला से रम्बलिकपुरवा लिंक रोड तक इंटरलॉकिंग का कार्य चल रहा है,जिसकी लागत लाखों में बताई जा रही है।लेकिन मानकविहीन तरीके से अनन फानन में कार्य हो रहा है। इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान गिट्टी व बजरी नही डाली गई है वहीं ऐजिंग मे? घटिया किस्म की ईंट लगाई गई है । चुनाई के लिए बनाए गए मसाले में सीमेंट की मात्रा बहुत कम होने की चर्चा है,वहीं इसके साथ ही नीचे केवल रेत डालकर सीमेन्टेड ईंटे बिछा दी जा रही है जो मानक के विपरीत होने और ग्राम सचिव व अन्य जिम्मेदारो के उदासीनता की कहानी बयां कर रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है,वहीं लोगों का कहना है कि अगर इंटरलॉकिंग कार्य के मानक की जांच कराई जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा तथा भ्रष्टाचार का जिन्न निकल? जानकारों की माने तो पहले गिट्टी विछाई जाती है तथा कुटाई होती है फिर सीमेंट मिक्स मशालें को डालकर तब इंटरलॉकिंग ईंट बिछाया जाना चाहिए। खण्ड विकास अधिकारी ओ.पी. सिंह से दूरभाष जानकारी की गई तो बताया की जानकारी मिली है जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

# जिला स्तरीय सी.एस.सी. ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. कार्यशाला संपन्न




अवधनामा संवाददाता

**गोन्डा।** सी.एस.सी. ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई।

जिला प्रबंधक सुनील तिवारी/अमन सिंह ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है,जिसमें कृषि विभाग के उप संभागीय अधिकारी सदर डॉ शिव शंकर चौधरी द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और किसान पंजीकरण में अधिक से अधिक पंजीकरण करने पर जोर दिया गया साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न अनुदानित योजनाओं के पंजीकरण सहित फसल बीमा करने पर जोर दिया गया। फसल बीमा कंपनी के जिला समन्वयक विजय सिंह द्वारा फसल बीमा के नुकसान की क्षतिपूर्ति के बारे में बताया गया।राज्य स्तर से पीयूष श्रीवास्तव द्वारा सी एस सी पर संचालित योजनाओं के बारे मे बताया गया जिसमें आधार, बीमा, पेंशन , बिजली बिल, इनकम टैक्स, सहित सभी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।उपायुक्त उद्योग बाबूराम यादव द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर लखनऊ से आये एस. बी.आई. लाइफ़ के जोनल मैनेजर रवि दीक्षित,आकाश बैजल,शिवम् तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल एसेसमेंट कैंप 16 जुलाई से, रोस्टर जारी

**सिद्धार्थनगर।** समेकित शिक्षा के तहत स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। इसके लिए सभी 14 ब्लाक संसाधन केंद्र पर 16 जुलाई से 26 अगस्त के बीच शिविर लगाया जाएगा।

बीएसए शैलेश कुमार ने बताया कि शासन की ओर से कक्षा एक से 12 तक में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्रों के प्रमाण-पत्र बनाए जाने है। चिकित्सकों की टीम द्वारा आंकलन करने के बाद दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। सीएमओ डा. रजत कुमार चौरसिया की ओर से कैम्प में चिकित्सकों की ड्यूटी तय कर दी गई है। जिला समन्वयक करुणापति त्रिपाठी ने बताया कि 16 जुलाई को बीआरसी लोटन में कैंप लगाया जाएगा। बीआरसी खेसरहा में 18 जुलाई , उस्का में 22 , खुनियान्व में 24 ,जोगिया में 26 जुलाई ,बढ़नी में 29 , नौगढ़ में 31, भनवापुर में पांच अगस्त ,बांसी में सात अगस्त , मिठवल में 12 अगस्त ,डुमरियागंज में 19 अगस्त ,बर्डपुर में 21 अगस्त, इटवा में 23 और शोहरतगढ़ में 26 अगस्त को शिविर लगाया जाएगा।

# उप निरीक्षक के स्थानांतरण पर माल्यार्पण कर विदाई समारोह



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन कोतवाली में तैनात तेजतर्रार उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र मिश्रा के कार्य देखते हुए थाना मोहाना अन्तर्गत शुद्धोधन वर्डपुर चौकी प्रभारी के पद पर स्थानांतरण किया गया है। कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने कहा इनके कार्य को देखते हुए ही बर्डपुर चौकी प्रभारी बना कर स्थान्तरण किया गया है ताकी वहां पर भी जाकर क्राईम पर अंकुश लगाया जा सके नौकरी करते समय काफी लोगों से मुलाकात होती है सभी को कोई भी खुश नहीं कर सकता है लेकिन हमेशा यही सोच रखना चाहिए कि अनावश्यक किसी भी व्यक्ति पर गलत मुकदमा दर्ज न हो प्रभारी ने कहा कि मिश्रा जी को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी वह पुरी जिम्मेदारी से निभाई है।

विदाई समारोह में माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह के दौरान उप निरीक्षक नन्दा प्रसाद,अनिल यादव, सौरभ सिंह, राजेश कुमार यादव, अबरार अहमद,लक्ष्मण धीरज पाण्डेय, शैलेश कुमार यादव, सुनील दत्त यादव, संतोष कुमार, संजीत गुप्ता, विशाल यादव आनंद निषाद आदि मौजूद रहे।

# दलाई लामा और चीन

चीन अपना दलाईलामा थोपना चाहता है। भारत राजनीतिक वजहों से इस मामले से दूरी नहीं बना सकता। दलाई लामा ने अपने 90वें जन्म दिन से पहले उत्तराधिकार से जुड़े सवालों का जवाब दिये है। उन्होंने कहा है आगे भी दलाई लामा होगे। यह पवित्र संस्था जारी रहेगी। उत्तराधिकारी की खोज उनकी मौत के बाद की जायेगी। मतलब की दलाईलामा थोपे नहीं जायेगे। इसमें दलाई लामा अपने जीवित रहते ही उत्ताधिकारी चुन लेते है। उत्ताधिकारी के सारी प्रक्रिया की जिम्मेदारी दलाई लगाने गडिन फोडरंग ट्रस्ट को सौपी है। उन्होंनें कहा है अगर चीन उनकी जगह पर किसी को नियुक्त करना है तो वैघ नहीं होगा। 14वें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से निर्वासित होने पर धर्मशाला को अपना केन्द्र बना रक्खा है।

वर्तमान दलाईलामा की मृत्यु के बाद दलाईलामा की खोज शुरू होती है कि मरने के बाद दलाईलामा ने कहा जन्म लिया और उन्हें ही दलाईलामा घोषित किया जाता है। अब चौदहवें दलाईलामा को चुनने की जिम्मेदार गोडने फोर्डरंग ट्रस्ट को दे दी है। चीन ने कहा है दलाई लामा के उत्ताधिकारी का चुनाव चीनी मान्यताओं के अनुसार होना चाहिये। पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिये। तिब्बत के दलाईलामा सिर्फ धार्मिक गुरू नही है। वह तिब्बत की संस्कृति को मजबूती देते है और उसकी वजूद ताकत देते है और उसके ताकत के केन्द्र है। 1959 में उन्हे कम्युनिस्ट सरकार की दमन की वजह से परेशान हो भारत में शरण लेनी पड़ी थी। चीन उस समय से आगे बढ़कर ताकतवर हो गया है। तिब्बत कमजोर हो गया है। इसके बाद भी दलाई लामा की वजह से दलाई लामा का ममला जिन्दा है। चीन इसे अच्छी तरह समझता है इसीलिये वह दलाईलामा के पद पर अपने प्रभाव वाले शख्स को बैठाना चाहता है।

चीन तिब्बत को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाईलामा पर ऐसी ही एक कोशिश है। चीन की वजह से दलाईलामा का मसला धर्म से आगे बढ़कर जियो पालिटिक्स रूप ले लिया है। जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा। जहां तिब्बत के लोगो ने शरण ले रक्खी है। भारत पर तो लम्बे अर्से से दबाव डालता रहा है कि भारत दलाईलामा का उसे सौप दे।

चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है। दिल्ली पेइचिंग तनाव की एक वजह यह भी है। दलाईलामा के घोषणा के अनुसार उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है। इस घोषणा से यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन इसमें भारत के लिये एक मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा। भारत के लिये घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा। भारत के लिये बार्डर से लेकर व्यापार तक हर जगह रोड़े अटकाने में लगा है।

# अखबार में छपना सबको पसंद है, पर सहयोग कौन करेगा?



हिफजुर्रहमान

आज के दौर में हर कोई चाहता है कि उसका नाम, उसकी तस्वीर या उसकी उपलब्धि अखबार में प्रकाशित हो। समाजसेवी, राजनेता, सरकारी कर्मचारी विशेष कर शिक्षक, व्यापारी, छात्र–हर कोई चाहता है कि समाज उसे देखे, सुने और सराहे। अखबार, रेडियो या टीवी जैसे माध्यम इसके लिए सबसे सशक्त मंच हैं। खासकर अखबार, जो हर सुबह हमारे दरवाजे पर सच्चाई और सूचना की गठरी लेकर आता है। लेकिन क्या कभी हमने यह सोचा है कि इस अखबार को चलाना कितना चुनौतीपूर्ण है? और क्या हम, एक पाठक या नागरिक के रूप में, इस संस्था को जीवित रखने के लिए कुछ योगदान करते हैं?

अखबार सिर्फ कागज़ और स्याही नहीं है–यह एक संस्था है, जिसमें सैकड़ों लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कार्यरत होते हैं। एक समाचार पत्र की तैयारी में रिपोर्टर, फोटोग्राफर, संपादक, ले-आउट डिज़ाइनर, प्रिंटिंग स्टाफ, मार्केटिंग और वितरण कर्मी जैसे अनेक लोग दिन-रात मेहनत करते हैं। यह केवल समाचार नहीं, बल्कि रोज़गार, समाज-निर्माण और जन-जागरूकता का भी माध्यम है।

एक अखबार को चलाने में केवल पत्रकारिता नहीं, बल्कि आर्थिक संतुलन भी ज़रूरी होता है। कागज़, प्रिंटिंग मशीन, कार्यालय, कर्मचारियों का वेतन, बिजली-पानी, इंटरनेट, और सबसे महत्वपूर्ण, रिपोर्टिंग में लगने वाला समय और संसाधन–यह सब कुछ खर्च मांगता है। अखबार की आमदनी का मुख्य स्रोत होता हैः

विज्ञापन, सब्सक्रिप्शन (वार्षिक/मासिक सदस्यता), जागरूक पाठकों का सहयोग। अगर हम अखबार से अपनी खबर, फोटो या उपलब्धि प्रकाशित करवाने की उम्मीद रखते हैं, तो क्या यह जरूरी नहीं कि हम उसकी टिकाऊ व्यवस्था के लिए भी योगदान करें?

कल्पना कीजिए कि अगर किसी दिन आपका प्रिय अखबार बंद हो जाए–तो क्या होगा? सैकड़ों लोग बेरोज़गार हो जाएंगे। जो संस्थान आपकी आवाज़ बनता था, वह चुप हो जाएगा। न तो भ्रष्टाचार उजागर होगा, न ही स्थानीय समस्याएँ ऊपर आएँगी। एक अखबार की बंदी सिर्फ एक व्यवसाय का खत्म होना नहीं है– यह एक विचारधारा का, एक जनसंवाद के मंच का खो जाना है।

जहाँ संभव हो वहाँ अपने व्यापार या आयोजन के लिए अखबार में विज्ञापन दें। अपने मित्रों, संस्थाओं, विद्यालयों में अखबार की सदस्यता को बढ़ावा दें। अखबार को सिर्फ खबर छापने का माध्यम न समझें, बल्कि उसे एक सामाजिक साझेदार के रूप में देखें सोशल मीडिया की बजाय प्रामाणिक खबरों के लिए अखबार को प्राथमिकता दें

अंत में : अखबार हमारी पहचान है, हमारी आवाज़ है, और हमारे समाज का आईना है। अगर हम चाहते हैं कि यह आईना हमें और हमारी बातों को दिखाता रहे, तो उसे साफ़ और मजबूत रखने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। अगली बार जब आप अखबार में अपनी खबर देखें, तो यह भी सोचें कि इस मंच को जीवित रखने के लिए आपने क्या योगदान दिया? क्योंकि अखबार सिर्फ खबर नहीं, हमारी सोच, हमारा समाज और हमारी स्वतंत्रता है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं।**

# आतंकवाद में डिजिटल तकनीक का बढ़ता उपयोग चिन्ताजनक



ललित गर्ग

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुँच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है। 2024 तक दुनिया



में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है। लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए?

एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्ज़र्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'ग़ज़वा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चैनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें। एफएटीएफ का चेतावनी के स्वरों में यह भी कहना है कि यदि आतंक के गढ़ एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले इन देशों ने इन सिफारिशों पर अमल नहीं किया तो उन्हें 'हाई रिस्क जॉन' की सूची में डाला जा सकता है। भारत को इस डिजिटल आतंकी खतरे से निपटने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से एक संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए।

# सोशल मीडिया की जवाबदेही तय करनी होगी

**सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अपने विचारों को एक-दूसरे के साथ साझा कर एक नई बौद्धिक दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। भारत में इंटरनेट यूजर्स की तादाद लगातार तेजी से बढ़ रही है। इसमें खासकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले यूजर्स शामिल हैं। आई.ए.एम.ए.आई. और कंतार की रिपोर्ट इंटरनेट इन इंडिया के मुताबिक, भारत में 2025 के दौरान इंटरनेट यूजर्स की संख्या 90 करोड़ के पार हो सकती है।**



रोहित माहेश्वरी

पूरी दुनिया में सूचना और संचार क्रांति की अंधी दौड़ मची है। इसमें बहुत बड़ी भूमिका इंटरनेट निभा रहा है। आज जिनके पास भी इंटरनेट है उनका एक अहम समय इसपर ही व्यतीत होता है, खासकर सोशल मीडिया पर। वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का एक अहम पहलू है। इस अधिकार के उपयोग के लिये सोशल मीडिया ने जो अवसर नागरिकों को दिये हैं, डेढ दशक पूर्व उनकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। दरअसल, इस मंच के ज़रिये समाज में बदलाव की बयार लाई जा सकती है। लेकिन, चिंता का विषय है कि मौजूदा वक्त में सोशल मीडिया अपनी आलोचनाओं के लिये चर्चा में रहता है। दरअसल, सोशल मीडिया की भूमिका सामाजिक समरसता को बिगाड़ने और सकारात्मक सोच की जगह समाज को बांटने वाली सोच को बढ़ावा देने वाली हो गई है।

हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सेना के खिलाफ इंटरनेट (सोशल) मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोपित को जमानत देने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति देशवाल ने कहा, उच्च प्रतिष्ठित व्यक्तियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाकर, ऐसी सामग्री पोस्ट करना जो लोगों के बीच वैमनस्य और घृणा पैदा करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना कुछ लोगों के समूहों के बीच फैशन बन गया है। एक अन्य मामले में बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अन्य आरोपी की जमानत खारिज करते हुए डिजिटल मीडिया के अपराधीकरण पर चिंता जाहिर की है। न्यायमूर्ति अजय भनोट ने यह टिप्पणी उस समय की जब उन्होंने वाट्सएप पर एक महिला की अश्लील तस्वीरें प्रसारित करने के आरोपी रामदेव की जमानत अर्जी खारिज की।

आज सोशल मीडिया का इस्तेमाल राजनीतिक पार्टियों द्वारा भी जम कर किया जा रहा है मगर इसका इस्तेमाल जिस तरह से हो रहा है वह वाकई चिंता का विषय है। राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ उनके समर्थक भी अक्सर शालीनता की सारी हदे पार कर लेते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के समय चुनाव आयोग ने भी राजनीतिक दलों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि वे ऐसी सामग्री प्रकाशित न करें जो झूठी, भ्रामक या अपमानजनक हो, खासकर महिलाओं के प्रति। अभियान सामग्री में बच्चों का उपयोग और हिंसा या जानवरों को नुकसान पहुंचाने का चित्रण भी निषिद्ध है। सुप्रीम कोर्ट भी कई मामलों में सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में सख्त टिप्पणियां कर चुका है। साल 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका में एक अफ्रीकी-अमेरिकी युवक की मृत्यु के बाद बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन को दौर प्रारंभ हो गया था। यह हिंसक विरोध प्रदर्शन स्वतः परंतु सोशल मीडिया द्वारा विनियोजित था। इससे पूर्व



अरब की सड़कों पर शुरू हुए प्रदर्शनों (जिसने कई तानाशाहों की सत्ता को चुनौती दी) में भी सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव का अनुभव किया गया था। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अपने विचारों को एक-दूसरे के साथ साझा कर एक नई बौद्धिक दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। भारत में इंटरनेट यूजर्स की तादाद लगातार तेजी से बढ़ रही है। इसमें खासकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले यूजर्स शामिल हैं। आई.ए.एम.ए.आई. और कंतार की रिपोर्ट इंटरनेट इन इंडिया के मुताबिक, भारत में 2025 के दौरान इंटरनेट यूजर्स की संख्या 90 करोड़ के पार हो सकती है। यह रिपोर्ट बताती है कि 2024 में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 88.6 करोड़ तक पहुंच गई थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट यूजर शहरी क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। 2024 में भारत में 88.6 करोड़ एक्टिव इंटरनेट यूजर थे। इनमें से 48.8 करोड़ ग्रामीण इलाकों से थे। यह देश के कुल इंटरनेट यूजर्स का 55 प्रतिशत हिस्सा है। देश में इंटरनेट यूजर्स में से 47 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस ट्रेंड से जाहिर होता है कि डिजिटल क्रांति अब सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों तक भी अपनी पहुंच बना रही है और वह भी हर वर्ग में। भारत में ज्यादातर यूजर ओटीटी वीडियो और म्यूजिक कंटेंट के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। चैटिंग, ईमेल और कॉल्स के साथ सोशल मीडिया का भी खूब इस्तेमाल होता है। ये एक्टिविटीज शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लोकप्रिय हैं। साथ ही, डिजिटल पेमेंट्स और नेट कॉमर्स (ई-कॉमर्स) जैसे गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, वॉट्सऐप, और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल अब सिर्फ पर्सनल चैट तक सीमित नहीं है, बल्कि इनका कमर्शियल कामकाज के लिए भी उपयोग किया जा रहा है। रील्स बनाने का ट्रेंड शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के लोगों में समान रूप से पॉपुलर है। औसत दैनिक उपयोगः इंटरनेट यूजर हर दिन औसतन 90 मिनट इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। इसमें शहरी यूजर थोड़ा ज्यादा समय (94 मिनट) तक इंटरनेट चलाते हैं। ग्रामीण यूजर्स (89 मिनट) इस मामले में उनसे थोड़ा पीछे हैं। लेकिन, यह आंकड़ा दिखाता है कि इंटरनेट अब दैनिक जीवन का जरूरी हिस्सा बन गया है, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को नया आयाम दिया है, आज प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी डर के सोशल मीडिया के माध्यम से अपने विचार रख सकता है और उसे हज़ारों लोगों तक पहुंचा सकता है। वहीं,सोशल मीडिया पर फेक न्यूज के माध्यम से समाजकंटक समाज में वैमनस्यता, नफरत फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करते हैं। बिना किसी जांच-पड़ताल के अधिकांश मुद्दों को जाति, धर्म, संप्रदाय में बांट कर वास्तविकता और संविधान की मूल भावना को दरकिनार करके असभ्य और अमर्यादित भाषा में टिप्पणी करने लगते हैं। कई लोग तो सोशल मीडिया का दुरुपयोग भी धड़ल्ले से कर रहे हैं। फर्जी फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य अकाउंट बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है। इसमें आपत्तिजनक चीजों की भरमार है जिससे सोशल मीडिया की प्राइवेसी को खतरा है। वर्तमान में सोशल मीडिया सबसे ताकतवर माध्यम है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होनी चाहिए। सोशल मीडिया को अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए सख्त नियमों का पालन करवाना चाहिए। फेक न्यूज और हेट स्पीच पर तुरंत कार्रवाई हो। प्लेटफॉर्म को कंटेंट मॉडरेशन तकनीक बेहतर करनी चाहिए। यूजर्स की पहचान सत्यापित होनी चाहिए। डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए स्कूलों और समाज में जागरूकता अभियान चलाए जाएं। शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु नियामक तंत्र मजबूत हो। विशेषज्ञों के अनुसार, सोशल मीडिया को अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए उपयोगकर्ताओं, प्लेटफार्मों और सरकारों को मिलकर काम करना होगा। आम नागरिकों में इस बात की समझ भी नहीं है कि किस बात को कैसे लोगों के समक्ष रखना है।

# हिन्दू राष्ट्र का ढोल और जातिवाद का आतंक

**दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई? और दूसरे यह कि आख़िर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया।**



निर्मल रानी

स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा गत एक दशक से देश के बहुसंख्यक समाज को भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना दिखाया जा रहा है। देश के अनेक दक्षिणपंथी नेताओं से लेकर तमाम कथावाचक व संत समाज से जुड़े लोग इसी प्रोपेगण्डे को प्रचारित करने में जुटे हुये हैं। इसी हिन्दू राष्ट्र की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफ़रत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफ़रती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर ज़हर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता, समरसता, समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को मनुस्मृति दहन दिवस के रूप में याद करते हैं। डॉ अंबेडकर ने मनु स्मृति का दहन इसलिये किया था क्योंकि यह ग्रंथ सामाजिक असमानता और जाति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षाओं को बढ़ावा देता है । जबकि मनु स्मृति का विरोध व इसके दहन का उद्देश्य दलितों और शोषित वर्गों के लिए समानता और न्याय की मांग को प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त करना था।



सवाल यह है कि दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई? और दूसरे यह कि आख़िर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया। और इस सामूहिक धर्म परिवर्तन समारोह में डॉ. आंबेडकर के साथ उनके लगभग 3,80,000 अनुयायियों ने जिनमें मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे, बौद्ध धर्म स्वीकार किया। आज भी इस सामूहिक धर्म परिवर्तन को भारत में सामाजिक समानता और दलित आंदोलन का एक महत्वपूर्ण क़दम माना जाता है।

परन्तु दुःख का विषय तो यह है कि शोषित वर्ग द्वारा किये गये इस धर्म परिवर्तन के बावजूद आज भी मनुवादियों की सोच में कोई अंतर नहीं आया है। बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह जातिवादी विचारधारा गत दस वर्षों में और भी सिर चढ़ कर बोलने लगी है। और तो और अब इस जातिवादी सोच का शिकार केवल दलित समाज के लोग ही नहीं बल्कि पिछड़ी जातियों के लोग भी होने लगे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के इटावा ज़िले में केवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में देखने को मिला। यहाँ भागवत कथा कहने आए यादव समाज से सम्बन्ध रखने वाले एक कथावाचक भागवताचार्य व्यास मुकुट मणि के साथ ब्राह्मण समाज के लोग अत्यंत क्रूरता से पेश आये। कथावाचक को अपमानित किया उनके साथ मारपीट की और उनकी चोटी काटकर इस क्रूरता का वीडियो भी वायरल कर दिया गया। उनका कुसूर यही बताया गया कि कथा वाचन कर रहे व्यास, ब्राह्मण समुदाय के नहीं थे इसलिए उनकी चोटी काट दी गई और उनका वीडियो वायरल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाल काटने के बाद 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर भी रखा गया। जातिवादी क्रूरता का अध्याय यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि पीड़ित कथावाचक के अनुसार भागवत कथा के दौरान जो ब्राह्मण महिला परीक्षित थी, उसके पैरों पर कथावाचक की जबरन नाक रगड़वाई गई और उसी ब्राह्मण महिला के मूत्र से उस पर छिड़काव भी किया गया। उस पंडितानी महिला का मूत्र छिड़कने के बाद इन जातिवादियों द्वारा उससे कहा गया कि ब्राह्मण का मूत्र तुम्हारे ऊपर पड़ गया अब तुम पवित्र हो गए। ज़रा सोचिये कि कौन सी शिक्षा व संस्कार हैं जो इस क्रूरता के लिये जाति विशेष के लोगों दूसरी जातियों के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हैं? दलितों के साथ तो ऐसी घटनाएं गोया आम बात हो चुकी हैं। पिछले दिनों ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना उड़ीसा में हुई जहाँ गोतस्करी का आरोप लगाकर कुछ जातिवादी गुंडों द्वारा पहले तो उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गयी। जब दलित युवक पैसे देने में असमर्थ हुये तो उन दोनों युवाओं को 2 किलोमीटर तक घुटने के बल चलने के लिये मजबूर किया गया। इनके सर के बाल भद्दे तरीक़े से काटे गये उन्हें मारा पीटा गया ,उनके कपड़े फाड़े गये, उन्हें घास फूस खिलाई गयी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें नाले का गन्दा पानी पीने के लिए भी मजबूर किया गया। इस तरह की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं। अफ़सोस यह कि ऐसी क्रूर सोच व घृणित संस्कार रखने वाले लोगों को अनेक संतों व नेताओं का समर्थन भी मिल जाता है और वह मनुस्मृति जैसे जातिवादी धर्म ग्रंथों व संहिताओं से ही ढूंढ कर इन जातिवादियों के पक्ष में तर्क भी पेश कर देते हैं। और ऐसे ही जातिवादी लोगों के पैरोकार व समर्थक ही हिन्दू राष्ट्र व हिन्दू एकता जैसी विरोधाभासी बातें भी करते हैं। और इससे भी बड़ी हास्यास्पद बात यह है कि यह शक्तियां अपनी कुरीतियां छुपाने के लिये अपने धर्म ग्रंथों व संहिताओं का ज़िक्र करने के बजाये मुग़लों का नाम लेने लग जाती हैं। यानी एक ओर तो यह हिन्दू धर्म व संस्कृति को विश्व का सबसे प्राचीन धर्म बताते हैं जिसमे वर्ण व्यवस्था का ज़िक्र और इस व्यवस्था का महिमामंडन जगह जगह किया गया है दूसरी ओर मात्र 1400 वर्ष पुराने इस्लाम धर्म पर अपनी जातिवादी व्यवस्था का ठीकरा फोड़ने की कोशिश करते हैं।

# बारिश से उफनाए नाले में गिरकर युवक बहा, 10 घंटे से चल रहा सर्च ऑपरेशन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में बारिश के बाद उफनाए नाले में शनिवार सुबह एक युवक गिर गया। वह तेज धार के साथ बह गया। सूचना मिलने पर पहुंची नगर निगम की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। दस घंटे तक सघन अभियान के बाद भी युवक का पता नहीं लग सका। इस बीच नाराज लोगों ने हरदोई रोड पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

मामला शनिवार सुबह का है। ठाकुरगंज स्थित राधा ग्राम योजना निवासी पेशे से पेंटर सुरेश लोधी(40) काम पर जाने के लिए सुबह सात बजे घर से निकले थे। बाहर सड़क पर दो फिट से अधिक पानी भर गया था। सड़क किनारे बना नाला खुला हुआ था और जलभराव के चलते नाला नजर नहीं आ रहा था। सुरेश का पैर अचानक फिसल गया और वह नाले में गिर गए। स्थानीय लोगों के अनुसार वह तेज धार पानी में बह गए। लोगों ने उनकी पत्नी रेनू लोधी व परिजनों को इसकी सूचना दी। इसके करीब दो घंटे बाद नगर निगम, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड व एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची। नगर निगम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। टीमों ने पांच सौ मीटर तक नाला खंगाला, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं लग सका। देर शाम तक सर्च ऑपरेशन जारी रहा। उधर यह खबर आग की तरह फैल गई और लोगों का मजमा भी लग गया।



■ परिजनों ने लगाया जाम, आठ फुट गहरा है नाला, खुले थे ढक्कन

स्थानीय लोगों ने बताया कि तकरीबन एक महीने पहले नाले की सफाई करवाई गई थी। लेकिन नाले पर पड़े ढक्कनों को हटाने के बाद दोबारा नहीं रखा गया। इसके चलते जहां सुरेश लोधी नाले में गिरे, वहां पर ढक्कन नहीं होने की बात कही जा रही है। मजलिस पढ़ने जा रहे शिया धर्मगुरू कल्बे जव्वाद शनिवार को मजलिस पढ़ने जा रहे थे। रास्ते में मंजू टंडन रोड पर हुए हादसे को देखते हुए वह मौके पर रुक गए। उन्होंने नाले पर कवर नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही पीड़ित के परिजनों के साथ संवेदनाएं भी जताई। दूसरी ओर सपा नेता पूजा शुक्ला ने भी परिजनों से मुलाकात की। ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पूजा ने नगर निगम की लापरवाही पर नाराजगी भी जताई। ठाकुरगंज में पेंटर के नाले में डूबने के बाद जब शाम तक सर्च ऑपरेशन में टीमें खाली हाथ रहीं तो नाराज लोगों ने हरदोई रोड पर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के सामने सड़क जाम की। इस बीच पुलिस से भीड़ की धक्कामुक्की भी हुई। लोगों ने नगर निगम की लापरवाही पर नाराजगी जताई।

## पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने दो गैंगस्टरों की सम्पत्ति को किया जब्त

**महोबा।** प्रशासन द्वारा जिले के आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों और गैंगस्टरो के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का सिलसिला निरंतर जारी है। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर पुलिस और राजस्व विभाग ने दो अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क कर दी है। दोनो आरोपी जिला हमीरपुर के निवासी है और कबरई में अवैध रुप से जमीन व मकान खरीदे गए थे। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जिले के बदमाशों और गैंगस्टरों में दहशत व्याप्त हो गई हे। जिले में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों में लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने के जिला पुलिस को निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत अनिल उर्फ अन्नी सोनी पुत्र केशव प्रसाद सोनी, निवासी मोहल्ला चौबट्टा थाना राठ तथा अनिल उर्फ लल्ला पुत्र मैयादीन राजपूत निवासी कुर्रा थाना राठ जनपद हमीरपुर के खिलाफ कबरई पुलिस और राजस्व विभाग की टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दोनो की करीब डेढ़ करोड़ की अवैध संपत्ति को जब्त किया गया।

# मत्स्य कृषकों की आजीविका में होगा सुधार

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं शोध केंद्र इटावा में 10 जुलाई को राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस समारोह मनाया गया। इस वर्ष यह समारोह हेल्दी फिश फॉर ए हेल्दी नेशन की थीम पर आयोजित किया गया। छात्र छात्राओं की मत्स्य पालन एवं प्रकृति जल स्त्रोतों में इसके संरक्षण की अभिरुचि पैदा करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा इन प्रतियोगिताओं में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के साथ-साथ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी तथा दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने चित्र,कविता तथा नारा लेखन (स्लोगन)के माध्यम से मत्स्य पालन की आवश्यकता, इ सकी संभावनाओं तथा इसके सामाजिक, आर्थिक पहलुओं को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। चित्र लेखन प्रतियोगिता में प्रियांशी ने प्रथम, कैफ़ी ने द्वितीय और धीरज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में अनु कुशवाहा ने प्रथम, संध्या साहनी ने द्वितीय, धीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में संध्या साहनी ने प्रथम, धीरज द्वितीय एवं दिव्यांशु ने तृतीय स्थान हासिल किया।



■ मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय इटावा में मनाया गया राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों तथा किसानों को मत्स्य पालन के प्रति जागरूक करना,उन्हें इस के व्यावसायिक पहलुओं से अवगत कराना,मछलियों की पौष्टिक गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य के लिए उपयोगिता तथा मत्स्य पालन द्वारा स्वरोजगार के माध्यमों से आत्मनिर्भर बनाना था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के डीन प्रोफेसर (डॉ)एन के शर्मा ने छात्रों को रचनात्मक के लिए सराहा। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अजीत सिंह ने राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस के अवसर पर इस दिन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मत्स्य कृषकों की आजीविका में सुधार तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। मत्स्य पालन के क्षेत्र में हो रहे नवाचार,नई तकनीकियों और उनके उपयोग से मछुवारों के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इस दिन गुरु पूर्णिमा का त्यौहार भी मनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा सभी गुरुजनों का श्रीफल और शाल देकर सम्मान किया गया। यही नहीं छात्रों के द्वारा गुरुओं के लिए। भावनात्मक विचार व्यक्त कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरुजनों ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# बांधों का लगातार बढ़ रहा जलस्तर, निकासी शुरू



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में शुक्रवार देर रात से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण बांधों का जलस्तर बढने् से प्रशासन ने 9 बांधों के गेट खोलकर पानी छोडने् का निर्णय लिया है। रोहिणी बांध से 12,000 क्यूसेक और उटारी बांध से 1,200 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। लोवर रोहिणी बांध से 2,275 क्यूसेक और जमरार बांध से 3,500 क्यूसेक पानी निकाला जा रहा है। भवानी बांध के दस गेट खोलकर 9,647 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बंडई बांध से 800 क्यूसेक और भौरट बांध से 5,770 क्यूसेक पानी निकाला जा रहा है।

शहजाद बांध के तीन गेट से 8,907 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कचनौंदा बांध के 9 गेट खोलकर 80,500 क्यूसेक पानी निकाला जा रहा है। बारिश को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठवीं तक के सभी विद्यालयों में शनिवार को अवकाश घोषित किया है।

## दूध डेयरी में चोरी की घटना

**ललितपुर।** शहर में चोरी की बढ़ती घटनाओं ने लोगों में दहशत का माहौल बना रखा है। हैरत की बात यह है कि विगत दिवस कोतवाली सदर से चंद कदमों की दूरी पर ही सीएमओ कार्यालय के मुख्य द्वार किनारे स्थित दूध-डेयरी की दुकान में घुसकर बदमाशों ने गुल्लक में रखे हजारों रुपये की चोरी कर पुलिस के इकबाल को सीधे चुनौती देने का काम किया है। इस सम्बन्ध में मोहल्ला घुसयाना निवासी संग्राम सिंह ग्वाला पुत्र मुन्नालाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह श्रीकृष्णा दूध डेयरी के नाम से दुकान का संचालन सीएमओ कार्यालय के मुख्य द्वार के बगल में करता है। बताया कि बीती 10 जुलाई की रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। इसके बाद अगले दिन सुबह करीब 11 बजे जब वह 7 बजे दुकान खोलने पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान की शटर किनारे काउण्टर में गुल्लक के ताले टूटे हुये हैं।

# व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर एडीएम ने दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में विभिन्न व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के द्वारा कई समस्याओं को उठाया गया।

एडीएम ने संजय कुमार जैन के प्रकरण में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दुकान की जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, विद्युत विभाग के द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगवाये जा रहे है उनमें मीटर के साथ तार नहीं लगाये जाने एवं बिल भरने पर कनैक्शन तुरंत जुडने आदि की समस्याओं उठाई गयी। एडीएम ने नलों में आ रहा गन्दा पानी को शुद्ध करने, मांस मछली की दुकानों को एक निर्धारित स्थान पर अवस्थित करने तथा घंटाघर से सावरकर चौक के मध्य एवं कटरा बाजार में अतिक्रमण करने वालें के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। बैठक में आह्वान किया गया कि अधिक से अधिक जीएसटी पंजीयन कराये जिससे प्रदेश के राजस्व में वृद्वि हो एवं व्यापारियों को भी प्रदेश एंव केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकें। संचालन उपायुक्त राज्य कर हीरालाल जायसवाल ने किया। बैठक में प्रधान सहायक मनीष कुमार, व्यापारी नेता महेन्द्र जैन मयूर, सुरेश, अनिल जैन, शैलेन्द्र, समित, मुकेश जैन, मनीष जैन, अजित कुमार जैन अज्जू बाबा, शानू बाबा, अनिल अंचल, अभय कुमार जैन, अखिलेश शर्मा इत्यादि बडी संख्या में अधिकारीगण एंव व्यापारी नेता उपस्थित रहें।



## संक्षिप्त समाचार

### एसपी व एडीएम ने की जनसुनवाई



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक महोदय सम्भल श्री कृष्ण कुमार व अपर जिलाधिकारी महोदय जनपद सम्भल की अध्यक्षता में थाना असमोली पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाने पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी महोदय, क्षेत्राधिकारी महोदय असमोली कुलदीप कुमार व राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### एसपी ने सत्यव्रत जामा मस्जिद पर लगे पुलिस बल को चेक किया



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार द्वारा थाना संभल की सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बने कंट्रोल रूम तथा जामा मस्जिद पर लगे पुलिस बल को चेक किया गया तथा मौजूद पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान बरते जाने वाली सावधानियों के सम्बन्ध में ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी संभल श्री प्रदीप वर्मा व उपजिलाधिकारी संभल श्री विकास चंद्र आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

### एक युद्ध नशे के विरूद्ध आदि अभियान चलाया गया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक कुमार सिद्धू जनपद संभल के निर्देश के क्रम में थाना एएचटी जनपद सम्भल व गौरी शंकर चौधरी प्रोजेक्ट मैनेजर जस्ट राइट्स प्रयत्न संस्था जनपद संभल की संयुक्त टीम द्वारा थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत बाल श्रम/ऑपरेशन खोज/ एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि अभियान चलाए गया। अभियान के दौरान बहजोई क्षेत्र में स्थित किशोरी लाल एंड संस कोल्ड स्टोरेज, एस डी ग्रुप कोल्ड स्टोरेज, दौलत कोल्ड स्टोरेज आस कंपनी, मां गायत्री कोल्ड स्टोरेज बहजोई को चेक किया गया तथा हिदायत दी गई कि नाबालिग बालकों से किसी भी दशा में कार्य न कराया जाए बाल श्रम एक अपराध है।

### परामर्श सुलह समझौता केंद्र में दो परिवारो को मिलाया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** संभल में पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में महिला थाने में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलन द्वारा किया गया जहां कुल 7 प9त्रावली सुनकर 15 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 2 परिवार को मिलाया गया तथा 13 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। एवं एक पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई।

# गुरूपूर्णिमा पर हुआ यज्ञोपवीत संस्कार समारोह

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नईबस्ती गांधीनगर में स्थित गायत्री मंदिर पर भृगुवंशीय जोशी ब्राह्मण समाज समिति के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार गुरू पूर्णिमा पर्व पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरू पूर्णिमा पर्व पर हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित कर गुरु की महिमा का वर्णन करते हुये गुरू-शिष्य परम्परा की सनातन परम्परा पर प्रकाश डालते हुये जोशी समाज के स्वाजातीय नव आयुवर्ग के व्यक्तियों सहित समिति के पदाधिकारियों का यज्ञोपवीत, उपनयन संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मास्टर साहब पं.कैलाश जोशी मड़ावरा वालों ने महर्षि भृगु के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। हवन-पूजन व यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम को समाज के पुरोहित पं.मोहनलाल द्वारा सम्पादित कराया गया। इस दौरान उनके द्वारा यज्ञोपवीत धारण करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में समाज की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया। अंत में भृगुवंशीय जोशी ब्राह्मण समाज समिति के जिलाध्यक्ष पं.पुरूषोत्तम नारायण जोशी सहित समस्त पदाधिकारियों ने समाज के पुरोहित पं.मोहनलाल को श्रीफल व शॉल भेंट कर विदाई की गयी। जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष पं.उमाशंकर जोशी ने आभार जताया। इस दौरान केशवदास जोशी, शोभाराम थनवारा, नारायणदास मास्टर, हरनारायण जोशी, कमलेश जोशी, रमेश, राजाराम, निर्जेश कुमार, सुमित, भरत कुमार, हर्षित कुमार, विनय कुमार जोशी, विवेक कुमार जोशी, ऑडीटर जागेश्वर प्रसाद, मीडिया प्रभारी प्रदीपशर्मा, ओमप्रकाश वरिष्ठ लिपिक, संतोष कुमार कोषाध्यक्ष, संजीव कुमार जोशी, अनिल जोशी, यज्ञदत्त शर्मा संगठन मंत्री, मनोज आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



■ भृगुवंशी जोशी ब्राह्मण समाज समिति ने किया आयोजन

## डीएम की अध्यक्षता मे जन चौपाल गाँव की समस्या गॉव में समाधान

**सम्भल (बहजोई)।** आज विकासखंड असमोली के ग्राम पंचायत कुतुबपुर सक्ता में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जन चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया।

जिसमें विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। एडीओ आईएसबी कुलदीप द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पाद तथा अन्य योजनाओं के विषय में बताया गया। एडीओ एजी द्वारा कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं पीएम कुसुम योजना, फार्मर रजिस्ट्री तथा फैमिली आईडी आदि के विषय में बताया।

# पार्षद-सफाई कर्मी के बीच विवाद ने पकड़ा तूल



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वार्ड संख्या 15 से निर्वाचित पार्षद मनमोहन चौबे व सफाई कर्मी मंजीत करौसिया के बीच हुआ विवाद का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पार्षद पर एफआईआर दर्ज कराये जाने की मांग पर अड़े सफाई कर्मियों ने कामबंद हड़ताल का आगाज किया है। सफाई कर्मियों ने घण्टाघर स्थित नपा कार्यालय के नीचे लामबंद होकर प्रदर्शन शुरू किया है। प्रदर्शन के पहले दिन सफाई कर्मी मंजीत करौसिया ने बताया कि अपना दल (एस) की महिला नेत्री दीपमाला कुशवाहा ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर सफाई कर्मियों की पीढ़ा को सुना। उन्होंने कहा कि जब तक पार्षद के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं होती, तब तक वह अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल को जारी रखेंगे। इस दौरान संजय करौसिया (संजू कप्तान), राजकुमार नाहर, कुंजबिहारी बाबरा, प्रियंक करौसिया, अजय कुमार, बृजेश नहारिया, आदर्श करौसिया, रामू पहलवान, रामू चौहान, मंजीत करौसिया, छोटेलाल, अशोक मारौठिया, जिनेन्द्र करौसिया, रिषी कुमार, रहमान, महेन्द्र यादव, ब्रजेन्द्र, विजय, वीरेन्द्र, शानू सहित सभी स्वास्थ्य नायक, सफाई कर्मचारी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

■ काम बन्द हड़ताल पर चले गये सफाई कर्मी

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण को स्वस्थ रखने का संदेश



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** विश्व युवक केन्द्र नई दिल्ली एवं कनक जन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम अभियान गतिविधियों के अंतर्गत बृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। पौधों का रोपण किया गया जिसमें अमरूद, सहजन, आम, बेल, पपीता, तुलसी, सीताफल, जामुन, नीम, पीपल, अर्जुन, पाम ट्री, गुलमोहर, बबूल आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कनक जन कल्याण समिति अध्यक्ष जयेश बादल ने कहा कि जन सहयोग से ही वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम सफल होते हैं। यह न केवल सामाजिक बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए वृक्ष लगाकर हमको शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित की है। अब हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी पीढ़ी के लिए वृक्ष लगाएं। मुख्य अतिथि जे.पी. यादव ने कहा वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी देते हैं। आज का वृक्षारोपण हमारे आने वाले कल के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

## कांग्रेस ने ब्लाक महरौनी और मड़ावरा में बनाए गए मंडल अध्यक्ष

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सर्जन कार्यक्रम के तहत मंडल अध्यक्ष बनाये जाने है। जिला कांग्रेस कमेटी और जिला प्रभारी कुंवर मुकुट सिंह, जिलाध्यक्ष डा.दयाराम, नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे, उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल के नेतृत्व में महरौनी और मड़ावरा में बैठकर संपन्न हुई। जिला प्रभारी ने कहा कि हर 15 बूथ से 25 बूथ तक एक मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा, जिसमें मंडल अध्यक्ष को कांग्रेस शक्तियां प्रदान करेगी और उसे अपनी कमेटी बनाने का अधिकार होगा। बूथ कमेटियों को भी बनाएगा बूथ कमेटी के साथ-साथ हर बूथ पर बीएलए 1 और बीएलए 2 भी बनाया जाएगा। हर ग्राम में कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिसमें महरौनी प्रभारी जिला उपाध्यक्ष जिनेंद्र जैन, महासचिव बृजेश मिश्रा, सचिव रामदेवी, ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम कुशवाहा एड., नगर अध्यक्ष राकेश सेन की मौजूदगी में बैठक हुई।

# प्राथमिक विद्यालय को दूसरे गांव में विलय न करने की गुहार

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सरकार ने प्रदेश भर के करीब पांच हजार से अधिक प्राईमरी विद्यालयों को विलय करने का आदेश दिया है, जिसके क्रम में कार्यवाही भी शुरू है। इसी क्रम में ललितपुर के भी करीब ढ़ाई सौ से अधिक विद्यालय विलय की जद में है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नकवाना के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, बेसिक शिक्षा विभाग को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर प्राथमिक विद्यालय का विलय न किये जाने की मांग उठायी है। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत बरखेरा के ग्राम नकवाना में प्राथमिक विद्यालय में संसाधन अधिक हैं, जबकि सेवनी कलां में सिर्फ 2 कमरे हैं। फिर भी नकवाना के विद्यालय को सेवनीकलां के प्राथमिक विद्यालय में विलय करने की सूचना मिल रही है, जबकि ग्रामीणों के लिए नकवाना के अलावा किसी दूसरे विद्यालय में जाने के लिए कोई सही मार्ग या संसाधन नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि सेवनी कलां जाने के लिए मार्ग में नाला पड़ता है जो कि असुरक्षित है एवं कुंआ आदि पड़ते हैं, जिससे यह मार्ग बच्चों के लिए भी सुरक्षित नहीं है। आगे बताया कि उक्त सेवनी कलां के विद्यालय की दूरी करीब 7 किमी दूर है। इस कारण बच्चों की शिक्षा पर गहरा असर पड़ेगा और नाला, कुंआ आदि पडने् से घटनाओं के बढने् का अंदेशा बना रहेगा। ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुये प्राथमिक विद्यालय नकवाना को सेवनीकलां में विलय न किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में जगतपाल, सुरेन्द्र, चन्द्रपाल, रामकुमारी, सचिन, नेहा, हम्मीर, रामअवतार, भागीरथ, लालसिंह, महेश, रामेश्वर, शोभाराम, जहान सिंह, जगभान, जयहिन्द के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।



■ ग्रामीणों ने मुख्यालय पहुंचकर प्रशासन को भेजा ज्ञापन

# ब्रह्माकुमारीज में चिकित्सा प्रभाग एवं कला संस्कृति का रहा अनूठा संगम



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में एक अनूठे और प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सा और कला संस्कृति दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस विशेष समारोह का उद्देश्य न केवल डॉक्टरों के द्वारा मनुष्यों के जीवन रक्षा एवं सेवा भावना को सराहना देना था, बल्कि कला संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा भावनात्मक उपचार और जागरूकता फैलाने वाले कलाकारों को भी मंच पर अंगवस्त्र, तिलक, स्लोगन कार्ड से सम्मानित किया गया। जिसका शुभारंभ राजयोग के साथ कार्यक्रम को आध्यात्मिक गति प्रदान करते हुए दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। जिसमें राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी द्वारा सेवा के दोनों स्वरूपों पर उद्बोधन हुआ। बीके मायारानी दीदी ने कहा कि चिकित्सा भी एक कला है जिसमें शरीर की बीमारी डॉक्टर्स दूर करते हैं और आत्मा की बीमारी कला और आध्यात्मिकता दोनों से होती है। जिसमें विशिष्ट अतिथियों ने ब्रह्माकुमारीज से प्राप्त दिव्य अनुभूतियों एवं सेवाओं की सराहना करते हुए। जिसमें डा.राजकुमार जैन, डा.पवन सूद, डा.हरजीत कौर, डा.विकास गुप्ता, डा.श्रीराम साहू, डा.सौरभ देवलिया, डा.रामगोपाल साहू, डा. तेजस्व अन्य बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय जयगुरुदेव गुरु पूर्णिमा मेला का समापन

■ मेला के दौरान संपन्न कराये गये दहेज रहित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बाई पास स्थित जयगुरुदेव आश्रम परं चल रहे पांच दिवसीय जयगुरुदेव गुरुपूर्णिमा मेला के अंतिम दिन प्रातःकाल उपदेशक बाबूराम ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी महापुरुषों ने मानव शरीर को सर्वश्रेष्ठ बताया है क्योंकि यह साधना का धाम है। आत्मा के साथ मन लगा हुआ है जिसमें बड़ी चंचलता है। जब शब्द की साधना साधक करते हैं तो उसे पकड़ कर मन अपने स्थान पर जाकर शान्त हो जाता है। सन्त सतगुरु की बैठक ऊपरी मण्डलों में है वहां पहुंचने पर सारे ब्रहमाण्ड की रचना दिखाई पड़ती है। इसलिये सभी को अपने मानव जीवन को सफल बनाने की चिन्ता करनी चाहिये अन्यथा दीवाने



मन भजन बिना पछतइहो। सतीश चन्द्र जी ने अपने प्रवचन में कहा कि तीज त्योहार एक नई चेतना व उत्साह लेकर आते हैं। उसे महात्माओं ने आध्यात्मिक रूप भी प्रदान किया। जीवात्मा मानव शरीर में कैसे आती है, कैसे निकाली जाती है, इसका नियन्त्रण कैसे होता है ये सभी गूढ़ अध्यात्मवाद के विषय हैं जिनकी जानकारी सन्तों के सानिध्य व उनके सत्संग से होती है। इसलिये गृहस्थ आश्रम में रहकर अपना लोक परलोक दोनों बनायें। कुछ समय निकाल कर नित्य प्रभु की याद करें। शाकाहार अपनाने, नशों के त्याग व आंखों में मां, बहन, बेटी की पहचान लाकर अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें तथा आने वाले भविष्य को अच्छा बनायें। आज गुरु पूर्णिमा सत्संग मेला का समापन है। इस आयोजन में 1 दर्जन दहेज रहित विवाह सम्पन्न हुये। हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं। संस्थाध्यक्ष पंकज जी महाराज ने पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा सत्संग मेला में अपना सद्भावपूर्ण सहयोग प्रदान करने वाले सभी सम्मानित अधिकारियों कर्मचारियों व समस्त ब्रजवासियों का आभार व्यक्त किया है।

## मथुरा में बेखौफ बदमाश मकान मालिक और किराएदार पर फायरिंग

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात को बाइक सवार बदमाशों ने किराएदार पर फायरिंग कर दी। वारदात में उनकी बाल-बाल जान बची। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से तीन से चार कारतूस के खोखा बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना मंडी चौकी क्षेत्र शिवपुरी की है। शुक्रवार रात को मकान मालिक और किराएदार आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान तीन बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे। इसके बाद गोली चलाने लगे। गोलियों की आवाज सुनकर गांव में दहशत मच गई। बदमाशों ने मकान मालिक सूरजभान और उनके किराएदार पर गोलियां चला दीं। 2-3 राउंड की फायरिंग में एक गोली किराएदार की गोद में बैठे ढाई साल के बच्चे को छूकर निकल गई।

हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष से शिकायत ली गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# भरतिया पहुंचे सपा सांसद रामजीलाल सुमन, सरकार पर लगाये आरोप

अवधनामा संवाददाता

■ सरकार को बताया दलित विरोधी, कानून व्यवस्था पर खड़े किए सवाल

**मथुरा।** सपा सांसद रामजीलाल सुमन शनिवार दोपहर थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया पहुंचे। एक सप्ताह पूर्व क्षतिग्रस्त हुई आंबेडकर प्रतिमा का निरीक्षण किया। इसके साथ ही आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही। साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। सरकार को दलित विरोधी बताया। थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में नामजद युवक ने अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी थी। जिसमें आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ। आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त मामले में सपा सांसद रामजीलाल सुमन भी भरतिया पहुंच गए। सपा सांसद रामजीलाल सुमन थाना जैंत क्षेत्र के गॉव भरतिया में अंबेडकर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। रामजीलाल सुमन ने लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस से प्रतिमा लगने का समय पूछा। वहीं उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अपराधियों की सरकार है और इसमें आम आदमी सुरक्षित नहीं है और उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि उत्तर प्रदेश की सरकार सबसे खराब सरकार है। मै नहीं समझता कि इससे ज्यादा सही मूल्यांकन किसी भी सरकार को नापने का दूसरा हो सकता है। जहां भी डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमाएं टूट रही हैं, पूरे देश और समूचे उत्तर प्रदेश में एक विचार को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। डॉक्टर आंबेडकर महान थे। उन्होंने कमजोर वर्गों को सम्मान की जिंदगी जीने का रास्ता बताया। वो दलितों के मसीहा हैं। कुछ सामंती मनोवृत्ति के लोग प्रतिमाओं को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। जहां भी डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमाएं टूट रही हैं। वहां अपराधियों के खिलाफ जो कठोर कार्रवाई हो सकती है। वहां अपराधियों के खिलाफ जो कठोर कार्रवाई हो सकती है। वो नहीं हो रही हैं। जहां घटना होती है वहां शासन प्रशासन कठोर कार्रवाई कर दे तो उससे संदेश जाता है कि आगे कोई अपराध होगा तो उनके खिलाफ इस हद तक की कार्रवाई हो सकती है। ये अपराधियों के मनमुताबिक सरकार है। योगी की सरकार अपराधियों की सरकार है। इसमें आम आदमी सुरक्षित नहीं है। सरकार का पूरा जोर धार्मिक कार्यक्रमों पर है। जनता की जिंदगी से जुड़े मुद्दों पर सरकार का ध्यान नहीं है। हिंदू मुसलमान के नाम पर जो तनाव पैदा कर रहे हैं वो समाज और देश के दुश्मन हैं। बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि किसी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करनी है तो उसके लिए कानून है। कानून दण्ड देगा। बुलडोजर संस्कृति बंद होनी चाहिए। गुनाह करने वालों के लिए कोर्ट में सजा का प्रावधान है। उस प्रक्रिया का इस्तेमाल करना चाहिए।

## पुलिस अधीक्षक ने टीमों का गठन कर समस्याओं का निस्तारण करने के दिए निर्देश

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिले के थाना कुलपहाड़ एवं थाना महोबकंठ में पहुंचकर जनसुनवाई दौरान क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिले में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 7 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 03 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित पायी गई। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर भेजकर प्राप्त शिकायतों के शत.प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष तरीके से निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने.अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में दो घायल, हुई फायरिंग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** रंजिशन धक्का देकर गिरानें के विवाद के चलते दो पक्ष आमने-सामने आ गए। गालीगलौज के बाद जमकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गये। इस दौरान कई राउंड फायर भी हुए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र के ग्राम सफीपुर जसी में शुक्रवार की शाम बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पथराव होने लगा इसके बाद कई राउंड फायर भी हुए। फायरिंग से गांव में भगदड़ मच गई। वहीं पथराव में एक महिला तथा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा मामले को शांत कराया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## आकाशीय बिजली गिरनें से भैंस की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** तेज बारिश के दौरान अचानक तेज आबाज के गिरी आकाशीय बिजली से खेत में धान की फसल लगा रहीं चार महिलाएं बेहोश हो गई। जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। शनिवार की दोपहर तेज बारिश के दौरान दो ग्रामों में आकाशीय बिजली गिरने से लोगों में दहशत फैल गई। ग्राम खुदलापुर के निकट खेत में धान की फसल लगा रही 55 वर्षीय गुड्डी पत्नी सुभाष चंद्र, 50 वर्षीय सुमन पत्नी राम लखन, 36 वर्षीय ज्योति पत्नी सूरज, 40 वर्षीय अंजू पत्नी राकेश निवासी खुदलापुर आकाशीय बिजली गिरने से बेहोश हो गई। जिन्हें खेतों में काम कर रहे लोगों ने इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी भर्ती कराया। इस घटना के बाद खेतों में काम कर रहे लोगों में दहशत फैल गई और काम छोड़कर अपने घरों को चले गए। वही ग्राम बसावनपुरवा में आकाशीय बिजली गिरने से घर के बाहर बंधी वीरभान की कीमती भैंस की मौत हो गई।

## चार शिकायतों में से दो हुई निस्तारित



**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पीडितों द्वारा कुल चार शिकायतें प्रस्तुत की गई। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण किया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में तीन पुलिस एवं एक राजस्व संबंधित शिकायतें आई जिन्हें सुनकर पुलिस संबंधित दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष दो मामलों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। इस दौरान उन्होनें कहा कि पुलिस और राजस्व कर्मी जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी, कानूनगो कौशलेन्द्र दुवे, लेखपाल राजेश अग्निहोत्री, अभिषाक कटियार, अतुल प्रताप सिंह, कुलदीप यादव, रोहित यादव सहित तमाम राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## मथुरा में फिल्म हाय जिंदगी की शूटिंग हुई पूरी, नबंबर में होगी रिलीज

**मथुरा।** निर्माता सुनील अग्रवाल और निर्देशक अजय राम की फिल्म हाय जिंदगी की शूटिंग मथुरा में की गयी है। सी. आर. फिल्म्स और सुनील अग्रवाल फिल्म्स के बैनर तले बन रही फिल्म हाय जिंदगी मे गौरव सिंह गरिमा सिंह आयुशी तिवारी सोमी श्री दीपांशी ऋषभ शर्मा जैसे कलाकार नजर आएंगे। निर्देशक अजय राम का कहना है कि आज के दौर मे मेट्रो शहरों में रहने वाले युवाओ और युवतियों की जिंदगी पर आधारित है फिल्म हाय जिंदगी की कहानी। नए जमाने की चार मॉडर्न लड़कियों की स्टोरी ब्यान करती यह फिल्म युवा पीढ़ी की लाइफ स्टाइल को दर्शाती है। इसकी शूटिंग संपन्न कर ली गयीहै। फिल्म नवंबर 2025 तक रिलीज करने का इरादा है। फिल्म मे संगीत आदित्य राज शर्मा प्रतीक ने दिया है। गीत जमील अहमद ने लिखा है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश पंडित है, कहानी सग्रीला कहार की है। डी. ओ. पी. सुनील अहेर, कोरियोग्राफर रवि अखाड़े, लाइन प्रोड्यूसर गौरव शर्मा हैं। फिल्म में राजनंदनी शर्मा और आदित्य राज शर्मा द्वारा गाया गीत कान्हा की मुरली बाजे एक महत्वपूर्ण गीत है।

# छाता पोस्ट ऑफिस फर्जी डाक टिकट मामले में बड़ा खुलासा

अवधनामा संवाददाता

■ 31.79 लाख रुपये की जाली टिकट

■ 12 राज्यों में भेजी गई थी डाक

**मथुरा।** छाता उपडाकघर दिसंबर 2024 में छाता उपडाकघर में जाली टिकट लगाकर डाक भेजने का मामला सामने आया था। विभाग ने प्राथमिक जांच के बाद उप डाकपाल मदन लाल और लिपिक मोहित को निलंबित कर दिया था और मामले की जांच के आदेश दिए थे।

सहायक प्रवर डाक अधीक्षक की अध्यक्षता में गठित टीम ने गहराई से जांच की तो पता चला कि यह फर्जीवाड़ा उनकी सोच से भी बड़ा है। मई 2024 से 7 दिसंबर 2024 तक कुल 127176 लिफाफों में कुल 31.79 लाख रुपये की जाली टिकट लगाई गई। प्रत्येक लिफाफे पर 26 रुपये की टिकट लगाई गई, जिसमें पांच, दस, 15 और 20 रुपये की टिकट जाली और एक रुपये की टिकट असली थी। लाखों रुपये जाली टिकट लगाकर डाक विभाग को नुकसान पहुंचा गया। इस बीच छाता उप डाकघर में केवल 25 हजार रुपयों की ही टिकटें बिकीं। जांच रिपोर्ट आने के बाद अब विभाग एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी में है।

दरअसल, जाली टिकट लगाकर 12 राज्यों में डाक भेजी गई थी। ऐसे में टीम को भी हकीकत जानने के लिए उत्तर प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, गुजरात समेत अन्य कई राज्यों में उन पतों पर जाना पड़ा, जहां डाक भेजी गई थी। यहां से लिफाफों को कब्जे में लेने के बाद टिकट की जांच के लिए नासिक भेजा। नासिक से डाक विभाग के अधिकारियों ने टिकटें फर्जी होने की पुष्टि की।

सबसे पहले बुलंदशहर स्थित डाकघर में जाली टिकट लगाकर डाक भेजने का मामला सामने आया था। इस मामले में तीन आरोपियों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। छाता उपडाकघर में मामला सामने आने के बाद अधिकारियों को आशंका है कि कहीं बुलंदशहर से ही इसे फर्जीवाड़े के तार तो नहीं जुड़े हैं। इसके लिए डाक विभाग द्वारा सीबीआई और बुलंदशहर पुलिस को भी पत्र भेजा जाएगा।

प्रवर डाक अधीक्षक विजेंद्र ने बताया कि छाता उपडाकघर से 1.27 लाख लिफाफों पर जाली टिकट लगाकर डाक भेजी गई थी। इसमें दो कर्मचारी निलंबित चल रहे हैं। इसके साथ विभाग को 31 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। जल्द ही एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

# व्यापारी नेता के प्रतिष्ठान उद्घाटन पर टूटी राजनैतिक सीमाएं

■ जनप्रतिनिधियों ने ग्राहकों को भेंट कीं इलेक्ट्रिक स्कूटी की चाबी

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामगंज पश्चिमी बाईपास पर व्यापारी नेता शिवम राज वर्मा के नवीन प्रतिष्ठान सीताराम ईवी मोटर्स योंटो ई-स्कूटी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें दलीय सीमाएं उस समय टूटती नजर आई। जब विभिन्न दलों से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने ग्राहकों को स्कूटी की चाबियां सौंपी।

उदघाटन समारोह का शुभारंभ पूजा-अर्चना कर किया गया। जिसके बाद प्रमुख अतिथियों के रूप में विद्यायक छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, भाजपा नेता विनय वर्मा आदि ने व्यापारी नेता शिवमराज वर्मा के व्यापारिक विस्तार की सराहना करते हुये इसे क्षेत्र के आर्थिक विकास से जोड़ा। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने एमडी मुक्तिका शर्मा, संदीप दिल्लो के साथ स्वयं ग्राहकों को इलेक्ट्रिक स्कूटी की चाबी सौंपते हुए उन्हें पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संरक्षक सुभाष चंद्र वर्मा ने कहा कि यह प्रतिष्ठान न केवल व्यापार का केंद्र होगा, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए विश्वास और गुणवत्ता की पहचान भी बनेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विकाश गुप्ता, मुजफ्फर खान, शान मोहम्मद, अयूब खान, इकबाल अहमद मास्टर, दिलीप गुप्ता, शशि, आयुष वर्मा, प्रताप चंद्र वर्मा, इंद्रेश चंद्र, यतेंद्र वर्मा, गौरव वर्मा, रेयांश राज वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आगरा में महिला संविदा परिचालक की विशेष भर्ती 15 को

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान एवं महिला सम्मान की दिशा में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम प्रदेश भर में महिला परिचालकों की भर्ती अभियान चला रखा है। जिसके क्रम में आगरा परिक्षेत्र में महिला भर्ती संविदा परिचालक रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित आरएम कार्यालय में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने बताया कि महिला परिचालक बनने के इच्छुक भर्ती के दिन क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय, 96 ग्वालियर रोड आगरा पर स्वयं उपस्थित होकर आवेदन देकर भाग ले सकते हैं। इसमें उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड को प्राथमिकता मिलेगी। महिला अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण व कंप्यूटर में सीसीसी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

# संक्षिप्त समाचार

## मथुरा में गोवर्धन-छाता के एसडीएम बदले, 5 को नई तैनाती मिली

**मथुरा, अवधनामा संवाददाता।** जनपद मथुरा में सात डिप्टी कलैक्टरों के कार्य क्षेत्र में जिलाधिकारी सीपी सिंह ने परिवर्तन किया है। डिप्टी कलैक्टर श्रीमती प्रजाक्ता त्रिपाठी को एसडीएम गोवर्धन जबकि वैभव गुप्ता को एसडीएम छाता के पद पद तैनाती दी गई है। डिप्टी कलैक्टर सुशील कुमार सिंह को एसडीएम (न्यायिक) सदर, चंद्रभूषण प्रताप को एसडीएम (न्यायिक) महावन, राजकुमार चौधरी को एसडीएम (न्यायिक) गोवर्धन, राघवेन्द्र शर्मा को एसडीएम (न्यायिक) मांट, संजय सिंह को एसीएम मथुरा-वृंदावन बनाया गया है। आदेश कुमार एसडीएम (न्यायिक) छाता कार्य देखेंगे। ज्ञात रहे कि तीन साल से तैनात 5 डिप्टी कलैक्टरों के शासन ने मथुरा से तबादले किए थे। उनके स्थान की पूर्ति करने वाले अधिकारियों को नई तैनाती दे दी गई है।

## बिलग्राम थाना समाधान दिवसः 19 राजस्व शिकायतों पर सुनवाई,



**बिलग्राम हरदोई, अवधनामा संवाददाता।** बिलग्राम में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह ने जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 19 शिकायतें दर्ज की गई, जो सभी राजस्व विभाग से संबंधित थीं। क्षेत्राधिकारी ने लेखपाल और कानूनगो को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय भी मौजूद रहे और उन्होंने शिकायतों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में लेखपाल, कानूनगो और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## शौचालय के पानी पर विवादः हरदोई में पड़ोसियों के झगड़े में तीन घायल, पुलिस जांच में जुटी



**बिलग्राम हरदोई, अवधनामा संवाददाता।** बिलग्राम थाना क्षेत्र के हुल्ली पुरवा मजरा बिरौरी गांव में शौचालय के गंदे पानी को लेकर पड़ोसियों के बीच झगड़ा हो गया। शनिवार सुबह 8 बजे हुई इस घटना में नीलम, उनके पति राधेश्याम और उनके बेटे सूरज घायल हो गए। नीलम ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी के शौचालय का गंदा पानी उनके घर के पास जमा हो रहा था, जिसे बंद करने की मांग पर विवाद शुरू हुआ। इस दौरान पड़ोसियों ने तीनों पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है और जांच के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही है।

## कांवण मार्गो का किया निरीक्षण किया



**संभल अवधनामा संवाददाता।** श्रावण मास / कांवण यात्रा के दृष्टिगत जनपद सम्भल में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक , मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद श्री मुनिराज जी व श्रीमान पुलिस अधीक्षक सम्भल श्री कृष्ण कुमार द्वारा थाना असमोली क्षेत्रान्तर्गत मनोटा पुल पर कांवण मार्गो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कांवण यात्रा के दौरान जल लेकर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किय जाने हेतु कांवण मार्गो का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सभी से कांवण यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जाने, पुलिस/प्रशासन का सहयोग करने, किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गयी। डायवर्जन प्लान को कड़ाई से लागू करने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और कांवड़ मार्गो पर नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सम्भल श्री प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी सम्भल श्री विकास चन्द्र, क्षेत्राधिकारी असमोली श्री कुलदीप कुमार आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने विवाद सुलझाये

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पीडीए को मजबूत करने के लिए राजनीतिक कसरत शुरू कर दी है। बताते चलें कि पीडीए को मजबूत करने के लिए पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी लगातार क्षेत्र का दौरा कर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका हल निकाल रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को क्षेत्र के ग्राम डुंडवाबुजुर्ग के निकट स्थित अपने प्रतिष्ठान बुलबुल कोल्ड स्टोरेज मे पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी द्वारा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना गया। मुख्य रूप से क्षेत्र के ग्राम डुंडवाबुजुर्ग एवं बिलंदपुर के दो व्यक्तियों के बीच मे उपजे भूमि विवाद को दोनों पक्षों की मौजूदगी मे सुलझाया गया।

# 11 हजार लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** कोतवाली चरखारी के जरौली गांव में जंगल में बकरियां चराने के बाद वापस शाम को घर लौटते समय चरवाहा रास्ते में लगे पेड़ों से पत्ती काटने लगा, तभी बांस में लगा लोहे का हसिंया पेड़ के ऊपर से निकली 11 हजार की हाईटेंशन लाइन में छू जाने से चरवाहा करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्र्राम जरौली निवासी राम सहारे राजपूत 55 पुत्र घनश्याम राजपूत शनिवार को अपनी बकरियां चराने जंगल गया था। लेकिन दिन में हुई तेज बारिश के चलते पेड़ और जमीन पूरी तरह से गीले हो चुके थे। बकरियां चराने के बाद चरवाहा बांस में लगे लोहे क हसिंये से बकरियों के लिए पत्ती काटने लगा। लेकिन जमीन और पानी से सराबोर होने के कारण जैसे ही उसने पत्ती काटना चाही उसका हसिंया हाईटेंशन लाइन मे छू गया, और वह जमीन गीली होने से वह एचटी लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को जैसे ही करंट लगने की जानकारी हुई परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। किसान की मौत के बाद तहसीलदार रामानन्द मिश्रा चरखारी, नयाब तहसीलदार खरेला, लेखपाल दिनेश निरंजन, मौके पर पहुंचे तथा परिवार वालो को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। किसान की मौत से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# पानी केवल बचाया जा सकता है: पद्मश्री उमाशंकर

■ पानी की पाठशाला बनी जनांदोलनः जल शक्ति विद्या पीठ ने स्कूलों में जल संरक्षण की जगाई अलख

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए जल शक्ति विद्या पीठ के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय महोबा में पानी की पाठशाला का आयोजन किया गया। जल शक्ति विद्यापीठ की इस मुहिम का शुभारंभ होने के बाद जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने बुन्देलखंड में पानी की पाठशाला को लेकर अभियान छेड़ दिया है। पानी की पाठशाला के माध्यम से प्राइमरी से लेकर हायर एजुकेशन के विद्यार्थियों, किसानों, आम नागरिकों और जल के जानकारों को जल के महत्व, जल संकट और संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। पानी की पाठशाला के जरिये बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को पानी की बर्बादी रोकने और पानी के बचाव के गुर सिखाए जा रहे है। जिससे जल संकट से लोगों को निजात मिल सके।

पाठशालाओं में किसानों को बताया गया कि वे सिंचाई में कैसे पानी की बचत करें, बच्चे कैसे अपनी दिनचर्या में जल बचत करें और आम नागरिक किस तरह घरेलू स्तर पर पानी की बर्बादी रोक सकते हैं। जल शक्ति विद्या पीठ के अध्यक्ष पद्मश्री उमाशंकर पांडेय और सचिव अंकित पांडेय इस अभियान को लगातार गति दे रहे हैं। हर खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ मुहिम के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मंत्र को किसानों को जागरूक करने की पहल शुरू की। ताकि किसान अपने खेत में मेड़ बनाए और मेड़ पर पेड़ लगाएं। पद्मश्री उमाशंकर पांडेय का कहना है कि पानी बनाया नहीं जा सकता, केवल बचाया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री ने मन की बात में की सराहना

जल योद्धा उमाशंकर पांडेय की जल संरक्षण मुहिम की सराहना खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में कर चुके हैं। पानी की पाठशाला के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचाया जा रहा है। स्कूलों में बच्चों को जल चक्र, वर्षा जल संचयन, घरेलू जल बचत के सरल उपाय सिखाए जा रहे हैं। किसानों को ड्रिप इरिगेशन, खेत तालाब, मेड़बंदी, फसल चक्र परिवर्तन जैसे उपायों की जानकारी दी जा रही है।

### बुंदेलखंड सहित पूरे प्रदेश में बन रहा जनांदोलन

जल शक्ति विद्या पीठ की यह मुहिम अब जनांदोलन का रूप ले चुकी है। बुंदेलखंड के सभी जिलों से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांव.शहरों तक पानी की पाठशाला के जरिए लोग जागरूक हो रहे हैं। संस्था का लक्ष्य है कि हर जिले, हर गांव और हर स्कूल तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचे, ताकि आने वाले समय में पानी का संकट न हो।

# ट्रेवल टिप्सः मार्च में बना रहे हैं घूमने का प्लान तो एक्सप्लोर करें तीर्थन वैली, बिता सकेंगे सुकून के कुछ पल

तीर्थन वैली में हरे भरे जंगल, शानदार पहाड़ों के दृश्य, दूध सी बहने वाली सफेद नदियां, लहरदार घास के मैदान और खूबसूरत गांव आपको अपना दीवाना बना लेंगे। यहां पर आप सुकून के पल बिता सकते हैं। हर किसी को घूमने-फिरने का शौक होता है। वहीं कई लोग ऐसी जगहों की तलाश करते हैं, जो शांति और सुकून वाली है। ऐसे में आप हिमाचल प्रदेश की तीर्थन वैली में घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां पर आप एक बार छुट्टियों पर जा सकते हैं। तीर्थन वैली में हरे भरे जंगल, शानदार पहाड़ों के दृश्य, दूध सी बहने वाली सफेद नदियां, लहरदार घास के मैदान और खूबसूरत गांव आपको अपना दीवाना बना लेंगे। इस जगह की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर आपको अधिक भीड़ नहीं मिलेगी। तो वहीं अगर आप यहां पर ऑफ सीजन में आते हैं, तो हर एक चीज बेहद सस्ते दामों पर मिलेगी। खासकर रहने के



लिए होटल और होमस्टे आदि। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीर्थन वैली के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ क्या-क्या एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**तीर्थन वैली**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित तीर्थन वैली एक बेहद खूबसूरत जगह है। यह बेहद खूबसूरत वैली हिमालय पर्वतों और घने जंगलों के लिए जानी जाती है। यहां के लोगों की जिंदगी शांत और धीमी है। जिसमें बेहद सुकून और शांत जगह की तलाश में है, तो यह जगह बेस्ट है। कम खर्च में आप यहां पर ऑफ सीजन में घूमने के लिए आ सकते हैं।

**स्टे**

सर्दी और चिलचिलाती गर्मी के दौरान यहां पर पर्टयकों की संख्या में काफी वृद्धि हो जाती है। वहीं अगर आप ऑफसीजन में यहां आते हैं, तो आपको कम रेट में होटल और होम स्टे मिल जाएंगे। तीर्थन वैली में आपको बजट के हिसाब से रूम मिल जाएंगे। आप चाहें तो यहां के 'Vivaan Stays' में भी बुकिंग कर सकते हैं। बता दें कि तीर्थन वैली में आपको एक दिन के ब्रेकफास्ट के 3,000 रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। क्योंकि यह होटल नदी किनारे स्थित है। वहीं बालकनी से नदी और पहाड़ों का व्यू देखने को मिलता है। इसके साथ ही आप यहां पर बोनफायर का भी मजा ले सकते हैं।

**जीभी वॉटरफॉल**

तीर्थन वैली आने के बाद आप यहां का जीभी वॉटरफॉल जरूर एक्सप्लोर करें। क्योंकि यह वॉटरफॉल जितना ज्यादा मनमोहक है, उससे ही ज्यादा खूबसूरत यहां तक पहुंचने का रास्ता है। आप ट्रैकिंग के जरिए भी जीभी वॉटरफॉल तक पहुंच सकते हैं। इस पूरे ट्रैक के दौरान आपको नदियां, सुंदर पहाड़ और गांव के खूबसूरज नजारे देखने को मिलेंगे।

**खाने का उठाएं लुत्फ**

यदि आप भी तीर्थन वैली आ रहे हैं, तो यहां के स्वादिष्ट खाने का लुत्फ जरूर उठाएं। कम मसालों के साथ पकाया गया भोजन आपको काफी स्वादिष्ट लगेगा। यहां पर खाना पकाने के लिए नदी के पानी का इस्तेमाल किया जाता है, जो खाने के स्वाद को अधिक बढ़ा देता है। वहीं अगर आप फिशिंग के शौकीन हैं, तो होम स्टे में जाकर फिश पका सकते हैं। लेकिन फिशिंग करने से पहले आप वन विभाग की अनुमति लेना न भूलें।

**कैसे पहुंचे यहां**

यहां पर पहुंचने का सबसे अच्छा ऑप्शन दिल्ली/चंडीगढ़ से कुल्लू या मनाली के लिए बस पकड़ लें और औट में उतरें। आप या तो औट से तीर्थन वैली के लिए टैक्सी किराए पर ले लें। या फिर औट से बंजार के लिए स्थानीय बस में सफर कर सकते हैं। फिर बंजार से गुशैनी के लिए दूसरी बस ले सकते हैं। जिसके बाद आप तीर्थन वैली जा सकते हैं। यहां तक पहुंचने के लिए आपको डायरेक्ट ट्रेन नहीं मिलेगी। वहीं अगर आप फ्लाइट से आ रहे हैं, तो यहां का नजदीकी एयरपोर्ट भुंतर एयरपोर्ट है।

## धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण शहर है अमृतसर



जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है।

अमृतसर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह शहर न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि दुनिया भर के पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। यहाँ की शांतिपूर्ण वातावरण और समृद्ध इतिहास, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आइए जानते हैं अमृतसर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में।

**1. स्वर्ण मंदिर**

अमृतसर का सबसे प्रमुख और प्रसिद्ध स्थल है स्वर्ण मंदिर, जिसे हरमंदिर साहिब भी कहा जाता है। यह सिख धर्म का पवित्र स्थल है और दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। मंदिर का गोल्डन गेट और उसकी खूबसूरत वास्तुकला देखने योग्य है। स्वर्ण मंदिर के चारों ओर स्थित अमृत सरोवर की शांति और सौंदर्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। यहाँ की आध्यात्मिक शांति और वातावरण लोगों को एक अलग अनुभव प्रदान करते हैं।

**2. जालियांवाला बाग**

जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है। जालियांवाला बाग पर जाकर लोग भारतीय इतिहास को जानने और उसकी महत्ता को महसूस करने के लिए आते हैं।

**3. वाघा बॉर्डर**

अमृतसर से लगभग 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीमाबंध है। यहाँ हर शाम भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा %बीटिंग रिट्रीट% नामक एक शानदार समारोह आयोजित किया जाता है। यह उत्सव एक जीवंत, रंगीन और जोशपूर्ण अनुभव है, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की एकजुटता और सम्मान की भावना दिखाई देती है। वाघा बॉर्डर का दौरा करने के लिए पर्यटकों का तांता लगा रहता है।

**4. गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी**

अमृतसर में सिख धर्म और पंजाबी संस्कृति के प्रतीक के रूप में गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी संग्रहालय भी प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहाँ सिख धर्म की धरोहर, इतिहास, और उनके संघर्षों को प्रदर्शित किया गया है।

**5. दुर्गियाना मंदिर**

यह मंदिर अमृतसर का एक और प्रमुख धार्मिक स्थल है जो स्वर्ण मंदिर के समान दिखता है। यह मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है और यहाँ लोग धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए आते हैं। मंदिर के पास ही एक बड़ा सरोवर भी स्थित है, जो इस स्थल की सुंदरता को बढ़ाता है।

**6. काली मंजीर**

अमृतसर में स्थित काली मंजीर भी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मंदिर काली माता को समर्पित है। यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य हिन्दू त्योहारों के दौरान।

**7. अमृतसर का बाजार और संस्कृति**

अमृतसर के बाजार भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ के बाजार, जैसे कि केसरिया बाजार और जोड़ा फाटक बाजार, लोक कला और हस्तशिल्प के अद्भुत सामानों से भरे हुए हैं। यहाँ से पर्यटक पंजाबी पारंपरिक वस्त्र, जूतियां, चूड़ियां, और अन्य हस्तनिर्मित सामान खरीद सकते हैं। अमृतसर की सांस्कृतिक धरोहर यहाँ के विभिन्न मेलों, त्योहारों और नृत्य-गानों में भी देखने को मिलती है।

**8. भठिंडा और गग्गा महल**

अमृतसर के पास स्थित भठिंडा और गग्गा महल भी ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। भठिंडा किला एक ऐतिहासिक किला है, जो प्राचीन समय में एक महत्वपूर्ण स्थान था। वहीं गग्गा महल में एक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है और यहां के सुंदर दृश्य पर्यटकों के लिए एक अच्छा अनुभव होते हैं।

अमृतसर, अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक त्योहारों और मेहमाननवाजी के लिए प्रसिद्ध है। स्वर्ण मंदिर, जालियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर और अन्य पर्यटन स्थलों ने इसे एक प्रमुख यात्रा स्थल बना दिया है। यहाँ आने वाले पर्यटकों को न केवल भारतीय संस्कृति का गहरा अनुभव मिलता है, बल्कि एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव भी होता है। अगर आप भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वैभव को महसूस करना चाहते हैं, तो अमृतसर की यात्रा निश्चित रूप से आपके यात्रा सूची में होनी चाहिए।

## गर्ल गैंग के साथ घूम आए इन जगहों पर ट्रिप रहेगी मजेदार



महिला दिवस आने वाला है। ऐसे में आप भी अपनी महिला गैंग के साथ घूमने का प्लान जरुर बनाएं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी शानदार जगहें बताने जा रहे हैं, जहां आप घूमने जरुर जाएं। इन जगहों पर आप अपने महिला मित्र के साथ फुलऑन मस्ती कर सकते हैं। आइए आपको इन जगहों के बारे में बताते हैं। आजकल ज्यादातर लोगों को घूमना-फिरना काफी पसंद होता है। लड़कियों को भी घूमने का काफी शौक होता है लेकिन वह घूमने प्लान कम ही बना पाती है। इसलिए आप इस बार महिला दिवस पर कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। वैसे तो यह एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक कदम है। इस खास अवसर पर आप अपनी महिला गैंग के साथ घूमने का बनाएं प्लान। इस लेख में हम आपको अपनी गर्ल गैंग के साथ घूमने के लिए बेहतरीन जगहें बताने जा रहे हैं।

**गोवा**

आप अपनी गर्ल गैंग के साथ गोवा जा सकते हैं। यहां पर बीचेस, नाइटलाइफ और शांत वातावरण काफी लोकप्रिय है। मार्च के दौरान गोवा में घूमना सबसे बढ़िया है। इस समय ज्यादा भीड़ भी नहीं होती है। यहां पर आप अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती कर सकते हैं।

**ऋषिकेश**

ऋषिकेश गंगा नदी के किनारे हिमालय की तलहटी में बसा एक खूबसूरत शहर है, जो कि उत्तराखंड में स्थित है। ऋषिकेश योग और ध्यान की प्रैक्टिस के लिए फेमस है। ये जगह आध्यात्मिक साधकों और रोमांच के शौकीनों के लिए सबसे बढ़िया है।

**जयपुर**

पिंक सिटी जयपुर शहर महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित डेस्टिनेशन में से एक है। यहां आप वीकेंड पर घूमने के लिए प्लान बना सकते हैं। जयपुर में सुंदर रिसॉर्ट हैं, जहां आप सहेलियों के काफी एन्जॉय कर सकते हैं। इस शहर के ऐतिहासिक किला को जरुर देख सकते हैं।

**मनाली**

महिला दिवस पर अपनी सहेलियों के साथ घूमने के लिए आप हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर में घूमने जा सकते हैं। यहां पर मार्च के महीने में फ्रेश स्नो देखने को मिल जाएगी। यहां पर घूमने के लिए हिडिम्बा मंदिर, मॉल रोड और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ का छिपा हुआ खजाना माना जाता है औरापानी, सर्दियों में स्वर्ग बन जाती है ये

छत्तीसगढ़ भारत का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। साल 2000 में इस राज्य का गठन हुआ था। साथ ही यह देश का 10वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा जाता है। यह राज्य विशान घने जंगलों के लिए भी जाना जाता है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक विविधता के लिए भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में ऐसी कई शानदार और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। यहां पर हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी भी ऐसी ही एक अद्भुत जगह है। जो कहीं से भी हिमाचल या उत्तराखंड से कम नहीं मानी जाती है। औरापानी की खूबसूरती को देखने के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको औरापानी में मौजूद कुछ शानदार और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप



अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कहां है औरापानी**

औरापानी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मौजूद है। यह मुख्य शहर के करीब 45 किमी की दूरी पर स्थित है। औरापानी छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा के पास में स्थित है। वहीं औरापानी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर 170 किमी दूर स्थित है। इसके साथ ही औरापानी छत्तीसगढ़ के रतनपुर से करीब 91 किमी, मध्य प्रदेश के अमरकंटक से करीब 90 किमी और पंडरिया से करीब 51 किमी दूर स्थित है।

**औरापानी की खासियत**

बता दें कि औरापानी को सिर्फ बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का छिपा खजाना माना जाता है। घने जंगलों के बीच स्थित औरापानी बेहद मनमोहक और खूबसूरत दृश्यों के लिए जाना जाता है।

यह जगह अपनी खूबसूरती के साथ सुहावने मौसम के लिए भी जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। वहीं मानसून और सर्दी के मौसम में औरापानी की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए खास है ये जगह**

छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी पर्यटकों का वह खजाना है, जहां पर घूमने के लिए लोग हिमाचल और उत्तराखंड को भूल जाएंगे। यहां पर सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि अन्य जगहों से भी पर्यटक आते हैं। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण के साथ झील और झरनों के लिए भी जाना जाता है। औरापानी के जंगलों में स्थित झील और वॉटरफॉल सैलानियों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं।

## दक्षिण भारत की टॉप रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान

दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है।

फरवरी साल का ऐसा महीना होता है, जब देश में थोड़ी-थोड़ी ठंड कम पड़ने लगती है। जब ठंड कम पड़ती है, तो घूमने का मजा दोगुना हो जाता है। वहीं यह महीना साल का सबसे रोमांटिक महीना भी माना जाता है। क्योंकि फरवरी महीने में भी वैलेंटाइन डे वीक मनाया जाता है। इस दौरान दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है। इसलिए इस महीने में दक्षिण भारत में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ हसीन और टॉप रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**अलेप्पी**

दक्षिण भारत में स्थित सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह में अलेप्पी का नाम सबसे पहले आता है। यह सिर्फ केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का एक खूबसूरत हॉलिडे डेस्टिनेशन माना जाता है।

अरब सागर के तट पर स्थित अलेप्पी अपने खूबसूरत समुद्री तट, लैगून और बैक वाटर के लिए जाना जाता है। अलेप्पी को दक्षिण भारत की टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। ऐसे में आप अपने पार्टनर के साथ अलेप्पी घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कोडईकनाल**

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में स्थित कोडईकनाल देश का सबसे खूबसूरत और बेहतरीन हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। यह पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है।

कोडईकनाल अपनी प्रकृति सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको खूबसूरत झील-झरने, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत घाटियां देखने को मिलेंगी। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन शाम गुजार सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। कोडईकनाल में आप कोडईकनाल झील, कोकर्स वॉक और डॉलफिन नोज पॉइंट जैसी रोमांटिक जगहों पर जरूर जाएं।

**कूर्ग**

अगर आप अपने पार्टनर के साथ फरवरी के महीने में कर्नाटक की किसी रोमांटिक जगह पर जाना चाहते हैं, तो आपको कूर्ग जाना चाहिए। क्योंकि कूर्ग में सिर्फ भारतीय कपल्स ही नहीं बल्कि विदेशी कपल्स भी घूमने के लिए आते हैं। कूर्ग की खूबसूरती इस तरह प्रचलित है कि इसको दक्षिण भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। आपको कूर्ग में कई होटल और रिसॉर्ट ऐसे होते हैं, जहां पर आप रूम बुक करके हसीन शाम बिता सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ एबी फॉल्स, ब्रह्मगिरी शिखर, चेट्टाल्ली, दुबारे हाथी शिवर और राजा की सीट जैसी रोमांटिक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## भारत में दोस्तों के साथ यात्रा के स्थान

# दोस्तों के साथ घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों पर करें विजिट, मौज-मस्ती के लिए है परफेक्ट डेस्टिनेशन

आज हम आपको देश की कुछ शानदार और मजेदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप



मार्च महीने में दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं और पार्टी से लेकर एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं।

अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जिनको दोस्तों के साथ घूमने में मजा आता है। तो यकीनन आप अक्सर ही दोस्तों के साथ ट्रिप प्लान करते होंगे। क्योंकि ट्रिप में दोस्तों के साथ मस्ती और धमाल करने का अपना ही मजा होता है। कई बार ट्रिप में दोस्तों के साथ घूमने पर पुरानी सभी यादें ताजा भी हो जाती हैं। इसलिए अक्सर लोग फ्रेंड्स के साथ ट्रिप प्लान करते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ शानदार और मजेदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप मार्च महीने में दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं और पार्टी से लेकर एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं।

जब दोस्तों के साथ मस्ती-धमाल के साथ-साथ एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो कई लोगों के जहन में सबसे पहले ऋषिकेश का नाम आता है। गंगा नदी के किनारे बसा ऋषिकेश उत्तराखंड का बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। इसको योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है।

ऋषिकेश उन जगहों में से एक है, जहां पर देश के हर कोने से पर्यटक ट्रैकिंग, रिवर राफ्टिंग और हाईकिंग करने के लिए पहुंचते हैं। यहां के पहाड़ों में मौजूद कैंप में आप अपने दोस्तों के साथ स्टे कर सकते हैं। यहां के कई कैंप में आप म्यूजिक का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**जोधपुर**

दोस्तों के साथ किसी ऐतिहासिक जगह पर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको जोधपुर जाना चाहिए। जोधपुर राजस्थान का एक फेमस पर्यटन स्थल है। जहां पर दुनिया भर से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि जोधपुर अपनी ऐतिहासिक चीजों के अलावा शाही मेहमान नवाजी के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप दोस्तों के साथ मेहरानगढ़ का किला, जसवंत थाड़ा, कैलाना झील और उम्मेद महल जैसी ऐतिहासिक जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शाही मेहमान नवाजी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**गोवा**

दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप गोवा जैसी शानदार जगह को एक्सप्लोर कर सकते हैं। गोवा देश का बेस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। गोवा में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं।

आप अपने दोस्तों के साथ गोवा के समुद्री तटों के किनारे मौज-मस्ती कर सकते हैं। यहां पर कई बीचेज में वाटर स्पोर्ट से लेकर बीच पार्टी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही नाइट क्लब या बार आदि में रात भर दोस्तों के साथ एन्जॉय कर सकते हैं। गोवा में आपको अपने दोस्तों के साथ वेलसाओ बीच, बैतूल बीच, बटरफ्लाई बीच, कैंडोलिम बीच, काकोलेम बीच को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कूर्ग**

मार्च के महीने में आप अपने दोस्तों के साथ कूर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। यह एक बेहद शानदार और मजेदार जगह है। कर्नाटक के पश्चिमी घाट में स्थित कूर्ग एक बेहद खूबसूरत और टॉप क्लास का हिल स्टेशन है।

कूर्ग की हसीन वादियों में आप अपने दोस्तों के साथ धमाल कर सकते हैं और तमाम मजेदार एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। कूर्ग में आप मडिकेरी का किला, ओंकारेश्वर मंदिर, राजा सीट और ब्रह्मगिरी वन्यजीव अभयारण्य जैसी जगहों को पर घूमने जा सकते हैं।

**ठियोग**

अगर हिमाचल प्रदेश घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले शिमला, मनाली, कुल्लू, धर्मशाला या



डलहौजी का जिक्र करते हैं। लेकिन ठियोग जैसी शानदार और बेहतरीन जगह को भूल जाते हैं। ठियोग समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। यह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर झील-झरने और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच दोस्तों के साथ जमकर एन्जॉय कर सकते हैं। आप चाहें तो यहां पर पहाड़ों में रात भर पार्टी कर सकते हैं। शिमला से ठियोग की दूरी महज 30 किमी दूर है।

## कर्नाटक में दवाओं और खानपान की गुणवत्ता को लेकर बड़ी कार्रवाई



**बंगलूरू।** कर्नाटक के खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग ने जून में 2,544 निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पर 133 दवा लाइसेंस निलंबित और 20 रद्द किए। 41 दवाएं खराब गुणवत्ता की पाई गईं। इसके साथ ही 40 लाख रुपये की दवाएं बाजार से भी जब्त की गईं।

कर्नाटक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभान ने नियमों के उल्लंघन के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत विभाग ने जून महीने में बड़ी कार्रवाई करते हुए 133 दवा लाइसेंस निलंबित और 20 लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। यह कदम उन दुकानों और कंपनियों पर उठाया गया जिन्होंने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के नियमों का उल्लंघन किया था। बात अगर अब जांच के दौरान सामने आने वाली बातों की करें तो विभाग की ओर से जून में कुल 2,544 निरीक्षण किए गए। बंगलूरू, हुब्बली और बल्लारी की सरकारी लैब्स में 1,333 दवाओं के सैंपल की जांच की गई। इनमें से 1,292 सैंपल सही पाए गए, जबकि 41 सैंपल खराब गुणवत्ता के निकले। इसके बाद खराब दवाएं, जिनकी कीमत ?40 लाख से ज्यादा थी, बाजार से वापस मंगवाकर जब्त कर ली गई हैं।

बता दें कि बीते तीन महीनों में विभाग ने नियम तोड़ने वाली कंपनियों के खिलाफ 81 मुकदमे अदालतों में दायर किए हैं। इसके लिए राज्यभर में 122 ब्लड सेंटर्स की जांच की गई। 44 सेंटर्स को नोटिस जारी किया गया और 80 सेंटर्स को सुधार के निर्देश दिए गए।

मामले में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट 2006 के तहत जून में 1,557 स्ट्रीट फूड वेंडर्स की जांच की गई। नियम उल्लंघन पर 406 दुकानों को नोटिस दिए गए और मौके पर ही ?44,500 का जुर्माना लगाया गया।

# जल्द घर लौटेंगे शुभांशु शुक्ला, 7 दिन का रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम तय

**सहयोग**

**इसरो के अनुसार, शुभांशु शुक्ला अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों और A&iom स्पेस के सहयोग से चल रहे एक्सिओम मिशन का हिस्सा हैं।**



**नई दिल्ली।** भारतीय गगनयात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। इसरो ने बताया कि वे स्वस्थ हैं और उनका मिशन सफल रहा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सात वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से चार पूरे हो चुके हैं। ड्रैगन यान से वे कैलिफोर्निया तट के पास उतरेंगे। वापसी के बाद उन्हें 7 दिन का पुनर्वास कार्यक्रम दिया जाएगा।

भारत के गगनयात्री और वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को अंतरिक्ष से धरती पर लौट सकते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया है कि शुभांशु अभी पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनका मनोबल भी ऊंचा है। शुक्ला इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आएसएस) पर हैं और 14 दिन के अंतरिक्ष मिशन पर गए हैं। यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि वह पहले भारतीय हैं जो आईएसएस पर गए। इसरो के अनुसार, शुभांशु शुक्ला अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों और A&iom स्पेस के सहयोग से चल रहे एक्सिओम मिशन का हिस्सा हैं। वे 14 जुलाई को अपने तीन सहयोगियों - पेगी व्हिटसन, स्लावोस वुजनस्की और टिबोर कापू के साथ ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर वापसी करेंगे। यह यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में लैंड करेगा। ISRO ने बताया कि शुभांशु के लौटने के बाद उन्हें 7 दिनों के रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) कार्यक्रम से गुजरना होगा। यह प्रक्रिया उन्हें पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के अनुसार ढालने के लिए की जाएगी। इस दौरान ढ्ढस्त्रह्र के फ्लाइट सर्जन उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति की नियमित निगरानी करेंगे।

स्प्लैशडाउन 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे होगा। अपने मिशन के दौरान शुभांशु ने माइक्रोग्रैविटी में सात वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम दिया। इनमें से चार पूरी तरह सफल रहे और तीन अंतिम चरण में हैं। पूरे मिशन के लिए ढ्ढइसरो, जैव प्रौद्योगिकी विभाग (-ीबी) और ह्रस् ने मिलकर इन प्रयोगों को डिजाइन किया था। ये प्रयोग भविष्य में भारत के अंतरिक्ष अभियानों, गगनयान और संभावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आधार तैयार करेंगे।

## बचाव अभियान चौथे दिन भी जारी, नदी से एक और शव बरामद; अब तक 20 की मौत



**अहमदाबाद** गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी में पुल ढहने की घटना के बाद लापता हुए व्यक्ति की तलाश में लगातार चौथे दिन शनिवार को अभियान फिर से शुरू किया गया। इस त्रासदी में अबतक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को नदी से एक और शव बरामद हुआ और एक घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया ने बताया कि एक और व्यक्ति अब भी लापता है और उसे ढूंढने के प्रयास शनिवार को फिर से शुरू कर दिए गए। बुधवार सुबह गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। जिलाधिकारी ने कहा कि शनिवार के अभियान का एक और लक्ष्य नदी में गिरे मुख्य स्लैब को हटाना है। धमेलिया ने कहा, 'अभियान के अगले चरण (शनिवार को) में हम मुख्य स्लैब को हटाने और लापता व्यक्ति की तलाश के लिए एक तकनीकी टीम की मदद लेंगे तथा नदी में गिरे सल्फ्यूरिक एसिड से लदे टैंकर को सुरक्षित निकालने के लिए गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मदद ली जाएगी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए, राज्य के एक मंत्री ने शुक्रवार को कहा था कि यह दुर्घटना पेडस्टल (आधार स्तंभ) और एक जोड़ टूटने की वजह से हुई थी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और अन्य एजेंसियां बचाव प्रयासों का हिस्सा हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पुल ढहने के सिलसिले में बृहस्पतिवार को कार्रवाई करते हुए राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। राज्य के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने घटनास्थल का दौरा किया और मीडिया को बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा गठित एक समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## अमेरिकी कानून और आव्रजन नियमों का पालन न करने पर रद्द होगा वीजा

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि वीजा मिलने के बाद अमेरिकी कानून और आव्रजन नियमों का पालन न करने वाले वीजा धारकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनका वीजा रद्द कर दिया जाएगा। उन्हें निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका में लगातार बढ़ रही भारतीय छात्रों और प्रवासियों की संख्या को लेकर भारत में अमेरिकी दूतावास ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। दूतावास ने आव्रजन नियमों का हवाला देते हुए कहा कि वीजा मिलने के बाद अमेरिकी कानून और आव्रजन नियमों का पालन न करने वाले वीजा धारकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनका वीजा रद्द कर दिया जाएगा। उन्हें निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। भारत में अमेरिकी दूतावास ने ट्वीट किया कि वीजा जारी होने के बाद अमेरिकी वीजा की जांच बंद नहीं होती है। हम वीजा धारकों की लगातार जांच करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सभी अमेरिकी कानूनों और आव्रजन नियमों का पालन कर रहे हैं और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो हम उनके वीजा रद्द कर देंगे और उन्हें निर्वासित कर देंगे। दूतावास का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब हाल ही में कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलिस में ट्रंप प्रशासन ने आव्रजन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने इस महीने वीजा और आव्रजन को लेकर कई बयान जारी किए हैं। इससे पहले दूतावास ने 19 जून को कहा था कि अमेरिकी वीजा कोई अधिकार नहीं, बल्कि विशेषाधिकार है।

## दिल्ली दौरे पर राहुल गांधी से मुलाकात न होने पर सिद्धारमैया ने दी सफाई

**बंगलूरू।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के दिल्ली दौरे के दौरान राहुल गांधी से मुलाकात ना होने पर भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इसके बाद सिद्धारमैया ने अपनी सफाई देते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उनके दिल्ली दौरे का उद्देश्य सिर्फ रक्षा मंत्री से मैसूरु दशहरा एयर शो को लेकर चर्चा करना था। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को भाजपा नेता अमित मालवीय के उस आरोप को खारिज किया है जिसमें कहा गया था कि राहुल गांधी ने उन्हें मिलने से इनकार कर उनका अपमान किया। मालवीय के इन आरोपों पर सिद्धारमैया ने साफ कहा कि उनका दिल्ली दौरा सिर्फ मैसूरु के दशहरा एयर शो के संबंध में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलने के लिए था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिद्धारमैया ने लिखा कि दिल्ली में मेरे दौरे का मुख्य उद्देश्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर मैसूरु दशहरा एयर शो पर चर्चा करना था।

# केरल में अमित शाह ने किया भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन, पूर्व भाजपा राज्य अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में आगामी निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम में भाजपा के नए कार्यालय मरारजी भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा का झंडा फहराया, पौधारोपण किया और केजी मरार को श्रद्धांजलि भी दी।

केरल में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयार भी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में शनिवार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपा के नए राज्य समिति कार्यालय मरारजी भवन का भव्य उद्घाटन किया। इस दौरान अमित शाह ने पार्टी का झंडा फहराया, भवन के सामने पौधा लगाया, फीता काटकर कार्यालय के अंदर प्रवेश किया और पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर नए कार्यालय का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। उन्होंने भवन के केंद्रीय हॉल में स्थापित पूर्व भाजपा राज्य अध्यक्ष केजी मरार की कांस्य प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर सम्मानित किया। बता दें कि कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान भाजपा केरल इकाई के राज्य अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। अमित शाह ने नए कार्यालय

**पार्टियों**

**केरल में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयार भी तेज कर दी है।**

का दौरा किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। भाजपा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार उद्घाटन के बाद अमित शाह पुथरिकंडम मैदान में एक बड़े वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में हिस्सा लेंगे।



इसके बाद दोपहर में भाजपा केरल नेतृत्व के साथ एक बंद बैठक होगी, जिसमें स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

शाम को अमित शाह कन्नूर के लिए रवाना होंगे, जहां वे तलीपारंब में प्रसिद्ध राजराजेश्वर मंदिर का दर्शन करेंगे। इसके बाद वे दिल्ली वापस लौट जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कन्नूर जिले के निर्धारित दौरे से एक दिन पहले जिलाधिकारी ने शुक्रवार को यहां हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या किसी अन्य मानवरहित हवाई यान के इस्तेमाल पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया।

जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कलेक्टर अरुण के विजयन के लगाया गया प्रतिबंध हवाईअड्डे के आसपास के पांच किलोमीटर के दायरे में लागू होगा।

ऐसी कोई भी गतिविधि, जिससे विमान के उतरने या उड़ान भरने में बाधा उत्पन्न हो, उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को देनी होगी।

## क्यूबा के राष्ट्रपति पर अमेरिका का बड़ा एक्शन, मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर लगाया वीजा और अन्य प्रतिबंध

**विरोध**

**यह कदम जुलाई 2021 में हुए क्यूबा के बड़े विरोध प्रदर्शनों की वर्षगांठ पर उठाया गया है।**



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल समेत शीर्ष नेताओं पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप में कई प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका की ओर से क्यूबा को लेकर लिया गया ये एक्शन 2021 के विरोध प्रदर्शनों की बरसी पर उठाए गया है। इस कदम में वीजा प्रतिबंध भी शामिल है। अमेरिका ने शुक्रवार को क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल और अन्य शीर्ष नेताओं व कई अधिकारियों पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं। साथ ही, अमेरिका ने इन नेताओं की वीजा तक पहुंच भी सीमित कर दी है। यह कदम जुलाई 2021 में हुए क्यूबा के बड़े विरोध प्रदर्शनों की वर्षगांठ पर उठाया गया है। बता दें कि जुलाई 2021 में क्यूबा के कई शहरों में बिजली कटौती, भोजन की कमी और आर्थिक संकट को लेकर आम लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध किया था। यह प्रदर्शन किसी विपक्षी पार्टी के नेतृत्व में नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से शुरू हुए थे। इन प्रदर्शनों को सरकार ने सख्ती से दबा दिया, जिसमें सैकड़ों लोगों की गिरफ्तारी हुई। एक प्रदर्शनकारी की मौत भी हुई थी। मामले में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हम उन न्यायिक और जेल अधिकारियों पर भी वीजा प्रतिबंध लगा रहे हैं, जो जुलाई 2021 के प्रदर्शनकारियों की अन्यायपूर्ण हिरासत और यातना में शामिल या सहायक रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका, क्यूबा के लोगों के मानवाधिकार और स्वतंत्रता के लिए खड़ा है और वह यह स्पष्ट करना चाहता है कि तानाशाही शासन को इस क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अब बात अगर अधिकारियों पर लगे प्रतिबंध की करें तो, विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अनुसार क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, रक्षा मंत्री आल्वारो लोपेज मिएरा और गृह मंत्री लाजारो अल्वारेज कासास पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन तीनों पर मानवाधिकार हनन के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के इस कदम को लेकर क्यूबा के विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया भी दी है। क्यूबा विदेश मंत्रालय में अमेरिकी विभाग की डिप्टी डायरेक्टर जोहाना टब्लादा ने अमेरिकी कदम की निंदा करते हुए रुबियो को नरसंहार, जेलों और सामूहिक निर्वासन का समर्थक बताया। गौरतलब है कि क्यूबा के अभियोजकों ने 2022 में बताया था कि 790 लोगों की जांच की जा रही है। मानवाधिकार समूह 11छ्व के अनुसार, 2023 के अंत तक 554 लोग इन प्रदर्शनों के मामले में सजा काट रहे थे। हालांकि पोप फ्रांसिस की अपील पर जनवरी में कुछ को सशर्त रिहाई दी गई।

## युवाओं की प्रजनन दर गिरी, गर्भधारण की औसत उम्र 28 पहुंची

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की रिपोर्ट में फैमिली प्लानिंग से जुड़े मसले और युवाओं की सेहत पर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक युवाओं की प्रजनन दर गिरी है। गर्भधारण की औसत उम्र 28 पहुंच गई है। यूएनएफपीए ने इस रिपोर्ट ने आगाह किया है कि युवाओं में शादी व गर्भधारण टालने की प्रवृत्ति गंभीर है। आज के युवा तेजी से विवाह और गर्भधारण को टाल रहे हैं, जिससे न सिर्फ औसत गर्भधारण की उम्र बढ़ी है, बल्कि बड़ी संख्या में युवा अपनी मनचाही संतान संख्या से भी पीछे रह जा रहे हैं। कुछ देशों में यह समस्या काफी गहरा गई है। विश्व जनसंख्या दिवस पर जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की रिपोर्ट में दुनिया के युवाओं की बदलती प्रजनन प्राथमिकताओं और चुनौतियों को लेकर यह खुलासा है। वैश्विक जनसंख्या वृद्धि की गति भले ही धीमी पड़ रही हो, लेकिन रिपोर्ट दर्शाती है कि समस्या केवल गिरती प्रजनन दर नहीं, बल्कि युवाओं की घटती प्रजनन क्षमता


**प्रजनन**

**रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में प्रजनन दर में सबसे तेज गिरावट दक्षिण कोरिया, जापान, इटली, स्पेन, चीन और जर्मनी जैसे देशों में देखी जा रही है।**

और सीमित विकल्पों की भी है। दुनिया में गर्भधारण की औसत आयु अब 28 वर्ष हो गई है जो प्रजनन संबंधी व्यवहार में व्यापक बदलाव का संकेत है। युवाओं की घटती प्रजनन क्षमता की मुख्य वजह सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय दबावों का संयोजन है। रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन, युद्ध, महामारी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता युवाओं को परिवार बढ़ाने से हतोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही महंगा आवास, बच्चों की परवरिश का खर्च, नौकरी की असुरक्षा और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच जैसे आर्थिक कारण भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। इन कारणों से बड़ी संख्या में युवा या तो गर्भधारण को टाल रहे हैं या इच्छित संख्या में संतान पैदा नहीं कर पा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में प्रजनन दर में सबसे तेज गिरावट दक्षिण कोरिया, जापान, इटली, स्पेन, चीन और जर्मनी जैसे देशों में देखी जा रही है। इन देशों में औसत प्रजनन दर 1.5 से भी नीचे पहुंच गई है, जो जनसंख्या स्थिरता के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन स्तर (2.1) से काफी कम है। इसका मुख्य कारण तेजी से बढ़ती जीवन लागत, महंगे आवास, बाल देखभाल पर अत्यधिक खर्च और कार्यस्थल पर माता-पिता के लिए सीमित सहयोग है। दक्षिण कोरिया और जापान में विशेष रूप से युवाओं में विवाह और माता-पिता बनने की इच्छा में भारी गिरावट आई है, जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता, करियर प्राथमिकता और सामाजिक दबाव बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। चीन में एक दशक पहले समाप्त हुई 'वन-बच्चा नीति' का दीर्घकालिक प्रभाव अब भी बना हुआ है, और बढ़ते शहरीकरण के साथ जीवनशैली में बदलाव ने बच्चों की चाहत को और कम कर दिया है।



## टेक्सास में बाढ़ पीड़ितों से मिले ट्रंप



**वॉशिंगटन।** टेक्सास में भीषण बाढ़ के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने केरविल का दौरा किया और पीड़ितों से मिले। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और राहतकर्मियों की जमकर तारीफ की। पहले फेमा को खत्म करने की बात करने वाले ट्रंप ने इस बार मदद का भरोसा दिलाया। बाढ़ में 120 से अधिक मौतें और 170 लोग लापता हैं। ट्रंप ने राजनीतिक हमलों से बचते हुए संवेदना जताई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को टेक्सास के केरविल शहर का दौरा किया, जहां 4 जुलाई को आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। इस बाढ़ में अब तक कम से कम 120 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 170 से ज्यादा लोग लापता हैं। ट्रंप ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और राहत कार्यों में जुटे स्थानीय अधिकारियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पहली बार भावुक लहजे में कहा कि उन्होंने ऐसी तबाही पहले कभी नहीं देखी। ट्रंप लंबे समय से फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी (फेमा) को खत्म करने की बात करते रहे हैं। लेकिन टेक्सास में भारी नुकसान देखने के बाद उन्होंने फेमा की भूमिका पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसके बजाय उन्होंने कहा कि हम जो भी कर सकते हैं, टेक्सास के लिए करेंगे। ट्रंप ने 8 और काउंटियों को डिजास्टर जोन घोषित कर, उन्हें फेडरल मदद दिलाने का ऐलान भी किया। ट्रंप ने केरविल में आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा किया और कहा कि यहां जो लोग खोज और बचाव अभियान चला रहे हैं, वे अविश्वसनीय हैं। ऐसा काम शायद ही कोई कर पाए। उन्होंने 'कैंप मिस्टिक' का विशेष रूप से जिक्र किया, जहां 27 लड़कियों की मौत हुई। मेलानिया ट्रंप ने भी स्थानीय युवतियों से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें एक खास ब्रेसलेट भेंट किया, जो मृत बालिकाओं की याद में बनाया गया था। पहले के विपरीत इस दौरे में ट्रंप ने राजनीतिक बयानबाजी से परहेज किया। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति की बात नहीं करना चाहता। हम यहां पीड़ितों के लिए आए हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि उनकी नीतियों से देश में अंडों के दाम घटे हैं। इस दौरान उन्होंने फेमा को लेकर भी सकारात्मक बातें कहीं, जो कि कुछ हफ्ते पहले तक बंद करने की उनकी योजना का हिस्सा थी।

# शहबाज सरकार ने बढ़ाई मस्क की मुश्किलें, स्टारलिंक जैसी कंपनियों के लिए ला सकती है सख्त नियम



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को लेकर नए और सख्त नियम ला रही है। स्टारलिंक और वनवेब जैसी विदेशी कंपनियों को अब नया लाइसेंस लेना होगा। हालिया भारत-पाक और ईरान-इस्राइल विवादों के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ये नियम बनाए जा रहे हैं। स्टारलिंक लॉन्च में एलन मस्क के शामिल होने की भी संभावना है। पाकिस्तान में सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा की शुरुआत लगातार टल रही है। इसकी बड़ी वजह यह है कि सरकार अब इस क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के लिए कड़े नियम बना रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्टारलिंक जैसी कंपनियों के लिए नए दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि ज्यादा देरी से मस्क की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. हालांकि सख्त दिशानिर्देशों को लागू करने से पहले सरकार और अंतरिक्ष क्षेत्र की संस्थाएं कंपनियों से सुझाव भी ले रही हैं। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, हाल के भारत-पाकिस्तान और ईरान-इस्राइल विवादों के बाद पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों का ध्यान सैटेलाइट कम्युनिकेशन पर गया है। इसके बाद अब पाकिस्तान स्पेस एक्टिविटीज रेगुलेटरी बोर्ड सैटेलाइट इंटरनेट से जुड़ी कंपनियों के लिए कड़े सुरक्षा नियम ला रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यदि हाल के युद्ध न होते तो शायद इन सुरक्षा पहलुओं पर गौर नहीं किया जाता। स्टारलिंक पाकिस्तान में काम करने के लिए मार्च में मिला अस्थायी एनओसी समाप्त हो चुका है। अब सभी विदेशी सैटेलाइट ऑपरेटरों को नए बनाए गए सैटेलाइट कम्युनिकेशन रेगुलेशंस%के तहत फिर से आवेदन करना होगा। इन कंपनियों को पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी (पीटीए) से ऑपरेशनल लाइसेंस भी लेना होगा। स्टारलिंक के अलावा दो और कंपनियां, वनवेब और शंघाई स्थित शंघाई स्पेसकॉम सैटेलाइट टेक्नोलॉजी भी पाकिस्तान में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करना चाहती हैं। ये तीनों कंपनियां लो अर्थ ऑर्बिट (लिओ) सैटेलाइट आधारित सेवाएं देती हैं, जो दूर-दराज के क्षेत्रों में भी तेज इंटरनेट पहुंचा सकती हैं। इससे पाकिस्तान के ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों को फायदा हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क भी पाकिस्तान में स्टारलिंक की लॉन्चिंग के कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं। स्टारलिंक ने पाकिस्तान में सेवाएं शुरू करने के लिए सबसे पहले औपचारिक आवेदन दिया था। हालांकि, स्पष्ट नियमन के अभाव में इसकी मंजूरी में देरी हो रही है।

पीटीए के एक अधिकारी ने बताया कि स्टालिंक समेत अन्य कंपनियां इस साल के अंत तक पाकिस्तान में अपनी सेवाएं शुरू कर सकती हैं। इसके लिए उन्हें सभी नए नियमों का पालन करते हुए लाइसेंस लेना होगा। पाकिस्तान सरकार को उम्मीद है कि नए नियमों से देश की डिजिटल सुरक्षा मजबूत होगी और एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी तैयार होगी। इस पूरी प्रक्रिया के बाद पाकिस्तान उन गिने-चुने देशों में शामिल हो सकता है, जो अपनी सीमाओं में विदेशी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को विनियमित करने के लिए स्पष्ट और सख्त नियम लागू कर रहे हैं।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी, विवरणिका का हुआ लोकार्पण

- 15 जुलाई को 8 केन्द्रों पर पीएचडी प्रवेश परीक्षा
- 4 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शनिवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा से जुड़े समस्त अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने 15 जुलाई को सम्पन्न होने वाली परीक्षा को शुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों से व्यापक विचार विमर्श किया। बैठक में पीएचडी प्रवेश परीक्षा की सूचना विवरणिका का लोकार्पण कुलपति प्रो.वंदना सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले प्रवेशार्थी समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे । उन्होंने प्रवेश परीक्षा के निष्पक्ष और व्यवस्थित आयोजन के लिए निर्देश दिए ।

कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में बैग, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, मोबाइल,कोई भी अन्य डिजिटल उपकरण,पानी की बोतल आदि ले जाना प्रतिबंधित है। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा हाल में प्रवेश पत्र, पहचान पत्र एवं पेन के अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री न ले जाए। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो.गिरिधर मिश्र ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु यह सूचना विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अद्यतन सूचनाओं सहित अपलोड है। अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के 90 मिनट पूर्व प्रवेश मिलेगा तथा वह परीक्षा कक्षा में अपना स्थान परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व तक ग्रहण कर सकेगा। यदि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में किसी भी सत्र में परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट बाद पहुंचता है तो उसे परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा के उपरांत ही कक्ष छोड़ेगा।परीक्षा कक्ष में कक्ष निरीक्षक को भी मोबाइल एवं कोई भी डिजिटल उपकरण ले आना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर के 08 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10.30 बजे से 12.30 बजे तक तथा 2.00 से 4.00 बजे के मध्य दो पालियों में सम्पन्न होगी। इस अवसर पर सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की गयी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए निःशुल्क 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना जनपद में संचालित की जा रही है। इसमें ऐसे आवेदक पात्र होगें जो इण्टरमीडिएट (102) उत्तीर्ण होगें एवं उनकी वार्षिक आय रू0 1,00,000 (धनराशि रू0 एक लाख) से कम होगी और प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए व उ0प्र0 के मूल निवासी हो एवं प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षणार्थियों का चयन कक्षा 12 के प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 14 जुलाई 2025 तक भरे एवं जमा किये जायेगें।

इच्छुक पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र आनलाईन वेबसाईट पर www.obccom putertraining .upsdc.gov.in अथवा backwar dwelfareup.in पर दिनांक 14 जुलाई 2025 तक आवेदन पत्र भर सकते है। ऑनलाईन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति की प्रिण्ट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों/विवरणों (आय एवं जाति प्रमाण पत्र जो बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की वेबसाईट पर उपलब्ध होना अनिवार्य है, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति) स्वप्रमाणित करते हुए, उसकी समस्त हार्डकॉपी दो प्रतियों में कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ में विलम्बतम् दिनांक 14 जुलाई 2025 तक सायं 05:00 बजे तक जमा किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज प्रविष्टियों की शुद्धता का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित आवेदक का होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को

**आजमगढ़।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद, आजमगढ़ संतोष कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जय प्रकाश पाण्डेय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को जनपद न्यायालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, आरबीटेऊशन वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा।

# गाजे बाजे के साथ शिवभक्त जलाभिषेक को विश्वनाथ रवाना



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (जफराबाद)।** सावन के दुसरे शनिवार को काशी विश्वनाथ में जलाभिषेक करने को लेकर हर हर महादेव कांवरिया संघ रवाना हुआ। हर हर महादेव कांवरिया संघ के द्वारा शनिवार को दोपहर पुलिस प्रशासन की देखरेख में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गोमती नदी से होते हुए रामलीला मैदान की परिक्रमा करते हुए मखदुमपुर पहुंचे। इस दौरान हर हर महादेव का जयघोष भी होता रहा। डीजे पर बम बम बोल रहा है काशी आदि भक्तिगीतों से पूरा माहौल गूंज रहा था। शिव मंदिर के पास भक्तों पर फूलों की बारिश भी हुई। तदोपरांत शोभायात्रा लाडनपुर होते हुए काशी विश्वनाथ के लिए प्रस्थान कर गई। इस शोभायात्रा के दौरान देवताओं की झांकी में भोले शंकर व पार्वती तथा आकर्षण का केंद्र रहे। लोग नाचते गाते इस शोभायात्रा में आगे बढ़ रहे थे। जगह जगह पेयजल का भी इंतजाम किया गया था। भक्तों के जोश व जज्बा देखते ही बन रहा था। इस शोभायात्रा के दौरान महिलाएं की भी संख्या कम नहीं रही। भले ही ये लोग कांवड़ लिए नहीं थे लेकिन यात्रा का रुप वही था। भगवा वस्त्र धारण कर भोले शंकर का जयघोष करते हुए लोग जब बाजार के रास्ते गुजर रहे थे तब एक अद्भुत दृश्य दिखाई दे रहा था। एक तरह से शिव बारात का ही रूप दिख रहा था। शोभायात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी कोई न हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन के लोग भी चौकस दिखे। इस दौरान कांवरिया के सूरज मिश्रा, राकेश प्रजापति, उपाध्यक्ष अर्जुन अग्रहरी, कोषाध्यक्ष कमलेश प्रजापति विशिष्ट सलाहकार सुजीत मधुकर,धीरज चौबे,गोरख,आकाश, आशीष कल्लू, राहुल,रामू रिंकू आदि शिवभक्त उपस्थित रहे।

# पास लेने के चक्कर में बस गड्ढे में पलटी, बड़ा हादसा टला



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** महराजगंज थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया जब एक यात्री बस डंपर से पास लेने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कच्चे रास्ते पर चली गई और गड्ढे में पलट गई। हादसे के दौरान बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस की तत्परता से सभी यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुछ यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई है।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बदलापुर विवेक कुमार सिंह ने बताया,÷एक यात्री बस और डंपर के बीच पासिंग के दौरान बस चालक का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे बस सड़क छोड़कर कच्चे रास्ते में चली गई और गड्ढे में पलट गई। सौभाग्य से सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है।÷स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से सड़क चौड़ीकरण व संकेतक लगाए जाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## जिलाधिकारी ने काबड रूट का किया निरीक्षण

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को लोधीपुल से अटसलिया मोड़ तक निर्धारित काबड़ रूट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को रूट पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा एवं सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा श्रद्धालुओं को न हो। जिलाधिकारी ने अटसलिया मोड़ की स्थिति का अवलोकन करते हुए उसे शीघ्र मरम्मत व दुरुस्त करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि कावड़ यात्रा सुचारु, सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक रहे। इस अवसर पर नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से कराया जाए दर्शन : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन किया जाएगा, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के द्वारा जलालपुर स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित किया गया कि श्रावण मास, कावड़ यात्रा, जलाभिषेक सहित अन्य आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त करा ली जाए जिससे कि श्रावण मास में पूजा अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराया जाए, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाए, सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहने चाहिए, मंदिर परिसर में साफ सफाई नियमित रूप से हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया तथा लोगों से अपील किया गया कि ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अवश्य लगाएं तथा अपनी धारा को हरा भरा करने में अपना योगदान दे। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा श्रद्धालुओं को पौधों का वितरण भी किया गया। पौधों का वितरण करते हुए जिलाधिकारी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील किया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए और पर्यावरण को संरक्षित, सुरक्षित करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन भी करें। इस दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना भी किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने बताया है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 द्वारा पी0एम0 यशस्वी योजना के अन्तर्गत विगत वर्ष उर्तीण (कक्षा 9 से 12) ओ0बी0सी0, ई0बी0सी0 एवं डी0एन0टी0 वर्ग के मेधावी छात्र/छात्राओं को वार्षिक छात्रवृत्ति दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिसके लिए छात्र/छात्राओं के अभिभावक की वार्षिक आय रू0 2,50,000 निर्धारित हैं, जिसमें भारत सरकार द्वारा आवंटित बजट में 30 प्रतिशत छात्रवृत्ति छात्राओं के आरक्षित की गयी हैं। भारत सरकार द्वारा शिक्षण शुल्क, छात्रावास शुल्क, एवं अन्य शुल्क हेतु कक्षा 9 व 10 के छात्र/छात्राओं के लिए रू0 75,000 वार्षिक एवं कक्षा 11 व 12 के छात्र /छात्राओं के लिए रू0 1,25,000 वार्षिक छात्रवृत्ति देने का प्राविधान हैं। जिसमें राज्य स्तर पर छात्र/छात्राओं को अलग-अलग मैरिट के अनुसार योजना का लाभ हेतु चयनित किया जायेगा। पी0 एम0 यशस्वी योजना में आनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि 02 जून 2025, आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025, त्रुटिपूर्ण आवेदन के संसोधन करने की तिथि 15 सितम्बर 2025 तक एवं संस्था द्वारा सत्यापित करने की तिथि 15 सितम्बर 2025 है।

### राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 30 सितम्बर तक

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ अंकित वर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशो के अनुपालन में दिनांक 01 जुलाई, 2025 से दिनांक 30 सितम्बर, 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयो में लम्बित प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। न्यायालय द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक मध्यस्थता हेतु उपयुक्त प्रकरणों की पहचान की जायेगी तथा पक्षकारो को सूचित कर प्रकरण को मध्यस्थता के लिय संदर्भित किया जायेगा। इस अभियान में वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले जिनमें समाधान की संभावना प्रबल हो, को मध्यस्थता हेतु संदर्भित किया जायेगा। पक्षकार चाहे तो आनलाईन माध्यम से मध्यस्थता में प्रतिभाग कर सकते है।

### उद्यान विभाग की ओर से निःशुल्क पौध वितरण कार्यक्रम

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि शासन के निर्देश पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम वर्ष 2025-26 हेतु उद्यान विभाग विभिन्न सरकारी संस्थाओं, सहकारी समितियों, कृषकों, ग्राम पंचायतो, नगर व्यक्तियों को निःशुल्क छायादार और फलदार के दो लाख नब्बे हजार (230000 उद्यान विभाग एवं 60000 वन विभाग के पौधशाला से) पौधे वितरित किये जाएंगे। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि वितरित किए जाने वाले पौधों में अमरूद, आवंला, कटहल, नीम, सहजन, बेल, नींबू, करौंदा एवं अन्य पौधे शामिल हैं। पौधे लगाने व उनका संरक्षण करने हेतु इच्छुक व्यक्ति व संस्थाए प्रभारी राजकीय पौधशाला कोटवा आजमगढ़ से समन्वय कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

# विवेक यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** सर्वजन सुखाय पार्टी जनपद फिरोजाबाद ने जिला मुख्यालय दबरई पर जिला अधिकारी फिरोजाबाद के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष विनीत यादव द्वारा एसडीएम जिला मुख्यालय रामानुज को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से जनहित व प्रदेश के युवाओं के हित में निम्नवत ज्वलंत समस्याओं के निस्तारण हेतु ध्यान आकर्षण करना चाहती है। प्रदेश के किसी भी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय को बंद न किया जाए बल्कि उनकी शैक्षिक गुणवत्ता को ठीक कराया जाए यदि शैक्षिक गुणवत्ता ठीक होगी तो छात्र संख्या स्वयं बढ़ जाएगी। साथ ही प्रदेश में सरकारी उपक्रम घाटे में इसलिए जा रहे हैं क्योंकि उनमें भयंकर भ्रष्टाचार प्राप्त है। सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने का परिणामदायक प्रयास करे। सरकारी उपक्रमों को मजबूत करके प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जाएं न कि उन्हें आउटसोर्सिंग से नौकरी करने को बाध्य किया जाए। प्रदेश में 69000 (उनहत्तर हजार) शिक्षक भर्ती में पिछड़ा वर्ग का कोटा पूर्ण किया जाए तथा चयनित सभी शिक्षकों को भर्ती के असमंजस की स्थिति को खत्म किया जाए, उनकी नौकरी बरकरार रखी जाए। गांव- गलियों वह शहर-चौराहों पर विद्युत तार बहुत जर्जर हालत में हैं तथा कहीं-कहीं बहुत नीचे लटक रहे हैं, जिससे प्रायः पशु व जनहानि हो जाती है। इन जर्जर तारों को दुरुस्त कराने का कार्य किया जाए। जल जीवन मिशन के तहत गांव की पक्की सड़कों को तोड़ दिया गया है, जिसकी जांच करा कर उन्हें पुनः निर्मित कराया जाए तथा जल जीवन मिशन का लाभ जन सामान्य तक पहुंचाया जाए। इस ज्ञापन के माध्यम से शासन से अपेक्षा है कि प्रदेश की जनता को उपरोक्त समस्याओं से निजात दिलाने का कार्य किया जाएगा। ज्ञापन देते समय माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री विवेक यादव, प्रदेश सचिव सोनेंद्र कुमार, जिलाअध्यक्ष विनीत यादव, जिला संरक्षक किशन यादव पूर्व प्रधान, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुनीष कुमार एडवोकेट, महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष यतेंद्र सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्याम मोहन सिंह, वरिष्ठ जिला महासचिव नीरज कुमार, जिला उपाध्यक्ष जयपान सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सिरसागंज महिपाल सिंह, जसराना विधानसभा अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अरांव पंकज कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष जसराना माधव सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष विनय कुमार, जिला उपाध्यक्ष अमोल कुमार, कौशलेंद्र सिंह, गुलशन कुमार, विक्रम सिंह, सनि कुमार, तमाम सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व वादों के निस्तारण की डीएम ने की समीक्षा

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने राजस्व वाद धारा 24 के प्रकरणों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर एक माह में अधिकतम वादों का निस्तारण कर जनपद की रैंकिंग में सुधार लाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार को निर्देश दिया कि ग्राम समाज की भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण करने वालों का नाम सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से हटाया जाए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अनुमन्य व्यक्तियों के आश्रितों को नियमानुसार लाभ देना सुनिश्चित करें।

# कोतवाली चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली,आजमगढ़ द्य वादी तरुण जैन पुत्र विपिन जैन निवासी 1/124, सुहाग नगर फिरोजाबाद हालपता सरायमन्दराज HMPS स्कूल के सामने थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र कि मे GMR Kashi Smart Meters Limited में Divisional Incharge के पद पर तैनात हूँ अतः आपको अवगत कराना है कि कल दिनांक 05 जुलाई 2025, 09.20 AM से 1.00PM के बीच मे Office Parking से मेरी बाइक चोरी हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर दि. 7.7.25 को मु0अ0सं0- 306/25 धारा 303 (2) BNS पंजीकृत किया गया। उ0नि0 सौरभ त्रिपाठी, उ0नि0 अभिषेक कुशवाहा, मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त 1.प्रदीप यादव पुत्र रामआसरे यादव निवासी चढई थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष, 2. विकास कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी रघुनाथपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष 3. अभिषेक कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी कसबा सराय खुजिहा मोड थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष को समय करीब 21.45 बजे ठण्डी सड़क के ऊपर बंधे वाली रोड से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया तथा कब्जे से एक अदद चोरी की मोटरसाईकिल बरामद हुआ। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चकमार्ग की जमीन पर दबंग ने किया अवैध रूप से कब्जा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के अतरौलिया थाना क्षेत्र के अचलीपुर निवासी राजेंद्र राजभर पुत्र स्वर्गीय सुखनंदन राजभर का आरोप है कि गांव के ही एक दबंग व्यक्ति द्वारा चकमार्ग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इतना ही नहीं दबंग व्यक्ति द्वारा मेरे पुश्तैनी मकान पर आवास बनाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मेरा परिवार जर्जर मकान में रहने को विवश है। बरसात में मकान पूरी तरह से टपकता है। और आंधी तूफान में धराशायी होने की आशंका बनी रहती है । हमारा परिवार पूरी तरह से असुरक्षित है। किसी तरह से जुगाड़ करके हम लोग आवास बनाना चाह रहे थे लेकिन विपक्षी मेरे ही पुश्तैनी मकान के स्थान पर नया आवास नहीं बनने दे रहा है। मेरा पूरा परिवार जर्जर मकान में रहने को विवश है । स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों से शिकायत की गई लेकिन हमारी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। अगर हमारे आवास का निर्माण नहीं हुआ तो हमारा परिवार तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करने को विवश होगा। पीड़ित परिजनों ने इसकी शिकायत तहसीलदार से की। इस संबंध में तहसीलदार शिव प्रकाश सरोज ने बताया कि जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस मनाया गया

**आजमगढ़।** मत्स्य विभाग आजमगढ़ के तीनों जनपदों द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मण्डल के तीनों जनपदों में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद आजमगढ़ में 60 मऊ में 25 एवं बलिया में 50 मत्स्य पालकों/ मछुआरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित गोष्ठी में मत्स्य पालकों/ मछुआरों को सहकारी समिति के गठन एवं विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर मत्स्य पालकों के मछुआ दुर्घटना बीमा एवं एनएफडीपी पर रजिस्ट्रेशन किये गये तथा इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों को मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड वनवाने हेतु कार्यवाही की गयी एवं मत्स्य कृषकों का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर आजमगढ़ में उप निदेशक मत्स्य डा0 आर0के0 गौड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सलाहाकार ऐडवोकेट संजय निषाद, संयोजक अनिल निषाद एवं निषाद पाटी महासचिव मोनू निषाद आदि उपस्थित रहें।

# शैलकुमारी की 9वीं पुण्यतिथि सेवाभाव के साथ मनाई गई



- पुण्यतिथि पर सेवा का संकल्प - बच्चों को सामग्री, संतों में दान

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद के जफरपुर गांव में बीते दिन स्व. राधेश्याम दुबे और स्व. शैलकुमारी की 9वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सेवाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक समर्पण की मिसाल बने बृजेश कुमार दुबे ने नन्हे बच्चों में शिक्षण सामग्री का वितरण किया, वहीं साधु-संतों और ब्राह्मणों में यथाशक्ति दान कर पुण्य अर्जित किया। यह आयोजन बीते नौ वर्षो से लगातार होता आ रहा है। स्व. माता-पिता की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जनों जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, किताब, थर्मस, टिफिन, टॉफी और बिस्किट जैसी सामग्री वितरित की गई। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उनके अभिभावकों के चेहरों पर संतोष स्पष्ट झलक रहा था। साथ ही भंडारे का आयोजन कर सैकड़ों लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। संतों और ब्राह्मणों को यथाशक्ति दान देकर पारंपरिक श्रद्धा और सेवा भावना का परिचय दिया गया। गांव के लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्य का भी संदेश देता है। इस मौके पर उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बाराबंकी

**अल्पकालीन निविदा सूचना (ई. टेण्डरिंग) द्वितीय आमंत्रण**

1- उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बाराबंकी लोक निर्माण विभाग में मार्ग वर्ग में यथालागू ए, बी0, सी0 एवं डी0 श्रेणी में पंजीकृत पात्र एवं अनुमोदित ठेकेदारों से उत्तर प्रदेश सरकार के वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्रतिशत के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं। बिडर सभी अथवा किसी निविदा को प्रस्तुत कर सकते हैं। बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे ठेका प्राप्त करने से सम्बन्धित न्यूनतम योग्यता के मानदण्ड इन्सट्रक्शन टू, टी0-1 बिडर्स से नोट कर लें।

2.

| क्र. स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित (लाख रू में) | बिड सिक्योरिटी (लाख रू.) में | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | पैच मरम्मत के कार्य। | | | | | | | |
| 1 | बाराबंकी | विकास खण्ड हैदरगढ़ में ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। (ग्रुप-प्रथम) | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 12 माह | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. बाराबंकी। | अधीक्षण अभियन्ता, अयो./अम्बे. वृत, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि., अयोध्या। |
| 2 | | विकास खण्ड बनीकोडर में ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। (ग्रुप-प्रथम) | 30.00 | 3.00 | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- |
| 3 | | विकास खण्ड सिद्धौर में ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। (ग्रुप-प्रथम) | 30.00 | 3.00 | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- |
| 4 | | विकास खण्ड बनीकोडर में अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 30.00 | 3.00 | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- |
| 5 | | बाराबंकी-हैदरगढ़-बछरावा मार्ग एवं हैदरगढ़-रामसनेहीघाट मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य (एच0एम0पी0 द्वारा) | 30.00 | 3.00 | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- | - तदैव- |

3- ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदाये प्रकाशित होने की तिथिः 15.07.2025

4- बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक 15-07-2025 से 25-07-2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in, http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/login पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदाये आन लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 25-07-2025 दोपहर 12:00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 25-07-2025 अपराह्न 12:30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बाराबंकी में खोली जायेगी विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

(घ) तकनीकी निविदा खोलने की 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी। त्रुटिपूर्ण/Non Qualitative अनावश्यक शिकायत पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जायेगी।

(ङ) उक्त कार्यो में सी0आर0सी0 निविदा स्वीकृति के उपरान्त व सी0आर0सी0 उक्त ठेकेदार के नाम से ही मान्य होगी

UPID-235864 Dated-10-07-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(अजीत कुमार सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बाराबंकी

# पारिस्थितिक तंत्र-विकास में संतुलन जरूरी: वित्त मंत्री सीतारमण

**शिलांग।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय जैसे क्षेत्रों में विकास की आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलती गतिशीलता के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे की जरूरत पर चर्चा की।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को शिलांग में एक संवाद सत्र के दौरान विकास और इकोलॉजिकल संरक्षण के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में यह संतुलन बेहद अहम है।

**मौसम उपकरण भी जलवायु संकट का पता लगाने में नाकाम**

वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ गया है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी मौसम के स्वरूप का सटीक अनुमान नहीं लगा सकते। उन्होंने आगे कहा कि चरम मौसम घटनाएं आम बात हो गई हैं। जो बारिश पहले कई महीनों तक होती थी, अब एक ही दिन में हो रही है।

**संवाद सत्र**

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को शिलांग में एक संवाद सत्र के दौरान विकास और इकोलॉजिकल संरक्षण के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया।**

इससे अचानाक बाढ़ आ रही है और लोगों और संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है।

**ग्रामीण और वन क्षेत्रों में डिजिटलीकरण की जरूरत**

ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलती गतिशीलता की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। कंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और



डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि किसान और कारीगर अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका मतलब है कि हमें उन क्षेत्रों में विस्तार करना होगा, जो सदियों से हरे-भरे रहे हैं।

**संवेधनशील पारिस्थितिकी क्षेत्रों में विकास का निर्णय स्थानीय स्तर पर हो**

वित्त मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि संवेदनशील पारिस्थितिकी क्षेत्रों में विकास संबंधी निर्णय स्थानीय स्तर पर लिए जाने चाहिए। उन्होंने पूछा कि अगर पूरी तरह से विकास से इनकार कर दिया जाए, तो क्या वे लोग, जो सदियों से बिना बदलाव के रहे हैं और अब बेहतर जीवन की आकांक्षा रखते हैं, संतुष्ट रहेंगे सीतारमण ने बताया कि यह बहस न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है।

**जलवायु शिखर सम्मेलन की चर्चा**

उन्होंने जानकारी दी कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील के अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इससे यह संकेत मिलता है कि अब यह चर्चा दुनिया के सबसे संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों तक पहुंच चुकी है।

**मेघालय की दो महिला करदाता का हुआ सम्मान**

वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों को अधिक सुलभ बनाने पर काम कर रही है ताकि पारदर्शिता और भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि ÷क्षेत्र-विशेष की योजनाएं और स्थानीय मुद्दे संबंधित मंत्रालयों और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (छ्रश्वहृश्वक्र) के माध्यम से भेजे जाना चाहिए। इससे समय पर मूल्यांकन और कार्रवाई हो सकेगी। इस अवसर पर उन्होंने मेघालय की दो प्रमुख महिला करदाताओं रिमिफुल शायला और वंजोप्लिन को सम्मानित किया और कर प्रणाली में उनके सराहनीय योगदान की सराहना की। केंद्रीय वित्त मंत्री गुरुवार से मेघालय के चार दिवसीय दौरे पर हैं।

# भारत की आयुष प्रणाली ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में मिला विशेष स्थान

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपनी एक रिपोर्ट में पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों, विशेष रूप से आयुष प्रणालियों के साथ एआई में भारत के अग्रणी प्रयासों को मान्यता दी है। इस रिपोर्ट में भारत के आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों में एआई-आधारित कई नवाचारों को शामिल किया गया है।



वैश्विक स्वास्थ्य नवाचार के क्षेत्र में भारत को बड़ी उपलब्धि मिली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में भारत के आयुष इनोवेशन और उसमें एआई के अग्रमी प्रयासों को शामिल किया गया है। इस रिपोर्ट का शीर्षक है ÷पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग का मानचित्रण। आयुष मंत्रालय ने शनिवार को बातया कि डब्ल्यूएचओ की यह रिपोर्ट भारत के ही एक प्रस्ताव पर आधारित है। इसके बाद परंपरागत चिकित्सा में एआई के उपयोग के लिए यह पहली वैश्विक रूपरेखा तैयार की गई। इस रिपोर्ट में भारत के आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों में एआई-आधारित कई नवाचारों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में प्राकृति मूल्यांकन, नाड़ी परीक्षण, जीभ निरीक्षण जैसे पारंपरिक तरीकों को मशीन लर्निंग और डीप न्यूरल नेटवर्क्स से जोड़ने वाले डायग्नोसिस सपोर्ट सिस्टम्स की सराहना की गई है। ये प्रयास निदान सटीकता को बढ़ा रहे हैं और व्यक्तिगत देखभाल को सक्षम बना रहे हैं। रिपोर्ट में एक विशेष नवाचार आयुर्जेनोमिक्स का उल्लेख किया गया है। यह एक वैज्ञानिक उपलब्धि है जो जीनोमिक्स को आयुर्वेदिक सिद्धांतों के साथ जोड़ती है। इनसे बीमारी की भविष्यवाणी और व्यक्तिगत स्वास्थ्य अनुशंसा को एआई के माध्यम से संभव बना रही है। साथ ही, पारंपरिक हर्बल दवाओं की आणविक संरचना को समझकर उन्हें आधुनिक बीमारियों में दोबारा उपयोग के लिए तैयार करने की दिशा में भारत के प्रयासों को बड़ी उपलब्धि बताया गया है। भारत के पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) की तारीफ करते हुए डब्ल्यूएचओ ने इसे प्राचीन चिकित्सा ज्ञान के संरक्षण और जिम्मेदार उपयोग का वैश्विक मॉडल बताया है। साथ ही, प्राचीन ग्रंथों के सूचीकरण और अर्थ विश्लेषण के लिए एआई-संचालित उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे समय-परीक्षित चिकित्सीय ज्ञान तक आसान पहुँच संभव हो रही है।

# पाकिस्तान और रूस ने स्टील मिल्स परियोजना बहाल करने के लिए किया समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और रूस ने पाकिस्तान स्टील मिल्स परियोजना को बहाल करने और आधुनिक बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह दोनों देशों के बीच सहयोग में एक नया अध्याय है। चीन भी पाकिस्तान स्टील मिल्स (पीएसएम) परियोजना का ठेका पाने की दौड़ में शामिल था, जिसे मूलतः सोवियत सहायता से बनाया गया था।

सरकारी समाचार पत्र एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान (एपीपी) की रिपोर्ट के अनुसार, कराची में पीएसएम को फिर से शुरू के समझौते पर शुक्रवार को मास्को स्थित पाकिस्तान दूतावास में हस्ताक्षर किए गए। एपीपी ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य इस्पात उत्पादन को पुनः आरंभ करना और उसका विस्तार करना है, जो दोनों देशों के बीच सहयोग में एक नया अध्याय लिखेगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के विशेष सहायक हारून अख्तर खान, जो इस समय रूस की यात्रा पर हैं, ने कहा, रूस के सहयोग से पीएसएम को पुनर्जीवित करना हमारे साझा इतिहास और मजबूत औद्योगिक भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रेस सूचना विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पीएसएम का निर्माण मूलतः 1971 में पूर्व सोवियत संघ की सहायता से किया गया था और यह पाकिस्तान-रूस संबंधों का एक स्थायी प्रतीक बना हुआ है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 2008 में पीएसएम का पतन शुरू हो गया था, जिसके लिए हजारों नई नियुक्तियां और वैश्विक मंदी जिम्मेदार थे। स्टील मिल को 2008-09 में 16.9 बिलियन पाकिस्तानी रुपये का घाटा हुआ था, जो पांच वर्षों में बढ़कर 118.7 बिलियन पाकिस्तानी रुपये हो गया।

# सीएम सरमा ने किया भारत के पहले एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असम के सोनापुर में भारत के पहले एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन किया। केंद्र सरकार ने 2015 से मत्स्य पालन क्षेत्र में संचयी रूप से 38,572 करोड़ रुपये का निवेश किया है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने सोनापुर में भारत के पहले एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य मछली उत्पादन को बढ़ावा देना और राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करना है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इससे संबंधित पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि भारत का पहला एक्वा टेक पार्क असम के सोनापुर में उद्घाटन किया गया । यह मछली उत्पादन को काफी बढ़ावा देगा और असम में युवाओं को पर्याप्त कमाई के अवसर प्रदान करेगा।

पीआईबी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 2025-26 की बजट



घोषणा रणनीतिक रूप से वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, सीमा शुल्क को कम करके किसानों पर वित्तीय बोझ को कम करने और समुद्री मत्स्य पालन के विकास को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। केंद्र सरकार ने 2015 से मत्स्य पालन क्षेत्र में संचयी रूप से 38,572 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके परिणामस्वरूप देश में मछली उत्पादन दोगुना हो गया है।

सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं भी शुरू की हैं। इसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) की परिकल्पना 2020 में की गई थी ताकि मछुआरों, मछली किसानों और अन्य हितधारकों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करते हुए मत्स्य पालन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

यह 20,050 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पाँच वर्षों (2020-21 से 2024-25) की अवधि के लिए लागू है। यह पहल अंतर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में मजबूती से उतरती है। उत्पादन बढ़ाने और मजबूत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है।

कृषि क्षेत्र में, असम ने खरीफ विपणन सत्र (केएमएस) 2024-25 के दौरान लगभग 7 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद करके धान खरीद में एक नया रिकॉर्ड बनाया। असम के माजुली जिले के किसानों ने पश्चिम एशिया और यूरोपीय संघ के बाजारों में 267 मीट्रिक टन लाल चावल का निर्यात किया। असम के नदी द्वीप जिले माजुली ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है क्योंकि इसके स्वदेशी जैविक लाल बाओ धान ने वैश्विक बाजार में अपनी शुरुआत की है।

# हैदराबाद में स्थापित होगा रेयर अर्थ मैग्नेट प्लांट, चीन की आपूर्ति पर निर्भरता खत्म करेगा भारत

**नई दिल्ली।** कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने हैदराबाद में रेयर अर्थ मैग्नेट (दुर्लभ पृथ्वी चुम्बक) के उत्पादन की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि हम रेयर अर्थ रमानेंट मैग्नेट्स के लिए 100 प्रतिशत चीन पर निर्भर थे। लेकिन हाल ही में चीन ने आपूर्ति रोक दी है।

केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता के लिए अपने व्यापक प्रयास के तहत हैदराबाद में रेयर अर्थ मैग्नेट का उत्पादन शुरू करने का फैसला किया है। कोयल और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मंत्री ने कहा कि हमारी खनन मंत्रायल का संस्थान विभिन्न उद्योगों के साथ मिलकर आवश्यक मशीनरी के निर्माण पर गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगले तीन से चार महीनों में भारत स्थायी चुम्बकों के निर्माण की अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा। यह परियोजना उद्योग, खनन और अन्य मंत्रालयों के सहयोग से आगे बढ़ रही है और इसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी की गई है।

भारत की सोर्सिंग रणनीति में बदलाव के बारे में बताते हुए रेड्डी ने कहा हम रेयर अर्थ रमानेंट मैग्नेट्स के लिए 100 प्रतिशत चीन पर निर्भर थे। लेकिन हाल ही में चीन ने आपूर्ति रोक दी है।चीन ने अप्रैल 2024 में घोषणा की थी कि वह कुछ रेयर अर्थ संबंधित वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लगाएगा, जिससे भारत सहित वैश्विक आपूर्ति में कमी आ जाएगी।

इस संदर्भ में, शुक्रवार को इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (ढ्ढष्टश्व) के अध्यक्ष पंकज मोहिन्द्रू ने केंद्र सरकार की इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने विशेष रूप से सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रोत्साहनों की सराहना की।

# सबसे पहले लाइफ़ इंश्योरेंस अभियान की मदद से बीमा जागरूकता समिति सबसे पहले सुरक्षा पर आधारित वित्तीय योजना को बढ़ावा देती है

**मुंबई।** दिसंबर 2023 के एनआईए अध्ययन (i) के अनुसार, भारत एक उल्लेखनीय जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से जूझ रहा है। इस कमी का अंतर 2019 में 83% से बढ़कर 2023 में 87% हो गया है। 18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90% से ज़्यादा की यह कमी और भी ज़्यादा साफ़ तौर पर दिखाई देती है। यह बढ़ती असुरक्षा परिवारों की वित्तीय सुरक्षा (फ़ाइनैंशियल सेक्योरिटी) और उम्मीदों के लिए एक गंभीर खतरा है।

इसकी व्यापक्ता से जुड़ी चुनौती से निपटने के लिए ही भारत में सभी जीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बीमा जागरूकता समिति (इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी) ने अपने राष्ट्रीय अभियान सबसे पहले लाइफ़ इंश्योरेंस के अगले चरण की शुरुआत की है। यह पहल हर भारतीय को एक नए उत्साह के साथ लाइफ़ इंश्योरेंस को अपनी वित्तीय यात्रा की बुनियाद मज़बूत बनाने,

**चुनौती**

**अपने मूल में, यह अभियान बुनियादी वित्तीय सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए बचत और निवेश को प्राथमिकता देने की आम आदत को चुनौती देता है।**

बढ़ती जागरूकता को सार्थक कार्रवाई में बदलने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

अपने मूल में, यह अभियान बुनियादी वित्तीय सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए बचत और निवेश को प्राथमिकता देने की आम आदत को चुनौती देता है। यह इस पर ज़ोर देता है कि लाइफ़ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) किसी भी सुरक्षित वित्तीय




योजना की शुरुआत होनी चाहिए। क्योंकि इससे बच्चों की शिक्षा, घर खरीदने और सेवानिवृत्ति जैसे लॉन्ग-टर्म लक्ष्य हासिल करने के लिए एक मज़बूत आधार मिलता है।

भरोसेमंद कहानी सुनाने और भावनात्मक रूप से दिल-दिमाग में बैठने वाले आख्यानों के ज़रिए, यह अभियान रोज़मर्रा के उन पलों में जान फूँक देता है जो सही मायनों में दाँव पर लगे हैं। यह अभियान न सिर्फ़ एक अनुबंध के रूप में, बल्कि जीवन के एक औज़ार के रूप में लाइफ़ इंश्योरेंस को उसकी खास जगह देता है, जैसे सपनों की रक्षा करना, परिवारों का सहारा बनना और मन की शांति देना।

उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव लाने और जीवन बीमा समाधानों के बारे में जागरूकता फैलाने और इसकी पहुँच बढ़ाने के लिए इस अभियान की योजना एक साल तक चलने वाली एक नई पहल के रूप में तैयार की गई है। इसकी पहुँच लोगों तक हो और उन्हें यह हमेशा याद रहे, इसके लिए इसे टेलीविज़न, डिजिटल, प्रिंट, आउटडोर आदि सहित कई मीडिया प्लैटफ़ॉर्म पर लागू किया जाएगा।

इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी के एक सदस्य ने कहा, ÷सबसे पहले तो यह जान लें कि लाइफ़ इंश्योरेंस÷ सिर्फ़ एक नारा नहीं है, बल्कि यह समय की एक साफ़-साफ़ पुकार है कि हम वित्तीय योजना से कैसे जुड़ते हैं, उसके लिए क्या करते हैं। हम अक्सर धन कमाने की कोशिशों में उसकी सुरक्षा को नज़रअंदाज़ करते हैं और यह सोचते हैं कि बाद में देखा जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य इसी मानसिकता को बदलना है। धन कमाने के बाद उसे बचाना भी ज़रूरी होता है। यह वित्तीय सुरक्षा को सबसे पहले रखना का मामला है, अपने सपने पूरे करने से पहले उनकी सुरक्षा पक्की करने का मामला है।

# 'गाज़ीपुर लिटरेचर फेस्टिवल' नंवबर में

**गाज़ीपुर, वाराणसी।** भारत डॉयलॉग्स की ओर से नवंबर में 'गाज़ीपुर लिटरेचर फेस्टिवल' का आयोजन किया जाएगा जो पूर्वांचल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा साहित्य एवं कला महोत्सव होगा। यह महोत्सव 7 से 9 नवम्बर 2025 तक आयोजित होगा, जिसका एक भव्य कर्टेन-रेज़र कार्यक्रम 7 नवंबर को वाराणसी में और मुख्य आयोजन 8-9 नवंबर को गाज़ीपुर में किया जाएगा।गाज़ीपुर लिटरेचर फेस्टिवल में देश-विदेश के 200 से ज्यादा प्रतिष्ठित साहित्यकार, कलाकार, अभिनेता, संगीतकार, राजनेता, राजनयिक, भाषाविद, इतिहासकार एवं सिनेमा जगत तथा लोककला से जुड़ी हस्तियां शिरकत करेंगी जिसमें दक्षिण अफ्रीका के भारत में उच्चायुक्त प्रोफेसर अनिल सुकलाल एवं दक्षिण अफ्रीका के ही 'पोएट लारिएट' डॉ. ज़ोलानी मकीवा शामिल हैं। वाराणसी में आयोजित होने वाले कर्टेन-रेज़र कार्यक्रम का मुख्य विषय 'गिरमिटिया विरासत' है जिसमें दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, फिजी, सूरीनाम, मॉरीशस, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, नीदरलैंड्स एवं आस्ट्रेलिया जैसे देशों में रह रहे गिरमिटिया समाज के इतिहास और वर्तमान के साथ-साथ उनकी भूली बिसरी कहानियों, उनकी चुनौतियों और भारत के साथ उनके गहरे संबंधों और उसके भविष्य पर चर्चा की जाएगी। इस आयोजन में विभिन्न देशों के राजनयिकों के साथ-साथ कई जाने-माने इतिहासकार, साहित्यकर्मी, शिक्षाविद और वरिष्ठ पत्रकार शामिल होंगे।इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारत डॉयलॉग्स की अन्य सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक पूजा प्रियंवदा ने कहा, ÷गाज़ीपुर हमेशा से ही सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। गाज़ीपुर लिटरेचर फेस्टिलस (जीएलएफ़) 2025 ग़ाज़ीपुर के उन गौरवशाली नामों और कहानियों को केंद्र में लाएगा जो आज तक हाशिए पर रहे। जीएलएफ़ महज साहित्य और कला का त्यौहार नहीं है बल्कि ये एक गंभीर कोशिश है स्वामी सहजानंद सरस्वती, कुबेर नाथ राय, नज़ीर हुसैन, राही मासूम रज़ा, डॉ. विवेकी राय, विश्वनाथ सिंह गहमरी जैसी गाज़ीपुर की महान विभूतियों, यहां के भोजपुरी साहित्य और और गिरमिटिया विरासत को सही सम्मान दिलाने की। इस कार्यक्रम में ना केवल देश के अलग-अलग हिस्सों के बल्कि दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, फिजी, गुयाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, सूरीनाम एवं सेशल्स जैसे देशों से तमाम गणमान्य लोग गाज़ीपुर आ रहे हैं।

ये कार्यक्रम गाज़ीपुर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नई पहचान दिलाएगा।÷गाज़ीपुर लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान तीन दिनों में लगभग 40 से ज्यादा बौद्धिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं लोककला से जुड़े कार्यक्रम होंगे जिसमें विशेष अतिथियों एवं प्रमुख वक्ताओं के भाषण, सामूहिक चर्चा, एकल साक्षात्कार, गायन-नृत्य-संगीत प्रस्तुति, पुस्तक विमोचन, हेरिटेज वॉक, फूड फेस्टिवल, कवि सम्मेलन, मुशायरा, लोककला एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी, विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं, लोक संगीत प्रस्तुति एवं छात्रों तथा बच्चों के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ-साथ साहित्य जगत की हस्तियों का सम्मान समारोह शामिल है।

# फिल्म द भूतनी के प्रीमियर के लिए हो जाइए तैयार




**नई दिल्ली।** ZEE5 और Zee Cinema 18 जुलाई को रात 8 बजे डरावनी और बेहद मज़ेदार हॉरर-कॉमेडी फिल्म द भूतनी के वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिनेमाघरों में दर्शकों को गुदगुदाने और डराने के बाद, द भूतनी अब अपने जबरदस्त धमाल, रोंगटे खड़े करने वाले रोमांच और ज़ोरदार हँसी के साथ आपके घर आ रही है।

सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई, और सिद्धांत सचदेव द्वारा लिखी और डायरेक्ट की गई फिल्म, द भूतनी में कई दमदार कलाकारों ने मुख्य किरदार निभाए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त बड़े ही अतरंगी भूत भगाने वाले की भूमिका में हैं, जिसके अपने राज़ हैं, जबकि मौनी रॉय ने बेहद ख़तरनाक और दिलों को लुभाने वाली आत्मा, मोहब्बत का किरदार निभाया है। उनके अलावा, सनी सिंह और पलक तिवारी ऐसे कॉलेज छात्रों की भूमिका में हैं, जो रहस्यों से भरे इस तूफानी सफर में फँस गए हैं। फ़िल्म में आसिफ़ ख़ान और निक भी सहयोगी किरदारों में नज़र आएँगे।

फिल्म की कहानी दिल्ली के सेंट विंसेंट कॉलेज के भूतिया परिसर के इर्द-गिर्द घूमती है, जहाँ एक पुराना भूत और एक शापित पेड़ हर वेलेंटाइन डे पर कहर ढाते हैं। ये कहानी एक टूटे दिल वाले छात्र शांतनु (सनी सिंह) की है, जो गलती से मोहब्बत नाम की एक बड़ी ही मनमोहक भूतनी को जगा देता है, जिसके अतीत की कहानी काफी दुख भरी है और उसका जुनून सच में जानलेवा है। जब पूरे कॉलेज कैंपस में लोगों में वहम और भूत-प्रेत का डर बढ़ने लगता है, साथ ही रहस्यमय मौतों के मामले सामने आने लगते हैं, तब सनकी बाबा (संजय दत्त) अपनी अनोखी शक्तियों वाले टूल-किट और एक रहस्य से भरे अतीत के साथ मैदान में उतरते हैं।

# अलीगढ़ की नित्या अरोड़ा ने जीआईआईएस स्मार्ट कैम्पस, सिंगापुर में अध्ययन के लिए 100 प्रतिशत ग्लोबल सिटिज़न स्कॉलरशिप हासिल की

**अलीगढ़।** ग्लोबल सिटीज़न स्कॉलरशिप (जीसीएस) , जो विश्व स्तरीय शिक्षा के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की एक प्रमुख पहल है।जीआईआईएस स्मार्ट कैम्पस, सिंगापुर में अध्ययन के लिए 100 प्रतिशत ग्लोबल सिटिज़न स्कॉलरशिप हासिल करने वाले 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों में अलीगढ़ की कु.नित्या अरोड़ा भी शामिल हैं, जो अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और नेतृत्व क्षमता के लिए जानी जाती हैं। नित्या अब जीआईआईएस स्मार्ट कैम्पस सिंगापुर में एक परिवर्तनकारी शैक्षणिक यात्रा शुरू करेंगी, जिसमें वरिष्ठ माध्यमिक (सीनियर सैकिंडरी) शिक्षा के दो महत्वपूर्ण वर्षों (ग्रेड 11 और 12) के लिए ट्यूशन फीस, बोर्डिंग और रहने के खर्च का 100 प्रतिशत कवरेज होगा। यह शैक्षणिक संस्थान अपने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, शीर्ष स्तरीय सुविधाओं और अत्यधिक कुशल शिक्षकों के समूह के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम विद्यार्थियों को सीबीएसई या आईबीडीपी पाठ्यक्रम

**स्कॉलरशिप**

**ग्लोबल स्कूल्स ग्रुप के अकादमिक निदेशक श्री प्रमोद त्रिपाठी ने कहा, ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप वित्तीय सहायता से कहीं आगे जाती है**

के बीच चयन करने की अनुमति देता है। कुल खर्च, प्रति विद्यार्थी, दो साल के लिए, 1 करोड़ रुपये होगा, जिसे जीसीएस प्रोग्राम पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा। ग्लोबल स्कूल्स ग्रुप के अकादमिक निदेशक श्री प्रमोद त्रिपाठी ने कहा, ''ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप वित्तीय सहायता से कहीं आगे जाती है; यह सपनों को सशक्त बनाती है। हम भविष्य के लीडरों में निवेश कर रहे हैं ऐसे विद्यार्थी जो



दूरदृष्टि, प्रेरणा और प्रतिबद्धता के साथ न केवल अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं बल्कि समाज में सार्थक योगदान भी देना चाहते हैं। हमें ऐसी युवा प्रतिभाओं को सहयोग देने पर गर्व है जो वैश्विक रूप से सोचने और उद्देश्यपूर्ण तरीके से कार्य करने का साहस रखते हैं।''

नित्या का चयन एक कठोर कई चरणों वाली प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें न केवल शैक्षणिक बल्कि उनकी समस्या-समाधान क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और परिवर्तन लाने की इच्छा का भी मूल्यांकन किया गया।

नित्या ने कहा, ''यह छात्रवृत्ति मेरी आकांक्षाओं के लिए उत्प्रेरक है। यह मुझे सीमाओं से परे सोचने, उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और अपने आस-पास की दुनिया में सार्थक योगदान करने की शक्ति देती है। मैं ऐसे समुदाय का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस करती हूं जो बदलाव लाने वालों को बढ़ावा देने में विश्वास करता है।''

अवसर और समानता की भावना जीआईआईएस को परिभाषित करती है और इसी के मुताबिक इस कार्यक्रम में परिवारों और गणमान्य व्यक्तियों को इन मूल्यों का उत्सव मनाने के लिए आमंत्रित किया गया। इस छात्रवृत्ति के साथ, नित्या अब उत्कृष्टता, सहानुभूति और प्रभाव के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक शिक्षण समुदाय में शामिल हो गई है।

# लोक भारती इंटर कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण



**लखनऊ।** लोक भारती इंटर कॉलेज, गीता पल्ली, आलमबाग में प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों से लेकर इंटर कक्षा के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। शिक्षकों ने भी बच्चों के इस अभियान में पूरा सहयोग करते हुए उनके द्वारा लगाए गए पौधों को सावधानी के साथ लगवाया ताकि पौधों का अच्छी तरह से विकास हो।

विद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्य ममता दीक्षित ने कहा कि वृक्षारोपण करना आज समय की मांग है तभी हमारा वातावरण प्रदूषण मुक्त बन पाएगा. विद्यालय प्रबंधक नमन दीक्षित ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के नागरिक है अतः इनमें शुरू से ही वृक्षारोपण और वृक्षों के संवर्धन की भावना डालना बहुत जरूरी है।

# जनपदीय जाति प्रमाण समिति की बैठक : छोटे-मोटे लाभ के लिए अपना जाती न बदलें : जिलाधिकारी

- शासनादेश का अध्ययन करलें तहसीलदार फिर जारी करें जाति प्रमाण पत्र

**अवधनामा ब्यूरो**


कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** जनपदीय जाति प्रमाण समिति की बैठक जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी के द्वारा बारी-बारी प्रश्नगत विषयों एवं निरस्त जाति प्रमाण पत्र के अपीलीय प्रकरणों को डीएम के समक्ष रखा गया। उक्त प्रकरणों के अन्तर्गत अधिकतर मामले खरवार, पासी, गौड़, कुम्हार, धनकर आदि विभिन्न जाति के प्रमाण पत्रों से सम्बन्धित थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि समिति के माध्यम से प्रत्येक माह के दूसरे शुक्रवार को बैठक किया जाएगा, तथा पक्षङ्कविपक्ष दोनों की बात सुनकर आदेश जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी को मेरे निर्णय से आपत्ति है तो मंडलीय समिति में अपील कर सकते हैं और मंडलायुक्त स्तर से संतुष्ट नहीं होते है तो फिर शासकीय समिति में अपील कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं वास्तविक रूप में हैं, जिसके लिए ये समिति के माध्यम से निस्तारण किया जाता है।

उन्होंने कहा की सामाजिक रूप से छोटे छोटे लाभ लेने के लिए अपनी जातियां न बदलें, सामाजिक रूप से नैतिक मूल्यों का पतन किया जा रहा है। समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों में जिलाधिकारी ने अभय पक्षों की बातों को समान अवसर देते हुए बारी-बारी से सुना, कुछ मामलों में एक सप्ताह का समय भी पक्ष एवं विपक्ष को पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त समय भी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन्हे भी इस समिति के समक्ष जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने एवं निरस्त करने के अपील में दृष्टिगत कोई प्रकरण है तो समिति के समक्ष या जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में शासन की व्यवस्था के अनुरूप प्रस्तुत कर सकते है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी तहसीलदार को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने संबंधी शासनादेश का भली भांति अध्ययन कर लिए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेखपाल की रिपोर्ट पर बिल्कुल निर्णय न लें, और अपनी जिम्मेदारी निभाएं तथा सभी जातियों के इतिहास का अध्ययन करें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी तहसीलदार गण को जाति प्रमाण पत्र संबंधित प्रशिक्षण दिलाएं।

## पटरी से उतरी मनरेगा, जाब कार्ड खाली, नहीं बढ़ पा रही रोजगार की मांग

**अवधनामा संवाददाता अमेठी।** बारिश के मौसम में मनरेगा का बुरा हाल है। बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम बंद हैं। पिछले महीने की तुलना में जिले में मनरेगा कार्य स्थलों पर श्रमिकों की संख्या तीन हजार कम हो गई है। मजदूरी का मार्केट रेट अधिक होने के कारण मजदूर मनरेगा के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं।

अमेठी बाईपास के किनारे सुबह आठ बजे से दस बजे तक काम की तलाश में रोज सैकड़ों मजदूर जमा होते हैं,ये मजदूर गांव में काम करने के लिए तैयार नहीं है।राम लाल और सुकई शनिवार को घर से दस किमी दूर काम की तलाश में अमेठी आए थे।दस बजे तक दिहाड़ी नहीं लगी थी।

गांव में काम नहीं मिला,सवाल पर दोनों ने कहा कि यहां पांच सौ रुपए दिहाड़ी शाम को घर जाते समय मिल जाती है, मनरेगा में 250रू भी नहीं मिलते।काम करने के बाद महीनों इंतजार करना पड़ता है।

# कौशल विकास के लिए राजकीय आईटीआई के बुनियादी ढांचे को करना होगा मजबूत : जयंत

- यूपी को आईटीआई कॉलेजों का बनाना है हब

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** केंद्रीय कौशल विकास व उद्यमिता व्यावसायिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा दिए स्किल इंडिया के नारे को फलीभूत करने के लिए देश के युवाओं में कौशल का विकास करना है। इसके लिए आईटीआई को सशक्त ही नहीं पुनर्जीवित करना होगा। इसके लिए कठोर कदम भी उठाए गए हैं।

उक्त बाते शनिवार को मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देश के जिन प्राइवेट आईटीआई कॉलेजों में सीटें नहीं भर रही थीं, उनके यहां युवाओं में कौशल विकास ठप था। लिहाजा प्राइवेट आईटीआई की साढ़े चार लाख सीटों का एक साथ खत्म किया। इससे राजकीय आईटीआई कॉलेजों में 10 फीसद सीटें बढ़ गई हैं। युवाओं में रोजगार पाने के लिए राजकीय आईटीआई कॉलेजों के बहुत क्रेज है। इस लिए यूपी को आईटीआई कॉलेजों के हब बनाना है। कुशीनगर में 5 राजकीय आईटीआई कालेज हैं। जिसमे एक को काफी वृहद स्तर पर विकास करना है। क्योंकि अब देश के युवाओं में रोजगार परक शिक्षा प्राप्त करने की होड़ मची है। आईटीआई के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि स्किल इंडिया मिशन के प्रधानमंत्री कौशल विकास सहित तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। आईटीआई की बुनियादी ढांचे को मजबूत कर आईटीआई को पुनर्जीवित करने का प्रयास सरकार कर रही है, ताकि आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी युवाओं को रोजगार मिल सके। देश के युवाओं में राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए होड़ मची है। श्री चौधरी ने कहा कि देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 में देश को नक्सली मुक्त अभियान शुरू किया गया है। इस पर सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है, नक्सलियों का सफाया कर रही है।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला समेत दो की दर्दनाक मौत

- प्लग लगाते समय महिला व बिजली का कार्य करते समय चपेट में आया युवक

**अवधनामा ब्यूरो**


सावित्री देवी


रोते बिलखते मुन्ना के परिजन

**कुशीनगर।** जिले में शनिवार को दो अलग अलग जगहों पर विद्युत करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला समेत दो की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सौरहा खुर्द चरीघरवा गांव निवासी एक बुजुर्ग महिला सावित्री देवी पंखे का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आ गई। कुछ देर बाद जब घर के लोग देखने गए तो महिला की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोहे के पंखे की जगह प्लास्टिक का पंखा होता तो यह दुर्घटना टल सकती थी। सावित्री देवी के पति का निधन 15 साल पहले हो चुका था। उनका एकलौता बेटा जगदेव पटेल पहले से बीमार है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण स्थानीय लोगों ने ओमप्रकाश पटेल वीरेन्द्र चौधरी रामकुंवर पटेल पारसनाथ कुशवाहा मुन्नीलाल गुप्ता रामनरेश कुशवाहा परिवार की मदद की मांग की है।

नेबुआ नौरंगिया पुलिस के एसआई मनीष कुमार, कांस्टेबल नेबूलाल, अमित सिंह और हिमांशु कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना जटहां बाजार थाना क्षेत्र के माघी कोठीलवा गांव की है जहां मुन्ना कुशवाहा बरगी टोला में बिजली का कार्य कर रहा था कि इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया, जहां मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# सड़क से दो फीट नीचे नाला, अब ईट से हो रहा ऊंचा, ढहने की आशंका

- दो महीने से अगल बगल के लोग है परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**अवधनामा संवाददाता**



**मथौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली में गुणवत्ता को दरकिनार कर ठेकेदारों द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड नंबर 12 में सड़क के किनारे लाखों रुपए की लागत से बने नाला निर्माण में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है, इसे टेक्निकल फॉल्ट कहे या मनमानी। ठिकेदार द्वारा सड़क के दो फीट नीचे बनवा दिया नाला, अब उसी नाले पर ईट से जोड़ाई कर नाला को सड़क के बराबर कराया जा रहा है जिससे नाला कभी भी ढह सकता है। दो माह से अगल बगल के लोगों में नगर प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली में इन दिनों निर्माण कार्यों में बड़ी लापरवाही सामने आ रही है, लेकिन नगर प्रशासन इसको अनदेखा कर रहा है जिससे ठिकेदार मनमाने तरीके से निर्माण कार्य करा रहे है। कस्बे के वार्ड नंबर 12 में सड़क के किनारों नाला निर्माण हो रहा है। अभी कुछ दिन पहले नाला निर्माण में प्लाजा बालू का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा था जिसका खबर प्रकाशित होने के बाद ठिकेदार द्वारा मोरंग बालू से कार्य शुरू कराया, लेकिन कुछ हिस्सों में नाला सड़क के नीचे है तो कहीं सड़क से ऊपर है। इसी तरह इंडियन पेट्रोल पंप के सामने नाला सड़क से दो फीट नीचे बना दिया गया है। लोगों के विरोध करने पर ठिकेदार द्वारा सीसी नाला पर ईट से जोड़ाई कर सड़क के बराबर कराया जा रहा है चुंकि नाला पहले से ही सीसी हो चुका है। ईट लगने से बारिश या ठोकर लगने से नाला कभी भी ढह सकता है, लेकिन नगर प्रशासन इसपर ध्यान नहीं दे रहा है। अगल बगल के लोगों का कहना है कि दो माह से हम लोगों को आने जाने में काफी समस्या झेलनी पड़ रही है।

# डिमोशन के विरुद्ध 13 साल से कोर्ट में लड़ाई लड़ रहे हैं ए ई रामलौट

- बिना वेतन के जल निगम विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय में रोज लगाते हैं हाजिरी

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** जल निगम विभाग में तेरह साल से एक सहायक अभियंता बिना वेतन के रोज दफ्तर में हाजिरी बजा रहा है।विभाग ने उसे रिटायर कर दिया है, सहायक अभियंता स्वयं को रिटायर नहीं मानता। सपा सरकार की ओर से दलित कर्मचारियों के डिमोशन के विरुद्ध हाईकोर्ट में केस करने वाले इस अभियंता को अदालत से न्याय का भरोसा है। कार्यालय के कर्मचारी इसे दिमाग से पैदल मानते हैं।

रामलौट की पहली पोस्टिंग अवर अभियंता के पद पर इलाहाबाद में हुई थी।कई जनपदों में अवर अभियंता के रूप में काम करने के बाद 2010में सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति हुई। सपा की सरकार की ओर से दलित कर्मचारियों का डिमोशन करने के फैसले का यह अभियंता भी शिकार हुआ और उसे जे ई के पद पर रिवर्ट कर दिया गया। रामलौट का कहना है कि सरकार के फैसले के विरोध में उसने हाईकोर्ट में केस दायर किया है।विभाग ने उसे 2012में रिटायर कर दिया। अगस्त 2012से उसे वेतन नहीं मिल रहा।ए ई रामलौट का कहना है कि जब तक अदालत से कोई निर्णय नहीं आता मैं सेवानिवृत्ति के आदेश को नहीं मानता। रायबरेली में रहता हूं और प्रतिदिन जल निगम कार्यालय आता हूं।

# खुले विद्यालय तो पिंकी ने भी शुरू की कालाजार पाठशाला



- पिछले चार वर्षों से कालाजार उन्मूलन में चला रहीं जागरूकता मुहीम

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** गर्मियों की छुट्टी के बाद खुले विद्यालय तो कालाजार चैम्पियन पिंकी चौहान ने कालाजार उन्मूलन में चला जागरूकता मुहीम को तेज कर दिया है। जुलाई माह में खुले विद्यालय तो पिंकी ने भी अपनी पाठशाला शुरू कर दी है। पिंकी आजकल नए नाम से जानी जाती है। साइकिल वाली दीदी, जिसकी पाठशाला कहीं भी शुरू हो जाती है। अपने उस दर्द की याद को ताजा करती है, जो कालाजार बीमारी से पीड़ित होने के दौरान उसने झेला था उस आप बीती को सुनाकर विद्यालय के बच्चों को बीमारी की गंभीरता से अवगत कराती हैं। बचाव व इलाज के प्रति जागरूक करती हैं।

जिले का बनकटा ब्लॉक जहां कुछ गांव कालाजार जैसी बीमारी से प्रभावित रहते हैं। इस ब्लॉक की नियरवा गांव निवासी कालाजार चैम्पियन (नेटवर्क सदस्य) पिंकी पिछले 4 वर्षो से कालाजार उन्मूलन में अपनी सहभागिता निभाते हुए नियरवा व आस-पास के गांवों और विद्यालयों में जागरूकता मुहीम चला रही हैं। कालाजार से पीड़ित पिंकी ने जिस दर्द को सहा था, अब उसे लोगों के बीच ले जा रही हैं। उन्हें एहतियात बरतने की सलाह देती हैं। पिंकी की पाठशाला हर जगह चलती है। लोगों के बीच जागरूकता फैला रही पिंकी अब साइकिल वाली दीदी के रूप में भी जानी जाने लगी है। पिंकी कालाजार रोग को हराने की मुहिम में जुटी हैं। पिंकी अपनी पाठशाला में ब्लैक बोर्ड पर कालाजार फैलाने वाली बालू मख्खी चित्र बनाकर विद्यालय के बच्चों को इस रोग के बारे में बताती हैं। पिंकी कालाजार सर्वाइवर हैं। जब वह 12 साल की थी, तब उन्हें कालाजार हुआ था। वह अभी तक उसको भुला नहीं पाई हैं। पिंकी को जब कालाजार हुआ तो वह इस रोग को मात देने में सफल रही। लेकिन एक साल बाद दोबारा अटैक हुआ। कालाजार इंफेक्शन ने उनकी त्वचा को प्रभावित किया। उन दिनों को याद कर आज भी पिंकी सिहर उठती है। उनके अभियान को उनके माता-पिता का भी सहयोग मिला हुआ है।

**आईआरएस छिड़काव में भी करती हैं सहयोग :** जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने बताया कि बनकटा ब्लॉक के 8 गांव कालाजार प्रभावित है। पिंकी चौहान पिछले 4 वर्षो से कालाजार जागरूकता मुहीम चला रहीं हैं। समुदाय के लोगों और विद्यालयों के बच्चों को बीमारी के प्रति जागरूक करती हैं।

# मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्ति ने पेड़ से लटक कर दे दी जान

- हनुमानगंज थाने के पीछे मात्र सौ मीटर की दूरी पर लटका मिला शव

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** शनिवार सुबह हनुमानगंज थाना क्षेत्र के बोधी छपरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब थाने के ठीक पीछे स्थित विजय सिंह के खेत में एक ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी मोतीलाल साहनी 55 वर्ष पुत्र गुलजार साहनी के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब 8 बजे की है। खेत में काम कर रहे मजदूरों ने जब सागौन के पेड़ पर शव को लटका देखा, तो उन्होंने शोर मचाया। खेत की दूरी थाने से मात्र 100 मीटर होने के कारण पुलिस मौके पर तत्काल पहुंच गई और शव को नीचे उतारा। पहचान के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार, मोतीलाल साहनी पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थे और अक्सर अकेले रहते थे। उनका व्यवहार भी असामान्य हो गया था। वह रोज सुबह अपने भाई के घर चाय पीने जाया करते थे, लेकिन शनिवार को नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। उसी दौरान खेत में शव मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के लिए प्राथमिक स्तर पर परामर्श और उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए।

थाना प्रभारी मनीष पांडेय ने बताया कि शव थाने के पीछे विजय सिंह के खेत में पेड़ से लटका मिला। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। आत्महत्या के पीछे की असल वजह क्या थी, यह पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

## बहादुर यादव महाविद्यालय को मिली मान्यता

**देवरिया।** बहादुर यादव महाविद्यालय, नगर पंचायत भटनी देवररया के प्राचायथ डॉ0 राकेश कुमार तिवारी ने अपने आवास पर एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बहादुर यादव महाविद्यालय, नगर पंचायत भटनी देवरिया को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से सहशिक्षा में मान्यता प्राप्त हो गयी है। अब महाविद्यालय में लड़के एवं लड़कियों का प्रवेश होगा7 इस महाविद्यालय में बी0ए0, बी0एस-सी0, बी0कॉम0 एवं बी0सी0ए0 की मान्यता प्राप्त है। शजसमे प्रवेश प्रारम्भ हो चुका है । वतर्मान समय में महाविद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।

वतर्मान सत्र से महाविद्यालय क्षेत्र के छात्रों के लिए निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कि कक्षाएँ प्रारंभ करने जा रही है शजसके अंतगथत बैंक, रेलवे, सेना, पुशलस और एस0एस0सी0 की भी तैयारी करायी जाएगी। महाविद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के अलावा अन्य राज्यों से विषयों विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।

# शहीद सत्यवान को केंद्रीय मंत्री ने दी श्रद्धांजलि, गेट का रखा आधारशिला




**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने रामपुर सोहरौना गांव पहुंचकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वीर शहीद जवान स्वर्गीय सत्यवान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस अवसर पर शहीद जवान के सम्मान में उनके नाम पर एक भव्य प्रवेश द्वार की आधारशिला भी रखी गई। तत्पश्चात दोनों मंत्रियों ने जिला मुख्यालय स्थित रविंद्र नगर सर्किट हाउस में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कौशल विकास एवं शिक्षा से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

बैठक एवं प्रेस वार्ता के उपरांत, दोनों मंत्रीगण भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान में राज्यसभा सांसद श्री कुंवर आर.पी.एन. सिंह जी के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग एक घंटे से अधिक समय बिताया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट कर संवाद किया। इसके उपरांत वे गोरखपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए।

# विधायक निधि के काम भी ठीक से नहीं करा पा रहीं विधायक महाराजी प्रजापति

- पति के जेल में होने से कमजोर हुआ रिपोर्ट कार्ड
- सड़कों के नवीनीकरण के काम में पीछे, विपक्ष में ठीक से नहीं बैठ पाई विधायक

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** विपक्ष में होना अमेठी विधायक को विकास कार्यों के मामले में भारी साबित हो रहा है। विधायक निधि के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को छोड़ कर शासन को भेजे गए अन्य प्रस्तावों पर अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। पिछले एक छः महीने के भीतर सड़क निर्माण का कोई भी प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुआ है। विधायक निधि से इस समय गांवों में सोलर लाइट लगाने और यात्री सेड के निर्माण का काम चल रहा है।

सड़कों के निर्माण, नवीनीकरण और मरम्मत के प्रस्तावों की स्वीकृति के मामले में अमेठी विधानसभा सबसे पीछे है। पिछले चार साल के भीतर विधायक महाराजी प्रजापति की ओर से जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, नवीनीकरण और मरम्मत के लिए तीन सौ के आधार की संख्या में ग्रामीण सड़कों का प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें से पच्चीस फीसदी भी स्वीकृत नहीं हुए हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समावेशी विकास के अन्तर्गत सभी विधानसभाओं में दो,तीन नयी परियोजनाओं को स्वीकृत कर जन आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए थे।तीस जून तक प्रस्ताव मांगे गए थे। प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि विधायक अमेठी का कोई प्रस्ताव इस बार भी शामिल नहीं किया गया है।

**विद्युत स्टेशन और बस स्टेशन के निर्माण के बाद भी नहीं दूर हुई समस्याएं :** पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के कार्यकाल में गुंगवाछ में विद्युत पावर स्टेशन का निर्माण हुआ। बस स्टेशन और रोडवेज वर्कशॉप का कायाकल्प हुआ,फिर भी बिजली कटौती की समस्या दूर नहीं हो पाई हैं। 50फीसदी से अधिक विद्युत लाइनें जर्जर हैं। पचास फीसदी स्टाफ कम है। बसों को चलाने के लिए पर्याप्त चालक और परिचालक नहीं है।

**पति को जेल से बाहर करने की कोशिश में सफल नहीं हो पा रही विधायक :** अमेठी। विधायक महाराजी प्रजापति पिछले चार साल में अपने पति को जेल से बाहर निकालने की भरसक कोशिश करती रही हैं।दो बार गायत्री प्रसाद प्रजापति को शादी में शामिल होने के लिए जमानत भी मिल चुकी है।जेल से बाहर आए लेकिन अदालत से अब तक न्याय नहीं मिल पाया।पति के जेल में होने के कारण विधायक महाराजी प्रजापति को काम करने में खासी कठिनाई हो रही है।दो बेटे और एक भतीजा मिलकर जैसे तैसे गाड़ी खींच रहे हैं।

### जनता की सेवा में हम पीछे नहीं शासन कर रहा भेदभाव

विधायक प्रतिनिधि अनिल प्रजापति ने बताया कि जनता की सेवा में हमारा परिवार पीछे नहीं है। शासन की ओर अमेठी विधानसभा में विकास कार्यों और नयी परियोजनाएं स्वीकृत करने में भेदभाव किया जा रहा है।

1- अलग अलग ग्राम सभाओं में चालीस सड़कों की इंटरलॉकिंग का काम हुआ है

2- 300इंडिया मार्क-2हैंडपम्प लगवाए गए थे,इस समय हैंडपंप की स्थापना का काम नहीं हो रहा

3- तीन सड़कों के नवीनीकरण, निर्माण और विशेष मरम्मत के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं

4- पीडित परिवारों की आर्थिक सहायता और गंभीर बीमारियों से इलाज में मुख्य मंत्री विवेकाधीन कोष से चार साल में ?लगभग 25करोड रु की आर्थिक सहायता दिलाई गई है।

5- 1700(सोलर लाइटें लगवाई जा चुकी हैं।

6- चार बाजारों में हाईमास्ट लाइटें लगाई गई है।11यात्री सेड बनवाए गए हैं

7- हारीपुर और हिम्मत गढ़ में विद्युतीकरण का प्रस्ताव शासन से स्वीकृत हो चुका है।

8- विधायक निधि से 22स्मृति द्वार के निर्माण का प्रस्ताव सी डी ओ को भेजा गया है

9- सभी धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

### जनता की सुनिए

विधायक महाराजी प्रजापति का कोई भी काम नजर नहीं आ रहा। सत्ता में न होने का दुःख झेल रही हैं। चार साल में विकास कार्यों को बेचने के अलावा उन्होंने और कोई काम नहीं किया। किसानों और मजदूरों के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया।

**हरीश सिंह चुन्नू, जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, अमेठी**

उत्तर प्रदेश में सरकार भाजपा की है। इसलिए अमेठी में नये विकास कार्य नहीं हो पा रहे, जनता की सेवा में विधायक कभी पीछे नहीं रही।जितना काम सम्भव है,करा रही हैं, लोगों के सुख दुख में बराबर शरीक होती हैं।

**अरुण कुमार मौर्य, सामाजिक कार्यकर्ता**

चार साल से दौड़ रहा हूं। विधायक जी के यहां का कोई कार्यक्रम नहीं छोड़ता,फिर भी हमारे गांव की सड़क ठीक नहीं हो पाई। बरसात में जलभराव होने से घर से निकलना मुश्किल हो जाता है।

**बाबू लाल सरोज, पूर्व प्रधान, रामदयपुर**

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने इलाज के लिए की आर्थिक मदद



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने इलाज के लिए पीड़ित को 10 हजार रुपए की आर्थिक मदद की है। ताला निवासी राकेश चौरसिया का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली में चल रहा है । उनको इलाज में 10 हजार रुपए की आर्थिक राजेश मसाला ने मदद दी।

राजेश अग्रहरि ने बताया कि पैरालाइसिस जैसी बीमारी से राकेश पीड़ित हैं। रायबरेली एम्स से इलाज चल रहा है, जो आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण इलाज कराने में असमर्थ है। 10 हजार रुपए का सहयोग दे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा रहा है और आगे भी जो आवश्यकता पड़ेगी उसकी मदद करूंगा । धन अभाव में इलाज रूकने नहीं पायेगा।

राजेश ने कहा कि योगी जी की सरकार है इलाज में कोई परेशानी नहीं होने पायेगी सरकारी मदद भी राकेश को दिलाऊंगा।

# ईमानदार अधिकारियों के जनपद में विकलांग जोड़े को आवास की दरकार

- प्रधानमंत्री आवास के लिए भटक रहा विकलांग जोड़ा

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में जहां एक तरफ मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह और जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की ईमानदारी के कसीदे कसे जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक विकलांग जोड़ा चटकी हुई कच्ची दीवारों और टपकती हुई कच्ची छत के नीचे रहने को मजबूर है शायद उनकी आवाज अभी तक ईमानदार जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह के कानों तक नहीं पहुंची है जनपद में ईमानदार अधिकारी की छवि बना चुके जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह के शाहजहांपुर जनपद की विकासखंड खुदागंज की ग्राम पंचायत पिपरी में एक विकलांग जोड़ा टूटी फूटी कच्ची कोठरी में गुजर बसर कर रहा है और बरसात के मौसम में कच्ची छत टपकने पर रात-रात जाग कर अफसोस कर रहा है शायद पति-पत्नी विकलांग ना होते तो आज उनके सर पर भी एक पक्की छत होती इस विकलांग जोड़े को काफी कुछ मेहनत के बाद 6 माह पूर्व शौचालय तो मिल गया लेकिन आवास की आज भी दरकार है यह विकलांग जोड़ा एक बार नहीं कई बार कलेक्ट्रेट शाहजहांपुर में भी अधिकारियों के पास चक्कर लगा चुका है और जब विकलांग पति-पत्नी मुख्य विकास अधिकारी से मिलने आए थे तो आश्वासन मिला था की जाइए आपका आवास बन जाएगा लेकिन करीब 3 वर्ष बीत चुका है मुख्य विकास अधिकारी का आश्वासन आज भी आश्वासन बना हुआ है और एक कागज के टुकड़े के रूप में मुख्य विकास अधिकारी से की गई अपील शायद कचरे की टोकरी में पहुंच चुकी है अब इनकी आवाज ना खंड विकास अधिकारी ना ग्राम विकास अधिकारी और ना ग्राम प्रधान को सुनाई दे रही है जिन्हें अब ईमानदार जिला अधिकारी से उम्मीदें शेष बची है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना में विकलांग और विधवाओं को आवास देने के लिए एक विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया था अभियान कहां चला इसकी हकीकत भी यह विकलांग जोड़ा दर्शा रहा है फिलहाल जनपद के ईमानदार जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह से इस विकलांग जोड़े को अब कुछ उम्मीद जगी है शायद इसे भी सर ढकने के लिए एक आवास मिल जाए यह कहानी है खुदागंज ब्लॉक के गांव पिपरी में रहने वाले बहारुद्दीन और ताहिरा की बरेली की रहने वाली विकलांग ताहिरा की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व पिपरी गांव में बहारुद्दीन के साथ हुई थी बहारुद्दीन के पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है और बहारुद्दीन अपनी बूढ़ी मां और विकलांग पत्नी के साथ एक कच्ची कोठरी में रहता है जिसकी दीवारें चटक चुकी हैं बहारुद्दीन और उनकी पत्नी दोनों विकलांग हैं यही मुख्य कारण है कि बहारुद्दीन कच्ची कोठी को भी मरम्मत करने की स्थिति में नहीं है बूढ़ी मां बहारुद्दीन के सहारे है और बहारुद्दीन अब जनपद के ईमानदार अधिकारियों के सहारे हैं संबंध में खंड विकास अधिकारी खुदागंज अरविंद दुबे से फोन संपर्क किया गया लेकिन फोन नहीं उठ सका।

# अवैध कब्जों के विरुद्ध जिलाधिकारी का सख्त रुख

अवधनामा संवाददाता

- ग्रामसभा की जमीनों को कराया जाएगा कब्जा मुक्त

**शाहजहांपुर।** जिले में ग्रामसभा की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्रा के साथ मिलकर बरेली मोड़ से तिलहर रूट पर स्थित नैनीताल ढाबे के निकट ग्रामसभा की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि ग्रामसभा की भूमि पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर उपयोग में लाया जा रहा है। जिस पर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस किसी ने भी इस सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया है, उस पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने ऐसे अतिक्रमण कर्ताओं पर भारी जुर्माना लगाने और भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने ग्राम मौजमपुर में स्थित एक अन्य सरकारी भूमि का भी निरीक्षण किया, जहाँ पर अवैध निर्माण कार्य की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर निर्माण कार्य की पुष्टि होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से अवैध निर्माण को हटाया जाए और भूमि को पूर्णतः कब्जा मुक्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी और ग्रामसभा की जमीनें आमजन और सार्वजनिक हित के लिए होती हैं, इन पर किसी भी प्रकार का निजी अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने सभी राजस्व और ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रामसभा की भूमि का भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी कोई अवैध कब्जा न हो। यदि किसी स्थान पर कब्जा पाया जाता है तो तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## संकल्प संस्था ने सुशीला धाम पर किया पौधारोपण



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** संकल्प सस्था द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम सुशीला धाम परिसर टूंडली में पौधारोपण किया गया। इसमें आम, जामुन, अमरूद, इमली, नीम आदि के पौधे लगाने के साथ-साथ इन्हे संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इंजीनियर आरपी शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, पौधा लगाने के साथ ही उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। जिससे बड़ा होने पर हमें छांव दे सके। पेड़ पौधों से हमें कई प्रकार के लाभ भी होते है। इस मौके पर इंजीयनर आरपी शर्मा, अशोक सारस्वत, एनपी सक्सेना, डा. अनिल वार्ष्णेय, डा. अनिल कुलश्रेष्ट, महेंद्र झा, विनोद गुप्ता, रतन सिंह, आरपी सिंह तोमर, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, दयाशंकर, जितेंद्र उपाध्याय, राकेश शर्मा, राजेश कटियार, प्रमोद सारस्वत, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## ब्लू वैल स्कूल में विद्या प्रारंभ का हुआ आयोजन



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** ब्लू वेल कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में प्रथम बार विद्यालय में प्रवेश करने वाले बच्चों का विद्या आरंभ पूजन पंडित संजय लावण्या के द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती अनीता सिंह एवं एसबीआई के पूर्व प्रबंधक अरविंद सिंह भी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में यह पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। पंडितजी ने बच्चों को फूल माला पूजा आदि करवा कर यह प्रक्रिया संपन्न की और साथ में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए माताओं को कुछ सलाह विधि दी कि अपने बच्चों का लालन-पालन किस प्रकार करें। इस कार्यक्रम में बबीता सिंह, मोनिका, मनोज चौहान, अपूर्व तोमर, संगीता सिसोदिया, भाषा सिंह, पूनम, सौम्या जादौन, लक्ष्मी, शिखर, शिवानी शर्मा, राजू, पप्पू, टिकम, प्रीति, रेखा आदि मौजूद रहे।

## माथुर वैश्य युवा संगठन द्वारा किया गया शिक्षकों का सम्मान



**शिकोहाबाद, अवधनामा संवाददाता।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संगठन के द्वारा नगर में माथुर वैश्य समाज के वरिष्ठ शिक्षकों का उनके घर-घर जाकर शॉल उड़ाकर व मिठाई आदि खिलाकर सम्मान किया। इस मौके पर प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता, प्रोफेसर गिर्राज कुमार गुप्ता, सतीश चंद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, गोविंद नारायण गुप्ता व श्रीकिशन गुप्ता का सम्मान किया गया व समाज को उनके द्वारा दिये गए योगदान के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया व शिक्षकों से संगठन के लिए मार्गदर्शन देने की मांग की। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धर-पकड़ अभियान में पुलिस ने 3 दबोचा, असलाह बरामद



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 110/2025 से सम्बन्धित 03 अभियुक्तगण को छीने गये मोबाइल, नकदी, अवैध चाकू, अवैध असलाह, कारतूस व घटना मे प्रयुक्त अपाचे मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी सदर जनपद फिरोजाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना बसईमो0पुर पर पंजीकृत मु0अ0 सं0 110/25 धारा 134/351 (4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 03 अभियुक्त धर्मवीर उर्फ डीके पुत्र गीतम सिंह निवासी ग्राम वाजीदपुर थाना डौकी जनपद आगरा। अंकुश पुत्र शँकरलाल निवासी रामनगर थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद। आकाश पुत्र भूरी सिंह निवासी ग्राम मोहम्मदाबाद थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को अवैध तमंचा कारतूस व घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल अपाचे के साथ ईधौन पुल से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मोबाइल रियलमी, 350 रूपये, अपाचे मोटर साईकिल नं यूपी न्च् 83 ठै 3352 एक अदद तमन्चा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज, एक अदद चाकू नाजायज बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 111/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 112/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विमलेश कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 अंकित कुमार, उ0नि0 प्रमोद कुमार, का01476 परमवीर सिंह, का01539 अंकित यादव, का045 गजेन्द्र सिंह, का01006 डिगम्बर सिंह थाना बसई मौहम्मदपुर फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# अपनी बदहाली पर रो रही है कुड़वार से कामापुर की 5 किमी लंबी सड़क

अवधनामा संवाददाता



**कुड़वार, सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार कस्बा के बैंक आफ बड़ौदा बैंक के बगल से कामापुर गांव तक की करीब 5 किलोमीटर लंबी जर्जर डामर सड़क इन दिनों ग्रामीणों की परेशानी का सबब बनी हुई है। दशकों पहले बनी यह सड़क अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आए दिन स्कूली बच्चे, महिलाएं और दोपहिया वाहन सवार गिरकर चोटहिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन खामोश है। ग्रामीणों के साथ इसरौली ग्राम प्रधान नरेंद्र मौर्या ने 8-10माह पूर्व इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान को लिखित मांग पत्र सौंपकर इस सड़क की मरम्मत कराने की गुहार लगाई थी। प्रधान समेत ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की जीवनरेखा है, जिससे रोजाना बाजार, अस्पताल और स्कूल जाने वाले बच्चे गड्ढों में गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। क्षेत्र के अजय तिवारी, गगन पाठक, गया प्रसाद पाठक, संजय पाठक ओम प्रकाश शुक्ला समेत कई ग्रामीण लोगों ने बताया कि इस सड़क पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे, इसरौली, भगवानपुर, उत्मानपुर, कामापुर, भंडरा परशुरामपुर, तिरछे, सोहगौली, निरसहिया समेत दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों का प्रतिदिन इसी सड़क मार्ग से आना-जाना है। इस सड़क पर वर्षों से न तो कोई रोलर चला, न ही मरम्मत का नामोनिशान दिखाई दिया। केवल चुनावी मौसम में इस पर चर्चा होती है, लेकिन काम शून्य रहता है। बरसात में यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जबकि गर्मियों में धूल का गुबार के लोगों की सेहत बिगाड़ने के साथ जगह-जगह उधड़ी गिट्टियां परेशानी बढ़ा रही हैं-देवनाथ पांडेय, अनिल तिवारी, भंडरा परशुरामपुर सड़क की बदहाली देखकर लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है। ग्रामीणों ने अब चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। विधायक मो0ताहिर खान ने आम जनमानस को आश्वासन देते हुए बताया है कि सड़क को नये सिरे से अच्छी सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है उम्मीद है कि शीघ्र ही इस सड़क पर भी निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## 31 जुलाई तक करें हज यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन



**शिकोहाबाद, अवधनामा संवाददाता।** हज यात्रा वर्ष 2026 के लिए आन लाइन आवदेन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। जो लोग हज यात्रा के लिए जाना चाहते हैं वह आन लाइन आवदेन कर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। 31 जुलाई के बाद रजिस्ट्रेशन होना संभव नहीं हो सकेगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह ने बताया कि अल्प संख्यक कल्याण बोर्ड उप्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि हज 2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गयी है। ऑनलाइन आवेदन फार्म हज कमैटी ऑफइण्डिया मुम्बई की वेबसाइट पर हज.ई.सुविधा केन्द्र पर भरे जा सकेगे। उक्त के क्रम में निम्न विवरण के अनुसार जनपद स्तर पर ई.सुविधा केन्द्र निर्धारित करते हुए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इस्लामिक सेन्टर मदीना कालौनी फिरोजाबाद आलम मुस्तफा, अहमद यूनिस हैं। हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को सूचित किया जाता है कि हज यात्रा हेतु ऑनलाइन आवेदन फार्म हज कमैटी ऑफइण्डिया मुम्बई की पर तथा ई.सुविधा केन्द्र इस्लामिक सेन्टर मदीना कालौनी फिरोजाबाद पर करा सकते हैं।

## ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व रखने वाली टेढ़ी नदी के पुनरूद्धार कार्यक्रम का हुआ श्रीगणेश

**बहराइच।** उदगम स्थल चित्तौरा झील से निकलकर जनपद में 61.400 कि.मी. तथा कुल 232 किलोमीटर के टेढ़े मेढ़े रास्ते तय कर अयोध्या जी स्थित सरयू नदी में विलीन होने वाली 'टेढ़ी नदी' (कुटिला नदी) अपना ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व रखती है। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर विकास खण्ड हुजूरपुर स्थित ग्राम गौड़रिया में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान जय प्रकाश चौरसिया सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा ग्रामवासियों के साथ श्रमदान कर नदी के पुनरूद्धार कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया।

नदियों के महत्व की बात की जाय तो नदियों के बगैर मानव जाति के अस्तित्व की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। मानवजीवन के लिए नदियों के महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि यह मात्र जल का एक महत्वपूर्ण साधन ही नहीं है बल्कि कृषि, उद्योग, परिवहन, ऊर्जा उत्पादन और सांस्कृतिक परंपराओं का भी आधार हैं। नदियाँ, मानव सभ्यता की रीढ़ हैं।

# पूर्व मंत्री के घर पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व मंत्री विधायक सदर बहराइच श्रीमती अनुपमा जायसवाल के आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। सदर विधायक के आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत सामरिक शक्ति बनने के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था के पायदान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के विज़न के सहारे भारत नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़े बड़े अपराधियों एवं माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल में भेजा गया है ताकि बेहतर कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश का चतुर्मुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में चल रही कावड़ यात्रा के दौरान भक्तों पर पुष्पवर्षा करायी जा रही है तथा यात्रा के दौरान भक्तों के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना भेद-भाव के सबका साथ, सबका विकास, सबका उत्थान के उद्देश्य से कार्य कर रही है। सभी पात्र लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर सांसद बहराइच आनन्द कुमार गौड़ एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा राम निवास वर्मा, श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, अवध क्षेत्र के संगठन अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार अन्य अधिकारी व सम्बन्धित मौजूद रहे।

## अंकारीपुर मे करंट लगने से किशोर हिमांशु की दर्दनाक मौत

**सुलतानपुर।** दूबेपुर ब्लॉक के अंकारीपुर गांव मे उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक को करंट की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई ।बताते चले की छरौली ग्राम पंचायत के अंकारीपुर गांव मे स्व भोलानाथ का परिवार है, भोला यादव की मौत बीते पांच साल पहले रायबरेली मे एक दुर्घटना मे हुई थी,आज शनिवार को भोला के तीनो लडको मे सबसे छोटे बेटे हिमाशू की उस समय मौत हुई जब वह हाथ धुलने के लिए हैण्डपम्प पर लगे मोटर को चला कर पानी ले रहे थे।मृतक हिमांशु राणा प्रताप पीजी कालेज का छात्र बताया जा रहा है। खैर घटना से परिजनो मे कोहराम मचा हुआ है, स्थानीय लोग हिमांशु के परिजनो को ढांढस बधां रहे है।

# अर्थदंड की पांच रसीद लेकर गायब हुए निलंबित रीडर, मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद न्यायाधीश के पूर्व रीडर फैज आलम पर सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। अर्थ दंड की पांच रसीद बुक 4 महीने से गायब है। आरोप है कि उक्त रसीद बाह्य न्यायालय सिविल जज (अवर खंड) मुसाफिरखाना कार्यालय के उपयोग के लिए न्यायालय कर्मी फैज आलम ने पुस्तकालय अनुभाग सुल्तानपुर से 17.03.2025 को प्राप्त किया है, परंतु उक्त रसीद उन्होंने सिविल जज के अहलमद आबिद हुसैन को प्राप्त नहीं कराई। अब रसीद कहीं नहीं मिल रही है। ना ही उसका कहीं प्रयोग ही हुआ है, उक्त रसीद की प्राप्ति के लिए अवर खंड मुसाफिरखाना न्यायालय के पीठासीन अधिकारी ने जिलाजज को अवगत कराया। डीजे के आदेश पर कई बार नोटिस जारी की, परंतु फैज आलम ना तो नोटिस प्राप्त किए और ना ही स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर रसीद मुहैया कराई। बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे फैज आलम को 6 जून 2025 को मुसाफिरखाना सिविल जज न्यायालय से निलंबित करते हुए न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 3 से संबद्ध कर दिया गया। इस आशय का पत्र उनके निवास करोमी भेजा गया। उनके घर जाकर उनकी तलाश की गई, फिर भी उनका कुछ अता पता नहीं चला। तहरीर के मुताबिक, फैज आलम के भाई ने बताया कि वे काफ़ी दिनों से बाहर हैं, कहां हैं क़ब आएंगे कुछ पता नहीं। इसके बाद रसीद के दुरुपयोग की संभावनाओं को देखते हुए प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुख्य न्यायाधीश कार्यालय अनिल कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर नगर कोतवाली में 09.07.2025 को मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# बाँदा में बिना नोटिस गिराया गया पचासों साल पुराना मकान

अवधनामा संवाददाता

- ब्राह्मण परिवार खुले आसमान के नीचे बेघर, प्रशासनिक बुलडोज़र पर उठे सवाल
- बारिश में टूटा आशियाना, खुले में शरण



**बाँदा।** उत्तर प्रदेश के बाँदा जनपद के बबेरू तहसील अंतर्गत एक बेहद संवेदनशील और चौंकाने वाली घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। यहाँ एक ब्राह्मण परिवार का सैकड़ों साल पुराना मकान प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व नोटिस या विधिवत प्रक्रिया के बुलडोज़र चलवाकर गिरा दिया गया। पीड़ित परिवार का दावा है कि उनके पास मकान से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज़, रजिस्ट्री, रसीदें और वैध कागजात मौजूद हैं, बावजूद इसके उन्हें एक अपराधी की तरह बेदखल कर दिया गया।

यह घटना तब और अधिक दर्दनाक बन गई जब यह कार्रवाई भारी बारिश के बीच की गई। पीड़ित परिवार के बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे खुले आसमान के नीचे ठहरने को मजबूर हो गए। बच्चों की किताबें, ज़रूरी सामान, गृहस्थी के सारे साधन मलबे में दब गए। परिवार की वृद्ध महिला रोते हुए कहती है

हमने कभी सोचा भी नहीं था कि बिना किसी चेतावनी के हमारा घर ऐसे तोड़ दिया जाएगा, जैसे हम देशद्रोही होंज हमारे पुरखों का आशियाना पलभर में उजड़ गया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल पर आरोप लगाया है कि उन्हीं के इशारे पर यह कार्रवाई हुई। ज़मीन को सरकारी बताते हुए प्रशासन ने घर को ज़मींदोज कर दिया, लेकिन कभी भी परिवार को नोटिस नहीं भेजा गया, न ही किसी तरह की सुनवाई का अवसर दिया गया।

स्थानीय नागरिकों ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए कहा कि जब सरकार प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सबको मकान दे रही है, तब जिला स्तर पर अधिकारियों द्वारा इस तरह की तानाशाही कार्यवाही संविधान के खिलाफ है।

मामला जब सदर विधायक तक पहुँचा, तो उन्होंने बिना देरी किए खुद बबेरू पहुँचकर पीड़ित परिवार से मुलाक़ात की। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। विधायक ने कहा यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के प्रति भी अन्याय है। बिना नोटिस किसी का घर गिराना सीधा-सीधा तानाशाही है। क्या यही 'सुशासन' है जिसकी दुहाई दी जाती है?उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से भी जवाब माँगा और उप जिलाधिकारी को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी मनमानी दोहराई गई तो कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना से योगी सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश है। क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने एक सुर में इस कार्रवाई की निंदा की और तत्काल पीड़ित परिवार को पुनर्वास, मुआवज़ा और न्याय देने की मांग की है।

लोगों की माँगें- उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई हो, पीड़ित परिवार को वैकल्पिक आवास और आर्थिक सहायता दी जाए, भविष्य में ऐसी कार्रवाई से पहले विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाई जाए।

बबेरू की यह घटना सिर्फ एक मकान गिरने की नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता और राजनैतिक दबाव में लिए गए फैसलों की झलक है। जब न्याय की उम्मीद लगाने वाला आम नागरिक खुद को बेबस महसूस करता है, तो यह लोकतंत्र की आत्मा पर चोट के समान है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शबी हसन पुत्र जमीर हसन निवासी ग्राम बराही पोस्ट सिकरोरी तहसील संडीला जनपद हरदोई।

मेरे पासपोर्ट संख्या M0842027 में मेरा नाम शबी अंकित मैंने अपने नाम में संशोधन कर लिया है आज से मेरा नाम शबी हसन हो गया है। अब मुझे शबी हसन के नाम से जाना व पहचाना जाए।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 04.08.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 08402025 दिनांक 11–07–2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 12/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नामः सहायक मण्डल इंजीनियर/वर्कशॉप/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/वर्कशॉप/आलमबाग के अनुभाग में कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ के रोलिंग स्टॉक रखरखाव बुनियादी ढांचे में सुधार और उन्नयन। (दोहरी पैकेट प्रणाली) | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 16,20,25,140.63 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 9,60,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 21.07.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 04.08.2025 15:00 बजे |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :–1–निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2115/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वन्यजीवों के स्वास्थ्य व उनके आचार व्यवहार को देखा

वहाज अली निहाल



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क के सलाहकार डा0सी0एन0भुवा गुजरात सरकार में वरिष्ठ पशु चिकित्सक के रूप में तैनात रहे हैं तथा उन्होंने अपनी सेवाएं गिर नेशनल पार्क एवं शक्कर बाग प्राणी उद्यान में लगभग 25 वर्ष तक दी है। डा0 भुवा वर्ष 2015 से इटावा सफारी पार्क के सलाहकार के रूप में सफारी पार्क में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी क्रम में डा0 भुवा दिनांक 10 जुलाई को इटावा सफारी पार्क पहुँचे। डा0भुवा द्वारा शनिवार को इटावा सफारी पार्क में वास कर रहे समस्त वन्यजीवों के स्वास्थ्य एवं उनके आचार व्यवहार को देखा गया तथा आवश्यक सुझाव दिए गए। ज्ञातव्य हो कि बीते 25 मई को सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, पीलीभीत के बीसलपुर रेंज के अंतर्गत ग्राम पंडरी से एक मादा तेंदुआ शावक घायल अवस्था में रेस्क्यू किया गया था। वह पिछली टांगों पर खड़ा होने में असमर्थ था। जिसका प्राथमिक उपचार पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था। परंतु बेहतर उपचार हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सफारी पार्क में 12 जुलाई को लाया गया है जिसका उपचार सफारी पार्क के वन्य जीव चिकित्सकों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। डॉ0भुवा द्वारा सफारी पार्क के वन्य जीवों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सफारी पार्क के उप निदेशक डा0विनय कुमार सिंह, बायोलॉजिस्ट बी0एन0सिंह, सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सक डा0रॉबिन सिंह यादव एवं डॉ0शैलेंद्र कुमार, पीलीभीत टाइगर रिज़र्व के वन्यजीव चिकित्सक डॉ0दक्ष गंगवार भी उपस्थित रहे।

# पहले दिन अम्बी मौर्या ने एमनीव विज़न स्कूल के लिए रजत पदक जीता

**1000 से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी ने आयोजन को ऊर्जावान और प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया**

**सीबीएसई जोनल जूडो 2025 (पूर्वी ज़ोन)**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** सीबीएसई द्वारा आयोजित पूर्वी ज़ोन की बहुप्रतीक्षित जूडो चैम्पियनशिप 2025 का रंगारंग शुभारंभ जनपद इटावा के प्रतिष्ठित एमनीव विजन स्कूल में शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न भार वर्गों में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से आए खिलाड़ियों ने शानदार जुझारूपन और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। कुल 1000 से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी ने आयोजन को ऊर्जावान और प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया। पहले दिन की पदक तालिका में रेडियंट सेंट्रल अकादमी, जलालपुर अंबेडकर नगर यूपी ने 3 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसके कोच अनुपम शुक्ला हैं, जबकि जीजीएस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5क्रमे 2 स्वर्ण पदक जीते, जिनके कोच चिन्मय कुमार हैं। एमजीएम बोकारो ने सर्वाधिक कुल 7 पदकों (1 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य) के साथ तीसरा स्थान अर्जित किया। टीम का मार्गदर्शन कोच राजीव कुमार सिंह ने किया। धनबाद पब्लिक स्कूल और प्रिज़्ली विद्यालय, कोडरमा ने भी संतुलित प्रदर्शन करते हुए क्रमशः तीन-तीन पदक अपने नाम किए, जिनके कोच क्रमशः आरती कुमारी और सौरभ कुमार पाठक रहे। मेज़बान एमनीव विजन स्कूल, इटावा के लिए यह दिन विशेष रूप से गौरवशाली रहा। जब विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा अम्बी मौर्या ने अत्यंत सराहनीय प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। उनके इस प्रदर्शन ने न सिर्फ विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचने की प्रेरणा भी दी। इसके अतिरिक्त, विद्यालय के अन्य खिलाड़ियों ने मिलकर कुल 1 रजत और 4 कांस्य पदक प्राप्त किए, जिससे कुल पदकों की संख्या पाँच रही। इस टीम का प्रशिक्षण कोच राजीव कुमार द्वारा किया गया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने कहा, ऐसे आयोजन बच्चों में खेल के प्रति जुनून और अनुशासन बढ़ाते हैं, जो उनके समग्र विकास के लिए ज़रूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के फाइनेंस ऑफिसर मो.आरिफ, कार्यक्रम प्रमुख विनयशील पठानिया, साथ ही स्कूल के शिक्षक और छात्र भी मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। अन्य विजेता विद्यालयों में ओपन माइंड स्कूल, पटना (1 रजत, 2 कांस्य), जिनके कोच राहुल कुमार यादव हैं, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, लखनऊ (1 रजत, 1 कांस्य), कोच रोहित पाल के नेतृत्व में, और आर्मी पब्लिक स्कूल, कुनराघाट (1 रजत), जिनके कोच संदीप कुमार हैं, शामिल रहे। सभी मुकाबलों का संचालन अनुभवी निर्णायकों द्वारा निष्पक्ष रूप से किया गया। आयोजन की सफलता में स्कूल स्टाफ, प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों का समर्पण सराहनीय रहा। सीबीएसई के पर्यवेक्षक अभिषेक चौधरी एवं सूचना तकनीक प्रतिनिधि आकिफ जावेद खान की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामयी स्वरूप प्रदान किया। छात्रा अम्बी मौर्या की जीत पर पूरा विद्यालय गर्वित है, और उनके इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि निरंतर अभ्यास और प्रेरणा से कोई भी छात्र राष्ट्रीय मंच पर चमक सकता है। इस आयोजन ने पूर्वी भारत की जूडो प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ एकता, अनुशासन और खेल भावना को भी मजबूत किया है। आगामी दिनों में और भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि हमारे छात्रों का प्रदर्शन यह सिद्ध करता है कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। हमें गर्व है कि हमारी छात्रा अम्बी मौर्य ने पूरे आत्मविश्वास के साथ राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर।** पत्नी से कुछ दिनों पूर्व हुए अलगाव के बाद युवक ने कमरे में अंदर से कुंडी बंद करके पंखे में रस्सी डालकर आत्महत्या कर ली। कमरे से बदबू आने पर बीती रात पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को मोर्चरी पहुंचाया। मृतक सात भाइयों में सबसे छोटा था और दो वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। इसके एक छह माह की बच्ची है। कस्बे की नई बस्ती में गुटका फैक्टरी के समीप रहने वाले सुरेश चंद शिवहरे के छोटे बेटे अभय उर्फ गोलू शिवहरे ने बृहस्पतिवार को देर शाम रिहायसी मकान की छत में बने कमरे में अंदर से कुंडी बंद करके फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का पत्नी से कुछ दिन पूर्व भी अलगाव हुआ है। इससे वह परेशान रहता था। इसने पंधरी निवासी दिया वर्मा से दो वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। उनके एक छह माह की दुधमुंही बच्ची भी है। मृतक के बड़े भाई भोले ने बताया कि सात भाइयों में गोलू सबसे छोटा था। जब से उसने प्रेम विवाह किया था। किसी भाई को ज्यादा मतलब नहीं था। अभी कुछ दिन पूर्व भी उन दोनों के मध्य तलाक हुआ था। तभी से वह मानसिक तनाव में रहता था। घटना के एक दिन पूर्व उसने कुछ लोगों से आत्महत्या करने का जिक्र किया था। मृतक के बड़े भाई दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि अदालत से तलाक होने के बाद उसकी पत्नी उसे फोन से परेशान कर रही थी। इसी से दबाव में आकर भाई ने आत्महत्या की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## महिलाओं ने शराब की दुकाने हटाये जाने की उठाई मांग

**कुरारा/हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के वार्ड आठ कलारी मोहल्ले की निवासी महिलाओ ने हाइवे किनारे मोहल्ले को जाने वाली रास्ता के समीप से हटाए जाने को लेकर शिकायती पत्र दिया है। वार्ड आठ निवासी महिलाएं भगवती, सुनीता , रामरती, रज्जी, उषा,उर्मिला, सुखदेवी, महारानियां, कैलाश रानी आदि ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि बेरी तिराहा के पास हाइवे से हमारे मोहल्ले को तीन फिट की संकरी रास्ता है। इसी रास्ता के बगल में अंग्रेजी शराब, बीयर, व देशी शराब के ठेके खुले है। जिनमें शराबी सुबह से लेकर देर रात तक ठेके के सामने बैठकर शराब पीते है । जिससे मोहल्ले की महिलाओं को अपने कार्य से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी रास्ते से बच्चे व लड़कियां विद्यालय व कोचिंग आते जाते है। जिनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शराबी दिन भर आपस में गाली गलौज तथा झगड़ा फसाद करते हैं। तथा महिलाओं पर छींटाकशी करते हैं। तथा शराब के नशे में रास्ते में खड़े होकर पेशाब करते है। जिससे महिलाएं शर्मशार हो जाती है।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत 4 अभियुक्तों की 3.97 करोड़ की संपत्ति कुर्क

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में हमीरपुर पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर नकेल कसते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की है। थाना सुमेरपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 322/2024 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत चार अभियुक्तों–सोनू गुप्ता उर्फ शिवकुमार (मृत), रामप्रकाश उर्फ प्रांशू गुप्ता, उमाकान्त गुप्ता और रिजवान उर्फ गुड्डू–की 3,97,72,174/- की चल-अचल संपत्ति कुर्क की है।

पुलिस के अनुसार, ये अभियुक्त गैंग बनाकर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे। इनके खिलाफ विद्युत अधिनियम, खेसारी अधिनियम, संपत्ति हड़पने, जान-माल की धमकी, गाली-गलौज और मारपीट जैसे कई मामले थाना सुमेरपुर और जसपुरा में दर्ज हैं। अभियुक्तों ने अपराध से अर्जित अवैध धन से मकान, प्लॉट, कृषि भूमि, आरा मशीन और धर्मकांटा जैसी संपत्तियां अपने, परिवारजनों या मित्रों के नाम पर खरीदी थीं।

कुर्क की गई संपत्तियों में सागर रोड एनएच-34 पर 300 वर्ग मीटर का प्लॉट (66.91 लाख), धर्मकांटा के पास मकान और प्लॉट (41.57 लाख), पैलानी तहसील बांदा में कृषि भूमि (47.07 लाख और 10.17 लाख), सुमेरपुर में मकान (21.12 लाख), आरा मशीन वाला प्लॉट (2.43 करोड़) और अन्य संपत्तियां शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना सुमेरपुर और कुरारा पुलिस ने धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई की। अभियुक्तों की आपराधिक पृष्ठभूमि में धोखाधड़ी, मारपीट, स्ट्/स्ज्ञ एक्ट, आर्म्स एक्ट और आवश्यक वस्तु अधिनियम जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। यह कार्रवाई अपराधियों पर शिकंजा कसने और अवैध संपत्ति जब्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमीरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी, ताकि जनपद में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

# प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ने निदेशक को भेजा शिकायती पत्र, जांच की मांग

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ने पंचायती विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाया है। निदेशक पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश को भेजे शिकायती पत्र में इन्होंने डीपीआरओ कार्यालय में वर्षो से जमे अधिकारियों पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायतों में कराए गए विभिन्न विकास कार्यो की स्वतंत्र एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग किया है।

संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल का आरोप है कि जिले का पंचायती विभाग में भ्रष्टाचार हाबी है। डीपीआरओ कार्यालय में वर्षो से जमे कुछ कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप अंत्येष्टि स्थल निर्माण को देखा जा सकता है। कहा कि शासन की मंशानुरूप प्रत्येक विकासखंड में22 लाख रूपए की लागत से अत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराया जाना था, कितु अधिकांश कार्य जिला मुख्यालय के आसपास के गांवों में मानकों के विपरीत निजी लाभ के लिए करा दिए गए। जनपद में 6 फ्लाई ऐश ईट यूनिट का संचालन कागजों पर दिखाकर लाखों रुपए सरकारी धन का बंदरबांट कर लिया गया।नाली व खड़जा निर्माण में भी काफी अनियमितता बरती गई है।

## श्रमिकों की मजदूरी पर डाला जा रहा डांका

चोपन विकास खंड के ग्राम पंचायत पनारी में श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान उनके बैंक खाता में न कराकर कुछ लोगों द्वारा अपने बैंक खाता में कराए जाने का मामला बीते दिनों खुब सूर्खियों में था। शिकायत के बावजूइ इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि यदि ग्राम पंचायतों में अब तक कराए गए विभिन्न विकास कार्यो की यदि किसी स्वतंत्र एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच करा दी जाए तो न केवल विभाग के उच्चाधिकारी बल्की उनके अधिनस्त कार्य करने वाले तमाम अधिकारियों पर कार्रवाई की गांज गिर सकती है। शिकायत कर्ता ने जांच की मांग किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी से विवाद होने पर पति ने यमुना नदी में लगाई छलांग



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पति-पत्नी में विवाद हो जाने के बाद पति ने गुस्से में यमुना नदी से कूद कर आत्महत्या करने के उद्देश्य छलांग लगा दी। जैसे ही सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों व नाविको की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई अता पता नहीं था। गौरतलब है कि 12 जुलाई 2025 दिन शनिवार को समय करीब 1 बजे दोपहर चंद्र प्रकाश श्रीवास पुत्र नाथूराम श्रीवास (उम्र45 वर्ष) निवासी ग्राम मेरापुर सदर कोतवाली नगर हमीरपुर पति -पत्नी के नोक झोक में अपने घर के सामने यमुना नदी में कूद गया। सूचना पर तत्काल सदर कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों व नाविको की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

### मौदहा में नाला सफाई की बदहाली, समाजसेवियों ने स्वयं संभाला मोर्चा



**मौदहा, हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** नगरपालिका मौदहा एक बार फिर नाला सफाई को लेकर सुर्खियों में है। कस्बे के अरतरा रोड पर नाले की सफाई न होने और जगह-जगह टूटने से पानी निचली बस्तियों में घुस गया। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका को सूचित किया, लेकिन जेई की अनुपस्थिति के कारण न सफाई हुई न मरम्मत। नाराज समाजसेवी सलीम अहमद और शहजादा चिश्ती ने स्वयं पैसे जुटाकर नाले की मरम्मत शुरू कराई। बता दें कि पिछली पंचवर्षीय योजना में नाला सफाई के नाम पर हुए महाघोटाले का मामला अभी भी चर्चा में है। नालों की बदहाल स्थिति ने नगरपालिका की कार्यशैली पर फिर सवाल उठाए हैं।

### थाना समाधान दिवस: हमीरपुर के मुस्करा थाने में फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद हमीरपुर के मुस्करा थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर और अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जमीनी विवादों के निपटारे के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी राठ, प्रभारी निरीक्षक थाना मुस्करा सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वृक्षारोपण में विद्यालय स्टाफ व ग्राम वासियों ने प्रतिभाग किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** विकास खंड बसरेहर के प्राथमिक विद्यालय दुगावली में संस्था स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन द्वारा वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन देते हैं और कार्बनडाइऑक्साइड गैस को अवशोषित करने के साथ ही जल चक्र को बनाए रखने में सहायता देते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और विभिन्न जीव प्रजातियों को भोजन और आवास देते हैं। वृक्षारोपण को जितना प्रोत्साहित किया जाए वह कम है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। वृक्षारोपण में विद्यालय स्टाफ तथा ग्राम वासियों ने प्रतिभाग किया।

### मजदूरों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**सोनभद्र।** विकास खंड नगवां के सरईगढ़ गांव के पिपराडीह में एक्शन एड कर्नाटक प्रोजेक्ट परियोजना के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों की शिक्षा पर बल दिया गया। वकताओं ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सरकारी योजनाएं मसलन वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित श्रम विभाग की समस्त योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। क्लाइमेंट चेंज और क्लाइमेट जस्टिस,संवैधानिक मूल्य न्याय,समता, स्वतंत्रता , बंधूता आदि पर चर्चाकिया। मानवाधिकार रक्षक कमलेश ने बताया कि जलवायु परिवर्तन एक ऐसा गंभीर संकट है, जिसका असर मजदूर, पर्यावरण, कृषि और जीवन में अब साफदिखाई देने लगा है। इस संकट से निपटने के लिए हमें हर स्तर पर बदलाव लाना होगा। मजदूरों, किसानों, बच्चों ,महिलाओं पर क्लाइमेट का साफअसर दिख रहा है, इसका मुख्य कारण विद्युत उपकरण हैं।

## करंट से महिला की गई जान

**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बबूरी गांव में शुक्रवार की देर रात विद्युत करंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। फर्राटा पंखा अपनी तरफघूमाने के दौरान कमलावती देवी उम्र 60 वर्ष करंट के चपेट में आ गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बबूरी गांव निवासी कमलावती रात में कमरे में सो रही थी। गर्मी लगने पर फर्राटा पंखा वह अपनी तरफघूमाने लगी, इसी दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गई। घटना की जानकारी होते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

## चिकित्सक के निधन पर शोक

**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** करमा क्षेत्र के एक प्रसिद्ध प्राइवेट अस्पताल के चिकित्सक की शनिवार को निधन पर क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्रीय लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर शोकसंवेदना व्यक्त किया और परिवारिक जनों को ढ़ाढस बधाया। बतादें कि क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डाक्टर सत्य प्रकाश ने शनिवार को 95 वर्ष की उम्र में शनिवार को अंतिम सांसे ली। इन्होंने अपने जीवनकाल में गंभीर से गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का इलाज कर क्षेत्र में अपनी पहचान बनायी। इनके दो पुत्र हैं, जो चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत है। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। हर कोई दुःख व्यक्त रहा है।

## शिक्षा विभाग के खिलाफग्रामीणों में आक्रोश

**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** कम बच्चों की उपस्थिति पर सरकारी विद्यालयों को मर्ज करने के आदेश के क्रम में सदर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय भड़रा खुर्द को बंद किया जा रहा है। इस विद्यालय में अध्यनरत छात्रों को पास के महुआर खुर्द प्राथमिक विद्यालय में पढ़न-पाठन की व्यवस्था की जा रही है। इसे लेकर भड़रा खुर्द के ग्रामीणों में आक्रोश है। समाजसेवी पंकज पांडेय ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय भड़रा खुर्द में 28 बच्चे अध्यनरत है। लोढ़ी से दो, तिलौली से 10, सेमरा से 8, पेटराही व भड़रा से चार-चार बच्चे इस विद्यालय में पढ़ाई करने आते हैं। जबकि महुआर खुर्द में महज 19 बच्चे है। कहा कि शासनादेश के विरूद्ध भड़रा खुर्द प्राथमिक विद्यालय को मर्ज किया जा रहा है।जबकि कम बच्चों की उपस्थिति पर महुआर खुर्द प्राथमिक विद्यालय को मर्ज किया जाना चाहिए। समाजसेवी ने कहा कि भड़रा खुर्द प्राथमिक विद्यालय भवन की स्थिति सही है। इस विद्यालय में दूर-दराज से बच्चे पढ़ाई करने आते है। यदि विद्यालय को बंद कर दिया गया तो बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

## बच्चों को कैरियर गाइडेंस का दिया गया प्रशिक्षण




**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** राजीव गांधी इंस्टिट्यूट आफपेट्रोलियम टेक्नोलाजी के डायरेक्टर प्रोफेसर हरीश हिरानी के मार्गदर्शन में अदानी फाउंडेशन सलाईबनवा और राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष कार्यक्रम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय सलाईबनवा परिसर में एक दिवसीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसीसी सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी, ग्रीप्ट के डाक्टर दीपक द्विवेदी व डाक्टर अंकुर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में आदिवासी बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर अदानी फाउंडेशन के सीएसआर हेड मनोज चौबे, प्रधानाध्यापक श्लेष, अध्यापक दीपा ज्योति आदि मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री का मना पुर्नजन्मप्राप्त महोत्सव

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता का शनिवार को चुर्क पहाड़ी पर विराजमान बाबा पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में पुर्नप्राप्ति जन्मोत्सव मनाया गया। वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय केशरी के निर्देशानुसार भाजपा क्षेत्रीय मंत्री काशी क्षेत्र बीएन गुप्ता ने नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रूद्राभिषेक किया। बाद आयोजित भंडारा में दर्जनों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बीएन गुप्ता ने बताया कि 12 जुलाई 2010 को तत्कालीन बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता पर रिमोड बम से जानलेवा हमला हुआ था।मंत्री अपने आवास के निकट मनोकामना सिद्ध प्राचिन शिव मंदिर से दर्शन पूजन कर घर वापस लौट रहे थे। दिल्ली के चिकित्सकों ने अथक प्रयास के बाद उनकी जान बचायी। 7 माह सात दिन तक अस्पताल में गंभीर के बाद वे घर लौटे। कहा कि कैबिनेट मंत्री के स्वस्थ्य होने पर 12 जुलाई को उनका पुर्नजन्म प्राप्त दिवस मनाना जाता है। इस मौके पर कमलेश मोहन, रामसरन गुप्ता, मोहन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सुखनंदन चौरसिया, रामाशकंर द्विवेदी, रामाशंकर केशरी, बीरवहादुर, दिलीप गुप्ता, रामवृक्ष चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा परिषद के छात्रों को दिया गया नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा, बढ़पुरा।** पानकुँअर इंटरनेशनल स्कूल, ग्वालियर बायपास के प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव द्वारा एक अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक पहल के तहत बेसिक शिक्षा परिषद से संबद्ध दो विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय सूखाताल एवं कंपोजिट विद्यालय रायपुरा, ब्लॉक बढ़पुरा के छात्र-छात्राओं को 15 दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना एवं उन्हें वर्तमान तकनीकी युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना रहा। इस अवधि में विद्यार्थियों को कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान जैसे कि एमएस वर्ड, पावरपॉइंट, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, टाइपिंग कौशल और बेसिक प्रोग्रामिंग की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश यादव का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम के रूप में देखा जा रहा है। कार्य की सराहना करते हुए प्राथमिक विद्यालय सूखाताल के प्रधानाध्यापक श्री रमेश चंद्र राजपूत एवं कंपोजिट विद्यालय रायपुरा के शिक्षक श्री अनिल कुमार राजपूत ने डॉ.यादव का हृदय से आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रकार की पहल से सरकारी विद्यालयों के छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार होंगे। बीएसए राजेश कुमार ने डॉ कैलाश चंद्र यादव जी के इस प्रयास की सराहना की एवं विभाग की ओर से सम्मानित करने की बात कही। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निजी विद्यालय और सरकारी विद्यालयों के बीच शिक्षा सहयोग की एक सुंदर मिसाल प्रस्तुत करता है। स्थानीय समुदाय ने भी इस कार्य को अत्यधिक सराहा है एवं अपेक्षा की है कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम चलते रहेंगे।

# ईसीआरकेयू चोपन शाखा-1 की विशेष बैठक आयोजित

**अधिकारों के संघर्ष के लिए मान्यता नहीं, मानवता और एकता की जरूरत: ओ पी शर्मा**

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** युवा रेलकर्मी अपने अधिकारों के संघर्ष के लिए आगे आएं, संघर्ष के लिए मान्यता नहीं, मानवता और एकता की जरूरत। उक्त बातें ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने कहीं। वे ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन चोपन शाखा - 1 की विशेष बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। शाखा कार्यालय में आयोजित इस बैठक का संचालन सचिव उमेश कुमार सिंह ने किया। इसके पूर्व श्री शर्मा के शक्तिपुंज एक्सप्रेस से चोपन पहुंचने पर सचिव उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों और विभिन्न विभागों के रेलकर्मियों ने पुष्पहार पहनाकर तथा जोरदार नारों से उनका स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए ओ पी शर्मा ने रेलवे में यूनियनों की मान्यता के लिए दिसम्बर 2024 में सम्पन्न हुए चुनाव के बाद उपजे स्थितियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा तथा ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के प्रयास से एआईआर एफ के सभी संबद्ध जोनल यूनियनों को यूनियन कार्यालय रखने की औपचारिक अनुमति रेलवे बोर्ड से मिल गई है। इससे हमें अपने प्रक्षेत्र के रेलकर्मियों से जुड़े समस्याओं के निराकरण एवं प्रशासनिक स्तर पर प्रतिवेदन देने में सुगमता होगी। इस आलोक में विभिन्न समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए हमें पहले ही की तरह अपने संघर्ष को जारी रखना है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों और युवा रेलकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि अपने अधिकारों के संघर्ष के लिए ईसीआरकेयू को मान्यता नहीं बल्कि मानवता और एकता की जरूरत है। एकता से ही आत्मबल बढ़ता है। चोपन शाखा के सचिव उमेश कुमार सिंह और उनकी समस्त टीम हर समय यहाँ के रेलकर्मियों के हर सुख दुःख में मदद के लिए तत्पर रहते हैं। इसी स्वरूप को बनाए रखने की जिम्मेदारी आने वाले समय में युवा रेलकर्मियों को अपने कंधों पर लेने के लिए तैयार रहना होगा। इसके साथ ही,श्री शर्मा ने ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) द्वारा पिछले महीनों में किए गए विभिन्न कार्यो और मांगों की जानकारी रखी। इस बैठक में मनोज कुमार, राकेश कुमार चौरसिया, धीरेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, राकेश कुमार, सूरज कुमार, श्यामा शंकर विश्वकर्मा, एम के शर्मा, एस डी पाण्डेय, सन्तोष कुमार, अक्षय कुमार, नीतीश कुमार मंडल, राजकिशोर कुमार, संतोष कुमार, रजनीश कुमार ठाकुर, राजू दस, प्रमोद कुमार, गुड्डू कुमार राय, दीपक कुमार ठाकुर, डी के चौधरी,सीता राम यादव इत्यादि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने साहिब श्री गुरु तेगबहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री गुरु तेगबहादुर सन्देश यात्रा को पुष्प वर्षा कर रवाना किया

# सत्य को कोई समाप्त नहीं कर सकता : सीएम योगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर साहिब श्री गुरु तेगबहादुर महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री गुरु तेगबहादुर सन्देश यात्रा को पुष्प वर्षा कर रवाना किया। यह यात्रा श्री गुरु सिंह सभा, नाका हिण्डोला, लखनऊ से गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब, चांदनी चौक, दिल्ली तक होगी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री अपने शीश पर श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के पावन स्वरूप को धारण कर आगमन एवं स्वागत करते हुए आसन पर विराजमान किया। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के समक्ष मत्था टेका। इस अवसर पर आयोजित शबद-कीर्तन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को गुरु तेग बहादुर जी का चित्र, स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश से दिल्ली तक जाने वाली सन्देश यात्रा बलिदान के स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने व वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। बलिदान सन्देश यात्रा के दृष्टिगत देश एवं प्रदेश के अन्दर एक नया उत्साह और उमंग दिख रहा है। देश भर में कई आयोजन हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश स्थित गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटियां इसके लिए कार्य कर रही हैं। यह सन्देश यात्रा लखनऊ से प्रस्थान कर दिल्ली के उस स्थान तक जा रही है, जहां सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु तेग बहादुर जी ने शहादत दी। इस यात्रा के माध्यम से साढ़े तीन सौ वर्षों के सम्पूर्ण इतिहास को जीवन्तता प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औरंगजेब द्वारा सनातन धर्म पर किए गए हमलों तथा अत्याचारों की खबरें उस कालखण्ड में आती थी। औरंगजेब का उद्देश्य था, तिलक, जनेऊ तथा सनातन धर्म को समाप्त करना। औरंगजेब के अभियान को प्रथम चुनौती गुरु तेगबहादुर जी महाराज ने दी थी। तत्कालीन समय में शासकों ने गुरु तेगबहादुर जी महाराज, भाई सतिदास, भाई मतिदास, भाई दयाला जी के साथ अत्याचार एवं क्रूरता की सारी सीमाएं तोड़ दी। भय और प्रलोभन से गुरु तेगबहादुर जी महाराज को इस्लाम स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया, लेकिन वे अपने पथ से विचलित नहीं हुए। अन्ततः वे शहादत देकर भावी पीढ़ियां के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए। यही शहादत की परम्परा है, जिस पर वर्तमान भारत की नींव खड़ी है।



- मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के समक्ष मत्थाटेका तथा आयोजित शबद-कीर्तन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए
- उ0प्र0 से दिल्ली तक जाने वाली सन्देश यात्रा बलिदान के स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने व वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत : मुख्यमंत्री
- सन्देश यात्रा के माध्यम से साढ़े तीन सौ वर्षों के सम्पूर्ण इतिहास को जीवन्तता प्रदान की जा रही है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। इसकी नींव में यही शहादत और बलिदान है। चार साहबजादों ने देश और धर्म की रक्षा करने के लिए बलिदान दिया था। सत्य को कोई समाप्त नहीं कर सकता। सत्य हर काल व परिस्थिति में अपने अस्तित्व को बनाए रखता है। सिख गुरुओं का इतिहास भारत व विश्व के समक्ष सच्चाई को प्रस्तुत करता है। इसी इतिहास पर भारत की सुदृढ़ नींव खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर आयोजित सन्देश यात्रा हमें प्रेरणा दे रहा है कि जिस उद्देश्य से सिख गुरुओं से अपनी शहादत, त्याग व बलिदान दिया था। वर्तमान पीढ़ियों का यह दायित्व है कि गुरुओं की शहादत को जीवन्त बनाए रखने के लिए कार्य करे। धर्मांतरण व आपस में फूट डालने की कोशिश के प्रति हमें सतर्क रहना पड़ेगा। प्रदेश के कार्यक्रमों में दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी का सकारात्मक योगदान प्राप्त होता रहता है। उत्तर प्रदेश व दिल्ली की गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटियां परस्पर एक टीम भाव के साथ कार्य करती हैं। यहां पर कोई भी आवाज हम सामूहिक रूप से लेकर चलते हैं तो वह राष्ट्रीय बनती है। यह आवाज सफल भी होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में शबद-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके उपरान्त वीर बाल दिवस सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 दिसम्बर की तिथि को राष्ट्रीय स्तर पर 'वीर बाल दिवस' आयोजित करने का निर्णय लिया। इसे राष्ट्रीय स्तर का आयोजन बनाकर भावी पीढ़ियों के समक्ष इतिहास को जीवन्त बनाने का प्रयास किया गया है। सिख गुरुओं की महानता व समर्पण भाव सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# जगह जगह मजलिसों का सिलसिला जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों की दर्दनाक शहादत की याद में शनिवार को शहर में जगह जगह मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। रौजाए काजमैन सआदतगंज में मौलाना अब्बास इरशाद नकवी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने अहलेबैत की फजीलत व अजमत को बयान करते हुए कहा कि पैगम्बरे इस्लाम (स) ने कहा है कि अपनी मजलिसों को जिक्रे अली (अ.स.) से जीनत दो, क्योंकि अली का जिक्र करना व सुन्ना इबादत है। मजलिस बाद अंजुमन रजाए हुसैन ने नौहाख्वानी की। मेहदी घाट पीपे वाला पुल पर दूसरी मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि गदीर में एलान-ए-विलायत के बाद दीने इस्लाम मुकम्मल हुआ। मजलिस के बाद अंजुमन गुलामाने हुसैन ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा गुलाम हुसैन बिलग्रामी पुराना तोपखाना बालागंज में मजलिस को मौलाना फिरोज हुसैन ने खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी मोहम्मद मंजूर आलम ने तिलावते कुराने पाक से और संचालन तालिब जैदी ने किया। छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना गुलाम रजा ने कर्बला में ख्वातीन का किरदार,शीर्षक से मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन (अस) की शहादत के बाद इमाम की बहन हजरत जैनब (अ.स) ने उनके मिशन को आगे बढ़ाया।

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्य प्रेमियों के लिए एक खास मुशायरा

**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** सायं 7:00 बजे उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में एक भव्य मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे अनेक प्रसिद्ध कवि, शायर और लेखक हिस्सा लेंगे और अपनी उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। यह मुशायरा उर्दू अदब और काव्य प्रेमियों के लिए एक विशेष सांस्कृतिक अवसर है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे इस साहित्यिक संध्या को कवर करें और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाएँ।

### सोनाली मिश्रा रेलवे बोर्ड के नया महानिदेशक नियुक्त



**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** मध्य प्रदेश कैडर की 1993 बैच की आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा को रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे बोर्ड का नया महानिदेशक नियुक्त किया। इस नियुक्ति के साथ ही वह आरपीएफ का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बन गयी हैं, जो भारत के विशाल रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण बल है।

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में धान रोपाई का किया निरीक्षण



**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित धान की किस्म एनडीआर 20/65 की लाइन सोइंग का गहनता से निरीक्षण किया। धान की यह प्रजाति 90 से 110 दिनों के भीतर तैयार हो जाती है। कृषि मंत्री ने किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए स्वयं खेत में उतरकर लाइन में धान की रोपाई भी की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई किस्मों और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उप कुलपति वीरेंद्र सिंह सहित कई कृषि वैज्ञानिक एवं विश्वविद्यालय कर्मी उपस्थित रहे। कृषि मंत्री ने वैज्ञानिकों से बातचीत कर धान की नई किस्मों और कृषि अनुसंधान में हो रही प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में कृषि क्षेत्र में शोध और विकास को लगातार बढ़ावा दे रही है। यह दौरा कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जिनेन्द्र प्रभु की भक्ति में अत्यंत शक्ति है: मुनि श्री

**लखनऊ।** डालीगंज जैन मन्दिर में शनिवार को श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन अगुवाई मे जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया। सभी भक्तो ने क्षेत्रपाल बाबा को चोला अर्पण किया।उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज ने अपने प्रवचन मे बताया की जिनेन्द्र प्रभु की भक्ति मे अत्यंत शक्ति है। उन्होंने बताया की किस प्रकार आचार्य मांगतुंग स्वामी ने जब भगवान ऋषभदेव की स्तुति करते हुए भक्तामर स्तोत्र की रचना की तब भक्तामर स्तोत्र के प्रत्येक 48 श्लोक के साथ कारागार के 48 ताले स्वयं खुलते चले गए। मुनि श्री ने बताया की भक्तामर स्तोत्र का पाठ सच्चे मं से करने से जीवन मे आये सभी कष्ट दूर होते है और सभी मनोकामनायें पूर्ण होती है।

# केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व मंत्री स्व0 आनन्द सिंह को दी श्रद्धांजलि

- उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर: उप-मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शनिवार को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह जी के जनपद गोण्डा के मनकापुर कोट आवास पर पहुंचकर उनके स्वर्गीय पूज्य पिताएवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद आनंद सिंह जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस दुःखद समय में शोकसंतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा प्रभु श्रीराम जी से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और परिवार के प्रति अपनी आत्मीयता व संवेदना प्रकट की।

उन्होंने जनप्रतिनिधियो व पदाधिकारियों के साथ संवाद किया एवं मनकापुर विकासखंड परिसर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग सहित कई विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए गए अरगा ब्रांड के उत्पादों की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उन्होंने प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। सरकार के द्वारा लगातार विकास कार्य किया जा रहा है। जनपद गोंडा में भी बहुत सारे विकास कार्य हुये हैं,जिससे गोंडा की तस्वीर पहले से काफी बदली हुई है। गोंडा सहित पूरे प्रदेश में कानून का राज कायम है। कोई भी माफिया या भ्रष्टाचारी अब कानून की नजर से बच नहीं सकता है। जो भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा,उसके खिलाफ सरकार सख्ती से निपटेगी।

### शोक संवेदना व्यक्त करने पूर्व राज्यमंत्री अनुपमा जायसवाल के घर पहुंचे केशव मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को जनपद बहराइच में विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अनुपमा जायसवाल जी के निज आवास पर पहुंच कर उनकी दिवंगत पूज्य सासू माँ के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होने शोकसंतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा प्रभु श्रीराम जी से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। सदर विधायक के आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सामरिक शक्ति बनने के साथ अर्थव्यवस्था के मामले मे भी तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप भारत हर क्षेत्र मे नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं।

# तकनीक और टैलेंट का भव्य संगम होगा कौशल ओलंपिक 2025

- विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 और 16 जुलाई को राजधानी लखनऊ में योगी सरकार की अनूठी पहल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (न्वैक्ड) के अंतर्गत आयोजित होगा। इसका उद्देश्य युवाओं के नवाचारों को मंच देना है, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किए गए टेक-बेस्ड कौशल नवाचारों को।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के सभी जनपदों में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों से चयनित प्रशिक्षणार्थी इस ओलिंपिक में भाग लेंगे और अपने-अपने प्रोजेक्ट्स, मॉडल्स, ऐप्स या टेक सॉल्यूशन का प्रदर्शन करेंगे। इससे युवाओं को न केवल तकनीकी पहचान मिलेगी, बल्कि वे इंडस्ट्री के लिए तैयार वर्कफोर्स के रूप में भी उभर सकेंगे। कौशल ओलंपिक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, हेल्थटेक, स्मार्ट एग्रो और डिजिटल डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों के नवाचारों की प्रदर्शनी होगी। प्रतियोगिता आधारित फॉर्मेट में विजेता नवाचारों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उद्योग प्रतिनिधि, स्टार्टअप इनक्यूबेटर, निवेशक व शिक्षाविद् भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ प्रदर्शनी नहीं बल्कि युवाओं को सशक्त करने का प्लेटफॉर्म है। जो युवा कभी बेरोजगार थे, वे अब ।प्- ट्रेंड स्किल्ड एंटरप्रेन्योर के रूप में नज़र आएंगे। यह स्किल इंडिया मिशन को धरातल पर उतारने की एक सशक्त पहल है।

# टी.टी.एफ. में पर्यटन विभाग को मिला एक्सीलेन्स अवॉर्ड

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के सबसे बड़े ट्रैवल शो नेटवर्क, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टी.टी.एफ.-2025) में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉल पर भारी भीड़ रही। समापन के अवसर पर विभिन्न स्टॉलों को पुरस्कृत किया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को एक्सीलेन्स अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस अवॉर्ड को फेयर फैस्ट के चेयरमैन व सी.ई.ओ. संजीव अग्रवाल ने प्रदान किया। कोलकाता के बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित टीटीएफ में उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहसिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया गया। आगंतुकों ने यूपी के स्टॉल पर राज्य के गंतव्यों की विस्तार से जानकारी ली। शनिवार को तीन दिवसीय पर्यटन मेले (10-12 जुलाई) का भव्य समापन हुआ।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि, इस वर्ष का संस्करण विशेष रूप से बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) स्वरूप में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की टीटीएफ में सक्रिय भागीदारी रही।उन्होंने कहा, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर ने उद्योग जगत के पेशेवरों के लिए अवसरों के नए द्वार खोले, जो राज्य के पर्यटन विकास में मददगार साबित होगा। टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया गया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में उत्तर प्रदेश को अवश्य शामिल करें।

# बदलाव ने जारी की लखनऊ में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों की स्थिति

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बदलाव द्वारा आज लखनऊ में भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों की स्थिति पर आधारित सर्वेक्षण के बाद तैयार की गई महत्वपूर्ण रिपोर्ट ष्उपेक्षा और समावेश 2024-25ष् का विमोचन मुख्य अतिथि असीम अरूण जी, मंत्री समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, जे.राम (उपनिदेशक समाज कल्याण), के.एल. गुप्ता (उपनिदेशक समाज कल्याण), अंजनी सिंह (जिला समाज कल्याण अधिकारी-लखनऊ), प्रो. मो0 तारिक (संस्थापक, द कोशिश ट्रस्ट), प्रोफेसर विवेक कुमार सिंह (डीन-सोशल साइंस स्टडीज, प्रो0 राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज) द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री जी, विशिष्ठ अतिथि एवं अतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर



- पुनर्वास संसाधनों को पुनर्जीवित करने और परिवार आईडी के माध्यम से योजनाओं का लाभ भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा: मंत्री असीम अरुण

उन लाभार्थियों की कहानियों से हुई जिन्होंने बदलाव संस्था के सहयोग से भिक्षावृत्ति से निकलकर आत्मनिर्भर जीवन की ओर कदम बढ़ाया। नरेंद्र, नरेश, माया, राहुल और कपिल जैसे उदाहरणों ने अपनी भावुक कहानियाँ साझा कीं। बदलाव के संस्थापक/कार्यकारी निदेशक शरद पटेल जी ने बदलाव के द्वारा भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों के पुनर्वास के लिए संस्था द्वारा विकसित मॉडल ऑफ चेंज एवं अभी तक बदलाव के द्वारा पुनर्वासित किये गये लोगों के प्रभाव को विस्तृत रूप से साझा किया और बताया कि यह रिपोर्ट नीति निर्माण और सामाजिक समावेशन का एक मजबूत आधार बनेगी।प्रो. तारिक मोहम्मद ने कहा कि स्वीकार्यता और संवेदनशीलता सबसे बड़ी चुनौती है, जो इस रिपोर्ट से संभव हो सकती है। पैनल चर्चा में भिक्षावृत्ति विरोधी कानून में समीक्षा की बात करते हुए प्रोफेसर तारिक जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भिक्षावृत्ति प्रतिषेध अधिनियम 1975 में परिस्थिति को अपराध बना दिया गया है। जबकि भिक्षावृत्ति में व्यक्ति दर दर ठोकरें खाने के बाद मजबूरी में जाता है। ऐसे लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की स्माइल स्कीम में व्यापक पुनर्वास का प्राविधान किया गया है और भीख मांगने के काम में लगे लोगों के पुनर्वास के लिए उनकी गरिमा को केन्द्र बिन्दु मानते हुए पुनर्वास की प्रक्रिया से गुजारते हुए पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराकर समाज की मुख्य धारा में लाया जा सकता है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर उप सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के उप सचिव की अध्यक्षता में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें चारों बैचों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेष रूप से उर्दू बीटीसी 2005 बैच की ओर से निम्नलिखित साथियों सनाउल मुस्तफ़ा (लखनऊ) जावेद खान (प्रतापगढ़) सय्यद इरफान मोईन (गोंडा) फहीम बेग (लखनऊ) अकील अहमद (बाराबंकी) ज़ियाउर्रहमान (प्रतापगढ़) आदि की भागीदारी रही।

बैठक के दौरान सनाउल मुस्तफ़ा ने बताया कि कुछ संगठनों की ओर से ऐसी कोशिशें भी हुई, जिससे प्रतिनिधियों को पीछे धकेला जाए, लेकिन उर्दू बीटीसी के प्रतिनिधियों ने किसी भी दबाव के सामने झुकने से इनकार किया। उन्होंने कहा हम ऑपरेशन सिंदूर के जुझारू योद्धाओं की तरह डटे रहे, जब तक कि मिलने वालों की सूची में अपना नाम दर्ज न करा लिया। प्रतिनिधियों को मीटिंग में मिली प्राथमिकता आखिरकार तीन प्रतिनिधियों – जावेद खान, सय्यद इरफान मोईन, और सनाउल मुस्तफ़ा – को अनुमति प्राप्त हुई, साथ ही फरहीन उबैद (कौमी शिक्षक संघ) भी मौजूद रहीं। हालांकि, चूंकि हर बैच से केवल दो ही प्रतिनिधि बुलाए गए थे, संघ की उपस्थिति को गौण माना गया और बैच प्रतिनिधियों को अधिक तवज्जो दी गई। मीटिंग की शुरुआत में जब अधिकारियों ने प्रतिनिधियों से कहा कि आप अपनी बात कह सकते हैं, तब सनाउल मुस्तफ़ा ने ठोस तर्क रखते हुए बताया। 16 फरवरी 2005 का शासनादेश हमारी नियुक्ति की आधारशिला है। 25 सितम्बर 2008 के शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्ति हेतु अलग विज्ञप्ति की आवश्यकता नहीं। साथ ही 22 फरवरी की विज्ञप्ति का भी हवाला दिया गया, जिसने अधिकारियों को पूरी तरह संतुष्ट किया। अंत में कहा कि आगे का फैसला अल्लाह के हाथ में है। आप सभी से दिल से दुआ की दरख्वास्त है कि ये संघर्ष कामयाब हो और हम सभी को न्याय मिले।

### डिप्लोमा इन फार्मेसी की काउन्सिलिंग अगले आदेश तक स्थगित

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ द्वारा पारित आदेश दिनांक 09 जुलाई 2025 के अनुपालन में वर्ष 2025 के लिए दिनांक 27 जून 2025 से प्रारंभ डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की काउन्सिलिंग प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निरस्त कर दिया गया है।सिंह ने बताया कि काउन्सिलिंग से संबंधित आगे की प्रक्रिया, पुनः प्रारंभ किये जाने की तिथि एवं दिशा-निर्देश यथासमय परिषद के पोर्टल पर प्रकाशित किये जायेंगे। साथ ही यह सूचनाएं विभिन्न समाचार-पत्रों के माध्यम से भी आमजन को उपलब्ध कराई जाएंगी।सचिव ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा केवल परिषद की आधिकारिक वेबसाइट अथवा प्रामाणिक समाचार स्रोतों के माध्यम से ही जानकारी प्राप्त करें।

# चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर का पर्यटन विभाग द्वारा 1.88 करोड़ रूपये से कराया गया जीर्णोद्धार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक चौक क्षेत्र में स्थित बड़ी काली जी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है। इस प्राचीन मंदिर का लोकार्पण आज शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस दौरान उप्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की भी गरिमामय उपस्थिति रही। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यह जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है, जिसका उद्देश्य न केवल धार्मिक स्थल का संरक्षण है, बल्कि इसे पर्यटन मानचित्र पर और अधिक प्रमुख स्थान दिलाना भी है। जीर्णोद्धार के तहत मंदिर परिसर में आवश्यक संरचनात्मक मरम्मत, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में विस्तार किया गया है।

लोकार्पण कार्यक्रम को लखनऊ के सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह हमारी विरासत, संस्कृति एवं संस्कार का संरक्षण है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 1.88 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की गई है। राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने विभिन्न निर्माण कार्य संपन्न कराए हैं।राजधानी लखनऊ के चौक वार्ड में स्थित बड़ी काली जी मंदिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। खासकर नवरात्रों के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी काली की पूजा करने उमड़ते हैं। इस मंदिर का इतिहास बहुत प्राचीन है। मंदिर की स्थापना 2400 साल पहले आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी।प्राचीन मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार, यहां एक कुंड में एकत्र जल से देवी काली का अभिषेक किया जाता है।इस जल से स्नान करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। यही आस्था हर वर्ष नवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं को यहां खींच लाती है। साल भर में लगभग एक लाख पर्यटक एवं श्रद्धालु इस पावन स्थल पर देवी के दर्शन हेतु पहुंचते हैं।

### सी.एम.एस. महानगर में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स प्रारम्भ

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा आयोजित दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.) का शुभारम्भ आज विद्यालय के सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि श्री पवन सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य, उ.प्र. ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत् उद्घाटन किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बंशीधर सिंह, डीन, फैकल्टी ऑफ लॉ, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं श्री फलित सिजारिया, इण्डिया हेड डेलीगेट, जी-20 यूथ समिट, ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। विदित हो कि इस मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का आयोजन 'ब्रिजिंग बार्डस, बिल्डिंग फ्यूचर्स' थीम पर आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से 12 व 13 जुलाई को सी.एम.एस. महानगर कैम्पस के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से पधारे 350 से अधिक छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।